सूर्योदय : 6:54
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 22
न्यूनतम : 8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-193 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 02 जनवरी 2026
12 रजब 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर होगा यूपी दिवस का आयोजन

■ मुख्यमंत्री योगी ने दिए भव्य समारोह आयोजित करने के निर्देश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश दिवस (24 से 26 जनवरी) की तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम को बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश दिवस का मुख्य आयोजन इस वर्ष लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जाए। नोएडा शिल्पग्राम गौतमबुद्ध नगर समेत इसका आयोजन सभी जनपदों, देश के अन्य राज्यों व उन देशों में भी भव्य रूप से हो, जहां बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के निवासी रहते हैं। साथ ही इन आयोजनों में सरदार वल्लभ भाई पटेल, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, वंदे मातरम्, आनंद मठ से जुड़ी नाट्य प्रस्तुतियों समेत अन्य कार्यक्रम किए जाएं।

सीएम योगी ने 12 जनवरी को युवा दिवस, 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी राष्ट्रीय पर्यटन दिवस/मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को भव्यता से मनाने के निर्देश दिए।

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश दिवस को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस पर ब्लॉक, नगर व जनपद स्तर पर गायन, वादन, नृत्य, नाट्य प्रतियोगिताएं कराई जाएं। यहां प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को मंडल स्तर पर मौका दिया जाए, फिर यहां तीन स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट कलाकारों को लखनऊ में होने वाले मुख्य समारोह में प्रस्तुति का अवसर दें और उन्हें पुरस्कृत करें।

सीएम योगी ने कहा कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, माटी कला बोर्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, चिकित्सकों, प्रगतिशील किसानों व वैज्ञानिकों का सम्मान किया जाए। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि जनपदों में होने वाले कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों, कवियों आदि को अवसर दें। इन प्रतिभाओं को मंच देने से वे प्रोत्साहित होंगे। सीएम ने कहा कि हर जनपद में मंत्रियों, निगम/बोर्ड के चेयरमैन, जनप्रतिनिधियों आदि को आमंत्रित किया जाए।

सीएम ने निर्देश दिया कि सभी विभागों के समन्वय के साथ ही भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, संगीत नाटक अकादमी, ललित कला अकादमी जैसे संस्थानों को उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि इससे यह आयोजन काफी भव्य और रोचक होगा। सीएम योगी ने कलाकारों द्वारा पुराने वाद्ययंत्रों के प्रयोग पर भी जोर दिया। सिविल डिफेंस की ओर से हर जनपद में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मॉकड्रिल का आयोजन किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि दिल्ली, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के प्रवासी नागरिक रहते हैं। इन राज्यों में भी उत्तर प्रदेश दिवस पर भव्य आयोजन कराया जाए। इसमें वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री व उत्तर प्रदेश से जुड़े लोगों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए। सीएम ने कहा कि अन्य राज्यों में रहने वाले उत्तर प्रदेश के जिन लोगों ने उद्यमिता, व्यापार, इनोवेशन, शिक्षा, कला, विज्ञान, प्रशासन आदि क्षेत्रों में अच्छा कार्य किया है। ऐसे तीन से पांच लोगों को सम्मानित भी किया जाए।

सीएम योगी ने कहा कि ओडीओपी उत्तर प्रदेश की पहचान है। उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन पर प्रदेश के सभी जीआई टैग उत्पादों तथा एक जिला-एक उत्पाद की शोकेसिंग भी की जाए। साथ ही विभागों की उपलब्धियों व योजनाओं की जानकारी भी प्रदर्शित की जाए। इस बार एक जिला-एक कुजीन पर भी फोकस किया जाए।

मुख्यमंत्री ने तीन जनवरी से प्रयागराज में शुरू होने जा रहे माघ मेले की तैयारियों की जानकारी ली। विगत दिनों प्रयागराज से आए अधिकारियों से उन्होंने वस्तुस्थिति की जानकारी ली। सीएम योगी ने माघ मेले में सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य व सुव्यवस्था पर जोर दिया। बोले कि वहां पार्किंग, शौचालय की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। सीसीटीवी से मेला क्षेत्र की निगरानी सुनिश्चित की जाए।

### जनता की समस्याओं को सुनें और निदान करें

सीएम ने मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक समेत सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव की भी बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से जनसुनवाई की जाए। अधिकारी जनता की समस्याएं सुनें और उनका निदान करें। सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में अच्छे अफसरों को तैनात किया जाए।

# डीआरडीओ के हथियारों ने ऑपरेशन सिंदूर में निभाई निर्णायक भूमिका : राजनाथ सिंह

■ रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के 68वें स्थापना दिवस पर बोले रक्षा मंत्री



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति संगठन की पेशेवर क्षमता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां डीआरडीओ मुख्यालय में 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस कर भारत की स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए संगठन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान डीआरडीओ के उपकरणों ने निर्बाध रूप से कार्य किया जिससे सैनिकों का मनोबल बढ़ा।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डीआरडीओ 'सुदर्शन चक्र' प्रणाली के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पहल के तहत डीआरडीओ को अगले एक दशक में देश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की पूर्ण हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वायु रक्षा प्रणाली से सुसज्जित करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा,÷ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु रक्षा प्रणाली के महत्व को हमने देखा है। मुझे विश्वास है कि डीआरडीओ इस लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगा।

राजनाथ सिंह ने निजी क्षेत्र के साथ डीआरडीओ के सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि उद्योग, शिक्षाजगत और स्टार्ट-अप के साथ बढ़ती सहभागिता से एक समन्वित रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ ने अपनी प्रणालियों, प्रक्रियाओं और कार्यशैली में निरंतर सुधार किया है। खरीद प्रक्रिया से लेकर परियोजना प्रबंधन तक, उद्योग के साथ जुड़ाव से लेकर स्टार्ट-अप के साथ सहयोग तक, कार्य को सरल, तेज और अधिक विश्वसनीय बनाने के स्पष्ट प्रयास दिखाई देते हैं।

### सुदर्शन चक्र पर जानकारी दी

रक्षा मंत्री ने भरोसा जताया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2025 को लाल किले से जो सुदर्शन चक्र बनाने की घोषणा की है, उसमें डीआरडीओ एक अहम भूमिका निभाएगा। इस योजना के तहत, डीआरडीओ की जिम्मेदारी है कि अगले दस सालों में हमारे महत्वपूर्ण ठिकानों को हवाई सुरक्षा प्रणाली से लैस किया जाए। इससे हमारे देश की हवाई सुरक्षा पूरी तरह से मजबूत हो जाएगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने आधुनिक युद्ध में हवाई सुरक्षा की अहमियत को देखा है। मुझे पूरा यकीन है कि डीआरडीओ इस लक्ष्य को जल्द हासिल करने के लिए पूरी लगन से काम करेगा।

# देश की जनता भारत को आर्थिक महाशक्ति मान रही

■ खरगे जी, आपके न मानने से कुछ नहीं होता : जेपी नड्डा



**नई दिल्ली।** बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आरोपों पर पलटवार किया है। नड्डा ने खरगे से सवाल करते हुए कहा है कि झूठ परोसने के अलावे कांग्रेस के पास और कोई काम नहीं है क्या? कांग्रेस मध्य प्रदेश हारी, छत्तीसगढ़ हारी, महाराष्ट्र हारी, दिल्ली और बिहार में आपका सूपड़ा साफ हो गया। नड्डा ने कहा कि खरगे जी, 2025 में जनता ने आपके हर झूठ को खारिज किया। इसके बावजूद आप झूठ की खेती करने से बाज नहीं आ रहे।

असल में, खरगे ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा था कि साल के आखिरी दिन ये याद दिलाना जरूरी है कि 2025, भाजपा के 11वें साल में देश कैसा चला है। नड्डा ने खरगे के सभी आरोपों का एक एक करके जवाब दिया। जेपी नड्डा ने एक्स पोस्ट करते हुए लिखा कि खरजे जी गजब है आपने मनरेगा पर झूठ बोला कि इसे खत्म कर दिया गया है और गरीबों के काम का अधिकार छीन लिया गया है जबकि सच्चाई यह है कि मनरेगा को वीबी जी राम जी के रूप में और व्यापक बनाया गया है, काम के दिनों को बढ़ा कर 125 किया गया है, 15 दिन में भुगतान सुनिश्चित किया गया है। वैसे भी जब संसद में इस पर चर्चा चल रही थी तो आपके 'नेता' इस चर्चा को छोड़ कर भारत विरोधी जॉर्ज सोरोस द्वारा फंडेड 'ग्लोबल प्रोग्रेसिव एलायंस' में भारत विरोधी लोगों से मिल रहे थे।

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा आपने (खरगे) फिर एसआईआर को लेकर झूठ बोला और कहा कि लोगों का वोटिंग का अधिकार छीना गया और भाजपा की वोट चोरी पकड़ी गई - खरगे जी, ये तो देश की जनता ने आपके झूठ को पकड़ा और अदालत में भी आपका झूठ खारिज हुआ।

# ज्ञानं विरक्तिरैश्वर्यं शौर्यं तेजो बलं स्मृति, पीएम ने श्लोक से दी नए साल की बधाई



**नई दिल्ली।** देश-दुनिया में नए साल का जश्न मनाया जा रहा है। तमाम लोग सोशल मीडिया के माध्यम से एक दूसरे को बधाई संदेश भेज रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक श्लोक के माध्यम से देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि 2026 की आप सभी को बहुत शुभकामनाएं। कामना करते हैं कि यह वर्ष हर किसी के लिए नई आशाएं और नया आत्मविश्वास लेकर आए। सभी को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दे। पीएम ने लिखा-

**ज्ञानं विरक्तिरैश्वर्यं शौर्यं तेजो बलं स्मृतिः। स्वातन्त्र्यं कौशलं कान्तिर्धैर्यं मार्दवमेव च॥**


इस श्लोक का अर्थ है ज्ञान, वैराग्य, धन, शौर्य, शक्ति, बल, स्मृति तथा स्वतंत्रता, कौशल, दीप्ति, धैर्य एवं कोमलता से युक्त होना ही जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। देशभर में नए साल पर लोग अपने-अपने अंदाज में खुशिया जाहिर कर रहे हैं।


बी पी स्काउट दल स्वतंत्र टांडा अंबेडकर नगर की तरफ से नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

सौजन्य से -
नौशाद अली सिद्दीकी
प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश।
मोहम्मद आरिफ खान
स्काउट मास्टर बी पी स्काउट दल स्वतंत्र।
बादल विश्वकर्मा
ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट टांडा।
कोनल गुप्ता
सहायक स्काउट मास्टर बी पी स्काउट दल स्वतंत्र।
अब्दुल कय्यूम
स्काउट मास्टर
सिराज अहमद स्काउट।
हर्षित गुप्ता , स्काउट।


# अरावली को नष्ट किया तो पीढ़ियों को भुगतना होगा खामियाजा

■ संघ प्रमुख मोहन भागवत की दो टूक



**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने अरावली पर्वतमाला का उदाहरण देते हुए कहा कि अरावली को नष्ट किया तो पीढ़ियों को इसका खामियाजा भुगतना होगा। स्पष्ट किया कि विकास जरूरी है, लेकिन वह प्रकृति को साथ लेकर ही टिकाऊ हो सकता है।

एम्स रायपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि दुनिया आज तक ऐसा विकास माडल नहीं बना पाई है, जिसमें पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हो सके। डॉ. भागवत ने कहा कि अरावली पहाड़ियां केवल पत्थरों का ढेर नहीं, बल्कि उत्तर भारत के पर्यावरण संतुलन की रीढ़ हैं। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन की जरूरत पर जोर दिया। कहा कि अब समय आ गया है कि प्रकृति और विकास को टकराव की जगह समानांतर रास्ते पर चलाया जाए। ऐसी योजनाएं बनाई जाएं जिससे प्राकृतिक संसाधनों को किसी तरह का नुकसान न हो और विकास भी होता रहे।

# इंदौर में दूषित पानी से हुई मौत पर अखिलेश का जोरदार हमला

■ नगर निगम को कई बार अवॉर्ड मिलने के बाद ये हालत



**लखनऊ।** पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नए साल के अवसर पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की है। इस मौके सपा दफ्तर पर बाटी चोखा का आयोजन किया गया। वहीं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इन्दौर में दूषित पानी की वजह से हुई मौतों पर कहा कि यह बहुत दुख की बात है। इंदौर नगर निगम को कई बार अवार्ड मिले हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आज अगर कोई मां गंगा का पानी पीता है, तो वो बीमार पड़ जाएगा। वहीं यूपी सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि पानी दूषित कैसे हुआ ये जांच का विषय है।


दरअसल मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी से 4 लोगों की मौत और 149 लोगों के बीमार पड़ने की सूचना मिल रही है। इस पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि हमने कई बार सुना है कि देश के कुछ शहरों को सफाई या उससे जुड़ी उपलब्धियों के लिए कई अवॉर्ड मिले हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर भी ऐसा ही एक शहर है, जहां नगर निगम को कई बार अवॉर्ड मिले हैं। फिर भी पीने के पानी की हालत इतनी खराब है कि जिसने भी वह पानी पिया, उसकी मौत हो गई और कई लोग बीमार हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि जब बीजेपी से इस बारे में सवाल किया गया, तो आप सोच भी नहीं सकते कि जवाब देने के बजाय उन्होंने कैसा व्यवहार किया। ये वही लोग हैं जिन्होंने कहा था कि वे मां गंगा को साफ करेंगे। सपा मुखिया ने कहा कि आज अगर कोई मां गंगा का पानी पीता है, तो वो बीमार पड़ जाएगा और अगर कोई दिल्ली में यमुना नदी में नहाता है, तो उसे खुजली हो जाएगी। तो हम ऐसे लोगों से क्या उम्मीद कर सकते हैं जो नदियों को साफ करने के बारे में झूठ बोलते हैं और जो अरावली पहाड़ियों को काटने के लिए तैयार हैं।

### पानी जहरीला कैसे हुआ यह जांच का मामला : राजभर

वहीं यूपी सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि यह एक दुखद घटना है और ऐसा नहीं होना चाहिए था। पानी जहरीला कैसे हुआ? यह अब जांच का मामला है। यह सच में बहुत दुखद घटना है। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि इंदौर के सभी विधायक बीजेपी के हैं, नगर निगम बीजेपी के पास है, सांसद बीजेपी के हैं, मध्य प्रदेश में सरकार बीजेपी की है, देश में सरकार बीजेपी की है। वहां के लोगों को बीजेपी जहरीला पानी दे रही है। यह क्षमा योग्य अपराध नहीं है।


विश्व मानव समाज को नव वर्ष (2026) की हार्दिक शुभकामनाएं
सबका जीवन पथ असीम मंगलमयता से परिपूर्ण हो।
नव वर्ष आप सबके चतुर्दिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करे।




सुरेश लाल श्रीवास्तव
प्रधानाचार्य
राजकीय हाई स्कूल
जहाँगीरगंज, अम्बेडकरनगर
उत्तर प्रदेश, 9415789969


**जानकारी** सजा पूरी कर चुके 167 भारतीय मछुआरों की रिहाई प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा

# भारत-पाकिस्तान ने जेलों में बंद कैदियों की सूची का किया आदान-प्रदान

■ पाकिस्तान ने 199 मछुआरों की जानकारी साझा की है जो भारतीय हैं



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों और मछुआरों की सूची का गुरुवार को आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि कैदियों की सूची का आदान-प्रदान वर्ष 2008 के द्विपक्षीय वाणिज्य दूतावास संपर्क समझौते के अंतर्गत नई दिल्ली और इस्लामाबाद में कूटनीतिक माध्यमों से किया गया। भारत ने उसकी जेलों में बंद 391 असैनिक कैदियों और 33 मछुआरों की जानकारी साझा की है। ये सभी पाकिस्तानी नागरिक हैं या माने जाते हैं। इसी प्रकार पाकिस्तान ने उसकी जेलों में बंद 58 असैनिक कैदियों और 199 मछुआरों की जानकारी साझा की है जो भारतीय नागरिक हैं या भारतीय माने जाते हैं।

भारत ने पाकिस्तान से उसकी जेलों में बंद असैनिक कैदियों और मछुआरों को उनकी नौकाओं सहित तथा लापता भारतीय रक्षा कर्मियों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी का आग्रह किया है। पाकिस्तान से यह भी अनुरोध किया गया है कि सजा पूरी कर चुके 167 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों की रिहाई और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। इसके अतिरिक्त पाकिस्तान से यह भी कहा गया है कि उसकी हिरासत में मौजूद 35 ऐसे नागरिक कैदियों और मछुआरों को जो भारतीय या भारतीय माने जाते हैं और जिन्हें अब तक कांसुलर सुविधा नहीं दी गई है उन्हें कांसुलर संपर्क प्रदान किया जाए।

भारत ने पाकिस्तान सरकार से यह सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया है कि रिहाई और भारत वापसी तक सभी भारतीय और भारतीय माने जाने वाले नागरिक कैदियों और मछुआरों की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए। भारत के प्रयासों के परिणाम स्वरूप वर्ष 2014 से अब तक पाकिस्तान से 2,661 भारतीय मछुआरों और 71 असैनिक कैदियों को स्वदेश लाया गया है। इसमें वर्ष 2023 से अब तक पाकिस्तान से स्वदेश लाए गये 500 भारतीय मछुआरे और 13 भारतीय असैनिक कैदी शामिल हैं।

### परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची भी शेयर की

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने गुरुवार को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस सूची में भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले के निषेध संबंधी समझौते के अंतर्गत शामिल प्रतिष्ठानों को शामिल किया जाता है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों ने पहली बार परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची साझा की है। दोनों देशों ने 31 दिसंबर 1988 को इस समझौते पर हस्ताक्षर किये थे और यह 27 जनवरी 1991 से लागू है। इसके अंतर्गत यह प्रावधान है कि भारत और पाकिस्तान प्रत्येक कैलेंडर वर्ष की पहली जनवरी को एक-दूसरे को उन परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की जानकारी देंगे जो इस समझौते के अंतर्गत आती हैं।

# तीन डिग्री पारे के साथ बाराबंकी रहा सबसे ठंडा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में नए साल पर दिन चढ़ने के साथ धूप खिली और गलन व ठंड से फौरी तौर पर राहत मिली। गुरुवार को 3 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ बाराबंकी प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। बीते कई दिनों से ठंड और घने कोहरे के लंबे सिलसिले के बाद खिली धूप से कई जिलों में दिन के तापमान में बढ़त दर्ज की गई। विक्षोभ के असर से आगरा और अलीगढ़ में छिटपुट बूंदाबांदी हुई।

मौसम विभाग का कहना है कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी तराई व दक्षिणी भाग में कुछ स्थानों को छोड़कर बाकी जगहों पर शुक्रवार से अगले दो दिनों तक कोहरे का प्रभाग कम होगा। हालांकि प्रदेश के पूर्वी तराई इलाकों कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोरखपुर में शुक्रवार के लिए घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के कई जिलों में सुबह के समय कोहरे की संभावना है। गोरखपुर में 4.4 डिग्री और हरदोई में 4.5 डिग्री सेल्सियस रात का तापमान दर्ज हुआ।


नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं




आलम चौधरी
प्रबंधक

मुस्लिमा खातून
प्रधानाचार्या

बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज-बस्ती (उत्तर प्रदेश)

# आमजन तक खबर पहुंचाने वाले समाचार पत्र वितरक समाज की आंख और कान हैं: दुर्गा शक्ति नागपाल

## ठंड, गर्मी और बारिश हर मौसम में बिना छुट्टी सुबह-सुबह अखबार पहुंचाना किसी चुनौती से कम नहीं

### वितरक सच्चे अर्थों में कर्मयोगी और समाज के सजग प्रहरी हैं

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नव वर्ष 2026 की पहली सुबह जनपद में एक साथ अनुशासन, संवेदना और सेवा की मिसाल बनकर सामने आई। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जहां कलेक्ट्रेट में दफ्तर-दफ्तर और पटल-पटल पहुंचकर अधिकारियों व कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं, वहीं जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर प्रशासन के मानवीय चेहरे को भी मजबूती से उभारा नववर्ष के पहले कार्यदिवस पर डीएम का आत्मीय अंदाज कलेक्ट्रेट में चर्चा का विषय रहा। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से सीधे संवाद कर बीते वर्ष के कार्यों की सराहना की और सभी को मिठाई खिलाकर नए साल की मिठास बांटी। उनके इस व्यवहार से पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह और अर्चना ओझा ने भी मिठाई वितरण में सहभागिता की। डीएम ने स्पष्ट किया कि अनुशासन, समर्पण और टीम भावना ही सुशासन की असली पहचान है



नववर्ष पर प्रशासन की दूसरी सशक्त तस्वीर कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में देखने को मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और डीएम की पहल पर आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में करीब 200 समाचार पत्र वितरकों, निराश्रित, असहाय गरीबों, दिव्यांगों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर राहत और मुस्कान साफ नजर आई। सभी को लंच पैकेट भी दिए गए। कार्यक्रम का सफल संयोजन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आमजन तक खबर पहुंचाने वाले समाचार पत्र वितरक समाज की आंख और कान हैं। ठंड, गर्मी और बारिश हर मौसम में बिना छुट्टी सुबह-सुबह अखबार पहुंचाना किसी चुनौती से कम नहीं। वितरक सच्चे अर्थों में कर्मयोगी और समाज के सजग प्रहरी हैं डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि कोई भी गरीब ठंड से परेशान न रहे। इसी क्रम में प्रशासन निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों, वृद्धजनों और समाचार पत्र वितरकों को सर्दी से राहत देने के लिए कंबल वितरित कर रहा है। उन्होंने स्वयं लाभार्थियों को कंबल ओढ़ाकर ठंड से बचाव की अपील की।

## वाहन फिटनेस सेंटरों में व्याप्त धांधली और वाहन स्वामियों से की जा रही अनावश्यक वसूली के विरोध में उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने बुलंद की आवाज

**लखीमपुर-खीरी।** वाहन फिटनेस सेंटरों में व्याप्त धांधली और वाहन स्वामियों से की जा रही अनावश्यक वसूली के विरोध में उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने आवाज बुलंद की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के आह्वान पर जिला उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राम मोहन सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रत्येक जिले में तीन-तीन वाहन फिटनेस सेंटर खोलने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा और बेहतर सेवा सुनिश्चित की जा सके। हालांकि, वर्तमान में अधिकांश जिलों में केवल एक ही फिटनेस सेंटर संचालित हो रहा है, जिससे वाहन स्वामियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है व्यापार मंडल ने आरोप लगाया कि एकमात्र फिटनेस सेंटर होने के कारण वाहन स्वामियों से मनमाने ढंग से शुल्क वसूला जा रहा है, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। व्यापारियों ने मांग की कि निजी फिटनेस सेंटरों के संचालन के बावजूद सरकारी फिटनेस सेंटरों को बंद न किया जाए और सभी सेंटरों की नियमित व प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि वाहन स्वामियों की समस्याओं के समाधान के लिए एक हेल्पलाइन नंबर अथवा ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जाए, जहां शिकायतें दर्ज कराई जा सकें। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में युवा प्रदेश मंत्री पटेल अशोक कनौजिया, जिला उपाध्यक्ष दिनेश मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी श्याम राजपूत, नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, तहसील अध्यक्ष सतीश वर्मा, नगर महामंत्री मुनेंद्र पाल सिंह, युवा अध्यक्ष निकेत राठी, नगर उपाध्यक्ष अजय वर्मा, तहसील उपाध्यक्ष बलबीर सिंह, नगर उपाध्यक्ष अतीक अहमद, श्रीपाल वर्मा, नगर मंत्री राम किशोर मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

## साल की सर्द सुबह के साथ शुरू हुआ नया साल

**लखीमपुर-खीरी।** शुरुआत साल की सबसे सर्द सुबह के साथ शुरू हुई। सर्दी ने इस कदर असर दिखाया कि न्यूनतम तापमान में करीब दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सुबह के समय पारा छह डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और करीब नौ बजे तक इसी निचले स्तर पर बना रहा। कड़ाके की सर्दी और गलन के कारण सुबह-सुबह सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग अलाव और गर्म कपड़ों के सहारे ठिठुरते नजर आए। नए साल के पहले दिन भी घना कोहरा और गलन की मार रहने के आसार हैं। गुरुवार को दोपहर में हल्की धूप निकल सकती है मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर सर्द हवाएं चलती रहीं, जिससे सर्दी का असर और बढ़ गया। दोपहर करीब दो बजे हल्की धूप जरूर खिली, लेकिन यह राहत ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। शाम ढलते ही एक बार फिर सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया और गलन बढ़ गई। सर्दी और कोहरे का असर जनजीवन पर साफ दिखाई दिया। सुबह के समय दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और मजदूरों को खासा परेशान होना पड़ा।

## राठौर ने कृभको के नए राज्य प्रबंधक



सहारनपुर। कृषक भारती को-ऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) ने अपने संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करते हुए ऋषिपाल सिंह राठौर को उत्तर प्रदेश का राज्य प्रबंधक नियुक्त किया है। गौरतलब है कि ऋषि पाल सिंह राठौर जिला सहारनपुर के ग्राम सांपला बेगमपुर के एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते है, जिन्होंने स्नातकोत्तर कृषि कर 1996 में कृभको संस्था में योगदान कर पंजाब, हरियाणा प्रदेश के कई पदों पर कार्य कर पश्चिम बंगाल में राज्य विपणन प्रबंधक के पद पर रहते हुए आज कृभको उत्तर प्रदेश में राज्य प्रबंधक का कार्यभार लखनऊ कार्यालय में संभाला है। ऋषिपाल सिंह राठौर को विपणन क्षेत्र में 30 वर्षों का प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय अनुभव प्राप्त है। कृभको प्रबंधन ने इस अवसर पर आशा व्यक्त की कि ऋषिपाल सिंह राठौर के अनुभव एवं दक्षता से संगठन के उद्देश्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

## हर्षोल्लास के साथ किया नववर्ष का लायंस क्लब मयूर ने स्वागत

**सहारनपुर।** लायंस क्लब सहारनपुर मयूर के नववर्ष कार्यक्रम में पदाधिकारियों व सदस्यों ने नृत्य करते हुए नववर्ष का स्वागत किया।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल के परिसर में अध्यक्ष राजीव सचदेवा, सचिव गोपाल मक्कड़ के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। इसके बाद क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यो ने तम्बोला खेलने के साथ ही डांस किया तथा एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर नववर्ष का भव्य स्वागत किया। इससे पूर्व मानव मंदिर में सुबह के समय वृद्धों को भोजन कराया गया तथा कस्तूरबा विद्यालय मे रजाई व कवर वितरित किए गए। इस अवसर पर सचिव गोपाल मक्कड़, अनुज जैन, सुशील सूरी समेत कई पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।

## पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब समेत एक तस्कर दबोचा

**सहारनपुर।** थाना नकुड पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना नकुड़ प्रभारी सुभाष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान ग्राम चढाव जिन्दा हसन के आम के बाग के पास से एक शातिर आरोपी दानिश पुत्र शमीम निवासी मौ. सराय थाना गंगोह को 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना नकुड पर धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

## अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन गिरफ्तार, अवैध असलहा बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस द्वारा तीन लोगों को नाजायज असलहा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से चलाए जा रहे अभियान के तहत बृहस्पतिवार को थाना जरीफ नगर पुलिस द्वारा कय्यूम पुत्र अहमद कुरैशी को गिरफ्तार किया गया है पुलिस का कहना है कि इसके कब्जे से नाजायज तमंचा तथा कारतूस बरामद हुए हैं। वहीं थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा मनीष पुत्र छोटे निवासी मीरासराय को गिरफ्तार किया गया है पुलिस के अनुसार इसके कब्जे से अवैध तमंचा तथा कारतूस बरामद हुए हैं।गिरफ्तार अभियुक्तों का पुलिस द्वारा लंबा अपराधिक इतिहास बताया गया है।इधर थाना कादर चौक पुलिस द्वारा अभियुक्त विजय पुत्र सुधीर निवासी ग्राम लाभारी को अवैध असलाह सहित गिरफ्तार करने की जानकारी दी गई है। गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई है।

## नए साल 2026 के स्वागत को लेकर शहर में उत्साह का माहौल

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** नए साल 2026 के स्वागत को लेकर बुधवार की शाम से ही शहर में उत्साह का माहौल बन गया। सबसे अधिक उमंग बच्चों और युवाओं में देखने को मिली। युवाओं ने नए साल के स्वागत के लिए रेस्टोरेंट और होटलों में पहले से ही बुकिंग करा ली थी। शहर के कई होटलों और रेस्टोरेंट में विशेष आयोजन किए गए। शाम होते ही गीत-संगीत और नृत्य का दौर शुरू हो गया और लोग अपने-अपने तरीके से नए साल के आगमन का जश्न मनाते नजर आए। साल 2025 की विदाई और नए साल 2026 के स्वागत को लेकर दिनभर तैयारियों का माहौल बना रहा सुबह से ही युवा वर्ग तैयारियों में जुटा रहा। होटल और रेस्टोरेंट संचालकों ने नए साल को लेकर आकर्षक सजावट की थी। बुधवार शाम होते ही लोग परिवार और मित्रों के साथ आयोजनों में पहुंचने लगे। वहीं कई परिवारों ने देर रात होते ही घरों में ही केक काटकर और साथ बैठकर नए साल के स्वागत की शुरुआत की। बेकरी की दुकानों पर भी नए साल के जश्न की रौनक दिखी। युवाओं ने खासतौर पर एडवांस ऑर्डर देकर केक बुक करवाए। बेकरी के मालिकों के अनुसार, चॉकलेट, फ्रूट और कस्टमाइज्ड केक की सबसे अधिक मांग रही। लोगों ने जश्न को खास बनाने के लिए डिजाइनर केक पसंद किए। शहर के रेस्तरां और होटलों में भी नए साल के जश्न के लिए एडवांस बुकिंग की गई। होटल और रेस्तरां मालिकों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए खास ऑफर दिए। कई रेस्तरां में सीट बुकिंग पर सेलिब्रेशन के लिए केक गिफ्ट किए गए। रेस्तरां मालिकों ने बताया कि नए साल की पार्टी के लिए विशेष मेन्यू तैयार किया गया है। कई जगहों पर लाइव म्यूजिक और डांस फ्लोर की व्यवस्था भी की गई है। ताकि लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ नए साल का स्वागत यादगार बना सकें साल के स्वागत को लेकर शहर के बाजारों में भी खास रौनक दिखाई दी। दुकानदारों ने ग्राहकों की मांग को देखते हुए विशेष तैयारी की है। केक की दुकानों पर मनपसंद फ्लेवर के केक की मांग बढ़ गई है और लोगों ने पहले से ही ऑर्डर देकर केक बुक करा लिए हैं। देर शाम तक दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। हैप्पी न्यू ईयर लिखे केक के साथ ही नए-नए आकर्षक डिजाइन के केक की जमकर ऑर्डर हुए। दुकानदारों ने बताया कि इस बार कई युवा तो मोबाइल पर केक डिजाइन लेकर केक का ऑर्डर देने आए। गुलाब की बढ़ी मांग, बढ़े दाम नए साल के मौके पर फूल बाजार में गुलाब की मांग तेजी से बढ़ गई। शहर की संकटा देवी स्थित फूल बाजार में शाम होते ही लोगों की भीड़ दिखाई दी।

वहीं बीते दो दिनों में गुलाब की कीमत 20 रुपये से बढ़कर 40 रुपये प्रति पीस तक पहुंच गई है। फूल दुकानदारों ने बताया कि देसी गुलाब की के साथ ही लोग विदेशी गुलाब की मांग भी कर रहे है। दुकानदारों ने बताया कि खासकर सफेद और पीले गुलाब लोग पसंद कर रहे हैं। नए साल की तैयारी में गिफ्ट की दुकानों पर युवाओं का जमावड़ा -नए साल की तैयारियों के बीच शहर की गिफ्ट और सजावटी सामान की दुकानों पर युवाओं का जमावड़ा देखने को मिला।

## कांग्रेसियों में ग्रामीणों के साथ मिलकर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार कांग्रेसियों द्वारा उझानी के कई गांवों में उझानी पालिका की ओर से आने वाले गंदे पानी को लेकर विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा गया है।

बृहस्पतिवार को कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसी एकत्रित हुए थे।कांग्रेसियों द्वारा ग्रामवासियों के साथ मिलकर उझानी स्थित ग्राम मीरा नगला, रामलीला नगला एवं नरऊं में पालिका के गंदे पानी को लेकर विरोध जताया गया तथा जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।इस अवसर पर ओमकार सिंह ने कहा कि उझानी नगर पालिका परिषद द्वारा ग्राम मीरा नगला, रामलीला नगला ग्रामवासियों की लगभग 115 बीघा एवं नरऊं निवासी कमल प्रताप सिंह की लगभग 35 बीघा खेतों में शहर का गंदा पानी प्रभावित कर वर्षों से ग्रामवासियों के खेतों का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों की फसलों का उत्पादन बिल्कुल नहीं हो रहा है एवं लगभग 150 बीघा जमीन अभी भी पालिक,शहर उझानी के पानी निष्कासन में उपयोग कर रही है।इस अवसर पर सुरेश सिंह राठौर एवं मुन्ना लाल सागर ने मांग करते हुए कहा ग्रामवासियों की उपयोग भूमि को कम से कम 5000 रुपए प्रति बीघा सालाना किराया नगर पालिका परिषद उझानी दे अथवा उक्त भूमि से पानी बंद करें पूर्व में जो जमीन उपयोग की है उसका किराया ग्रामवासियों को दे।

इस मौके पर जिला महासचिव इखलास हुसैन, शाहरजां, शहर उपाध्यक्ष अकिल अहमद, पूर्व नगर अध्यक्ष कासिम अली, योगेन्द्र सोलंकी, कमलप्रताप सिंह, राजाराम, शैलेन्द्र कुमार, गजेन्द्र, ओमेंद्र, छोटे लाल, नागेन्द्र, रामपाल, मोतीलाल, विकास, सुमित, मोनू, रवेंद्र, रक्षपाल, पतिराम, धीरपाल सिंह बलवीर सिंह, फकीर, सोलंकी, दीपक आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया निर्माणाधीन पर्यटन विकास की विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण

- निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामग्री एवं फिनिशिंग कार्य में हो उच्च गुणवत्ता
- मानकों के अनुसार ससमय परियोजनाओं को किया जाए पूर्ण
- पदयात्रा मार्ग पर जल निकासी की हो समुचित व्यवस्था





*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सिद्धपीठ माँ शाकंभरी देवी धाम क्षेत्र में निर्माणाधीन पर्यटन विकास की विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को मानको के अनुरूप समय से परियोजना को पूर्ण करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ शाकम्भरी देवी शक्तिपीठ में टीएफसी, पार्किंग, लैण्डस्केपिंग, फुटपाथ, म्यूरल, स्कल्पचर्स, वाटर फाउंटेन, बाउंड्री वाल, टायलेट ब्लाक एवं शोविनयर शाप का निर्माण कार्य, पदयात्रा मार्ग का सुदृढ़ीकरण एवं पर्यटन सुविधाओं का विकास कार्य, साइनेज की स्थापना का कार्य, प्रकाश व्यवस्था के कार्य, प्रवेश द्वार कांप्लेक्स का निर्माण कार्य, ओपन एयर थियेटर का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था यू.पी. सी एंड डी एस को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामग्री उच्च गुणवत्ता की हो तथा निर्माण कार्य फिनिशिंग के साथ संपन्न हों।

मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन सोवेनियर शॉप के पास पार्किंग सुनिश्चित की जाए। प्रवेशद्वार काम्प्लेक्स के समीप निर्माणाधीन टी एफ सी, ओपन एयर थिएटर तथा बहु स्तरीय कार पार्किंग के निर्माण में उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का प्रयोग करते हुए मानकों के अनुसार ससमय परियोजनाओं को पूर्ण किया जाए।

जिलाधिकारी द्वारा निर्माण स्थल पर कार्यदायी संस्था की अस्थाई लैब में निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही निर्माण सामग्री का परीक्षण भी किया गया। पदयात्रा मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के संबंध में निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पदयात्रा मार्ग पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था हो ताकि जलभराव ना हो। कार्य को आगामी फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रवि शंकर सहित संबंधित अधिकारीगण एवं कार्यदायी संस्था के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ किया नववर्ष का स्वागत



**सहारनपुर।** डिवाइन एंजेल कॉन्वेंट स्कूल में नववर्ष के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया।

स्थानीय बेरीबाग में गुरुजी ग्रुप ऑफ एजुकेशन की इकाई डिवाइन एंजेल कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर विधायक राजीव गुबंर ने फीता काटकर किया। नगर विधायक राजीव गुम्बर, सीनियर सिटिज़न्स वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक केएल अरोड़ा, महामण्डलेश्वर अनिल कोदंड महाराज व प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौहान ने विद्यालय द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार प्रदान करने भी सराहना की और इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। प्रबंध समिति की ओर से मदन लाल अरोड़ा, सतीश चंद जायसवाल, हुकुम चंद जायसवाल, आशुतोष जायसवाल, मोनिका हांडा, शालू हांडा ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## शिविर में किया 225 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान

### रक्तदान एक महत्वपूर्ण जीवनदायी कार्य: चांदना

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 225 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

स्थानीय देहरादून रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ निरंकारी राजपिता के पिता राकेश चाँदना ने किया। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही सकारात्मक और समाजसेवी गतिविधि है, रक्तदान एक महत्वपूर्ण और जीवनदायी कार्य है जो कई लोगों की जीवन बचाने में मदद करता है। उन्होंने



कहा कि संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के प्रयास से रक्तदान शिविरों से जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध होता है और लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि सद्गुरु ने हमें आत्म मंथन करने को दिया है। सतगुरु हमें हर पल हर घड़ी प्यार का पाठ पढ़ा रहा है। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 225 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसमें एस.बी.डी. जिला चिकित्सालय के रक्त केंद्र में दिया गया। ब्रांच संयोजक हरबंस लाल जुनेजा ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुम्बर, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, क्षेत्रीय संचालक रजनीश कुमार, गुलशन कुमार गुलाटी, मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र अनमोल, प्रचारक मनमोहन कृष्ण आदि मौजूद रहे।

## श्री साई सिद्ध पीठ में हर्षोल्लास के साथ मनाया नववर्ष उत्सव

सहारनपुर। श्री साई सिद्ध पीठ मन्दिर में नव वर्ष उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय बेहट रोड़ स्थित श्री साई सिद्ध पीठ मन्दिर में प्रातः 21 सुगंधित द्रव्यो से बाबा का स्नान किया गया, उसके पश्चात बाबा को सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित कर धूनी पूजन किया गया। तत्पश्चात आयोजित साई भजन संध्या में हजारों भक्त बाबा के भजनों पर झूम उठे। श्री साई सिद्ध पीठ मंदिर के ट्रस्टी विनीत कर्णवाल, अल्का कर्णवाल ने बताया कि साई मंदिर प्रांगण में श्री महाकाल, श्री पंचमुखी हनुमान एवं श्री खाटू श्याम की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा शीघ्र ही करायी जायेगी। इस अवसर पर महापौर डॉ.अजय सिंह, राजीव शर्मा, राजीव सेतिया, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व महापौर संजीव वालिया ने बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आसू जैन, डॉ.आर.के. शर्मा, ललित अग्रवाल, सुनील गोयल, सचिन पुरी, चनिक अरोड़ा, कर्मवीर सिंह, देवांश जैन, अमन गुप्ता, सुनील अरोड़ा, टोनी राणा, अजय जैन राजवीर सैनी आदि भक्त मौजूद रहे।

## बाला जी महाराज के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नतें



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम में नव वर्ष के आगमन पर हजारों श्रद्धालुओं ने श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर मन्नतें मांगी। बेहट रोड स्थित श्री बालाजी धाम के संस्थापक अतुल जोशी महाराज के सानिध्य में भक्तों ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ कर बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। नववर्ष के प्रथम दिन महापौर डॉक्टर अजय सिंह, पार्षद मयंक गर्ग, पूर्व महानगर अध्यक्ष भाजपा राकेश जैन, पार्षद मुकेश गक्खड़, पार्षद अभिषेक टिंकू, पार्षद गौरव कपिल व नगर निगम के कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने भी बालाजी महाराज के दर्शन किए। कार्यक्रम में भक्तो द्वारा भजनों के माध्यम से बालाजी महाराज का गुणगान किया गया। इस अवसर पर अतुल जोशी महाराज ने कहा कि वैसे तो सनातन सभ्यता का नव वर्ष चैत्र नवरात्रि से प्रारम्भ होता है, परंतु पूर्ण विश्व मे सर्वप्रचलित होने के कारण 1 जनवरी को भी नव वर्ष मनाया जाता है। आज हम सबको आगामी वर्ष में एक शुद्ध संकल्प लेकर आगे बढ़ना चाहिए। जिससे हम अपने परिवार और समाज की सेवा कर सकें।

# जिलाधिकारी ने यातायात जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



❍ प्रचार वाहन जिले के शहरी व ग्रामीण अंचलों में जाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन किए जाने के लिए करेगा जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** 1 जनवरी 2026 से पूरे माह तक सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आम जन लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किए जाने को लेकर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने गुरूवार को यातायात जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर डीएम को यातायात नियमों का अनुपाल करने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया साथ अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

जिलाधिकारी आवास से डीएम ने यातायात जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन जिले के शहरी व ग्रामीण अंचलों में जाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन किए जाने के लिए जागरूक करेगा। इस मौके पर जिलाधिकारी ने आमजन को संबोधित करते कहा कि यातायात नियम वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए है, जिससे वह स्वयं और दूसरों को दुर्घटनाओं से बचा सके।

इस मौके पर एआरटीओ दयाशंकर, क्षेत्राधिकारी यातायात प्रभारी तेजसिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचन्द्र यादव, बेसिक शिक्षाधिकारी राहुल मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद अवधेश कुमार, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार, उप यातायात निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, राजेन्द्र कुमार सोनीख्, अल्ताफ, हुसेन रामजी, शिवकुमार गोस्वामी सहित तमाम अधिकारी, कर्मचारी व गणमानय नागरिक मौजूद रहे।

# जनवरी माह सड़क सुरक्षा के लिए जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जाएगा



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** वाराणसी जनपद में यातायात पुलिस लाइन स्थित कमिश्नरेट सभागार में परिवहन विभाग द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के अध्यक्षता सत्येंद्र कुमार, (जिला अधिकारी) वाराणसी द्वारा की गई और विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवहरी मीणा,(अपर पुलिस आयुक्त),(कानून एवं व्यवस्था) उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम में प्रवीण कुमार यादव,पुलिस उपायुक्त,ट्रैफिक, वाराणसी के साथ-साथ मनोज प्रसाद वर्मा,सुधांशु रंजन, एआरटीओ के साथ-साथ यात्री कर अधिकारी अखिलेश पाण्डेय व संभागीय निरीक्षक प्रमेन्द्र संतस भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एआरटीओ द्वारा पूरे माह चलाये जाने वाले सड़क

❍ छोटे बच्चों को वाहन चलाने ना दे : जिलाधिकारी

सुरक्षा कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला।इस बैठक में 1 जनवरी 25 से लेकर 31 जनवरी 26 तक का कार्यकाल रिकॉर्ड देखा गया। इस अवसर पर डीएम सत्येंद्र कुमार द्वारा वाराणसी में प्रतिवर्ष लगभग 325 मौत होने पर चिंता व्यक्त की गई। जिलाधिकारी द्वारा कम उम्र के बच्चों के दुपहिया वाहन चलाने पर चिंता व्यक्ति की गई। कार्यक्रम के पश्चात सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन को अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस सड़क सुरक्षा माह में परिवहन विभाग द्वारा समाज के सभी वर्गो एवं सड़क उपयोगकर्ताओं के साथ विद्यार्थियों को भी जागरूक करने के विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे।

# श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य की 726वीं प्राकट्य महोत्सव पर श्रीराम कथा का आयोजन, मुख्य अतिथि होंगे सीएम

❍ प्राकट्य दिवस 10 जनवरी को अस्सी घाट से निकलेगी भव्य शोभायात्रा, काशी के संत समाज होंगे शामिल

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य की 726वीं प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर श्री रामानंद विश्व हितकारिणी परिषद एवं श्री वैष्णव विरक्त संत समाज,काशी के संयुक्त तत्वावधान में नवदिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 2 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक दोपहर 1:00 से सायं 4:00 बजे तक श्रीराम मंदिर गुरुधाम वाराणसी में किया जाएगा। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे।

श्रीराम कथा के कथावाचक श्रीमद् जगतगुरु काशी पीठाधीश्वर स्वामी डॉ.राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज होंगे। इस अवसर पर संत सम्मेलन,विद्वत सम्मेलन,कवि सम्मेलन तथा संस्कृत छात्रों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी विशिष्ट कार्यक्रम होंगे। यह जानकारी श्री रामानंदाचार्य विश्व हितकारिणी परिषद के अध्यक्ष व कथावाचक श्रीमद् जगतगुरु काशी पीठाधीश्वर स्वामी डॉक्टर राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने गुरुवार को श्रीराम मंदिर गुरुधाम में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्र प्रतिनिधियों से बातचीत में दी। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य की प्राकट्य दिवस पर आगामी 10 जनवरी 2026 को अस्सी घाट से प्रातः 8ः00 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो अस्सी, लंका, संकटमोचन, दुर्गाकुंड, खोजवां, गुरुधाम चौराहा होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंचेगी। गाजा बाजा के साथ बग्गी पर सवार शोभायात्रा में काशी के संत समाज सहित काफी संख्या में श्रद्धालु एवं महिलाएं कलश लिए चलेंगी। श्रीराम मंदिर पहुंचने पर वहां वृहद संत सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें विशिष्ट धर्माचार्यो द्वारा जगद्गुरु रामानंदाचार्य के व्यापक प्रभाव पर विचार व्यक्त किए जायेंगे।

# खाटू श्याम का गीत गाकर मनाया गया नववर्ष 2026



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** पाश्चात्य संगीत से हटकर नव वर्ष कि पूर्व संध्या पर 31 दिसम्बर 25 को नुआव डाफी स्थिति काशी पैलेस मे भव्य श्री खाटू श्याम जी का भजन संध्या का भव्य रूप से आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर डॉ0 अनूप कुमार जायसवाल निर्देशक (शिव रूद्राक्ष अनुसंधान केंद्र) ने बताया कि,2026 के प्रथम आगमन पर लोग नववर्ष को अलग-अलग तरीके से मना रहे हैं वही हमारा संस्था शिव रूद्राक्ष अनुसंधान केंद्र एवं काशी पैलेस रिजॉर्ट में श्री खाटू श्याम के भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

इस कार्यक्रम के संयोजिका श्रीमती लता मामनानी जी है। इसके अलावा काशी व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी पहुंचे हैं। विशिष्ट अतिथि महेंद्र जयसवाल राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केसरी जी है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बुराइयों से दूर प्रत्येक मनुष्य आध्यात्मिक और सनातन संस्कृतियों से लगाओ को बढ़ावा देना है। वही लता मनमानी ने कहा कि,मैं अहमदाबाद से आकर शिव रूद्राक्ष अनुसंधान से जुड़ी हूं। यहां का वातावरण और श्री अनूप जी का मार्गदर्शन पर लोगों को हिंदुत्व से जोड़ने का काम कर रही हूं।

# संगठन ने जो दायित्व सौंपा है, समर्पित भाव से निर्वहन करूंगा : जिलाध्यक्ष

❍ ग्रापए के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी की जयंती एवं नववर्ष मिलन समारोह किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल जी की जयंती एवं नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन रघुनाथ धाम, जैतपुर मेला मैदान में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संचालक सुशील अरजरिया द्वारा बाबू बालेश्वर लाल जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने उनके जीवन और संघर्ष को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान ने स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारों को संगठन के प्रति निष्ठावान रहते हुए उसके विस्तार के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष जमाल अहमद कादरी ने अपने संबोधन में बाबूजी के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। इसके उपरांत मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान द्वारा जिला एवं तहसील कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसे उपस्थित सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने करतल ध्वनि के साथ सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। घोषित कार्यकारिणी का वाचन जिला महामंत्री अनिल सेन द्वारा किया गया।

घोषित जिला कार्यकारिणी में देवेन्द्र अरजरिया को जिला अध्यक्ष, हरि दर्शन नायक, चांद बाबू मंसूरी एवं रामगोपाल अग्रवाल को उपाध्यक्ष, तथा हरि सिंह राजपूत व अनिल बाबू को महामंत्री चुना गया। कुलपहाड़ तहसील से अजय अग्रवाल तहसील अध्यक्ष, मुजीब खान महामंत्री एवं अशोक अग्रवाल उपाध्यक्ष बनाए गए।

महोबा तहसील से इफ्तखार अली तहसील अध्यक्ष, हनुमान शुक्ला उपाध्यक्ष और राकेश पटेरिया महामंत्री चुने गए। चरखारी तहसील से विनायक लक्ष्यकार तहसील अध्यक्ष, शिवनारायण गुप्ता उपाध्यक्ष एवं कृष्णकांत तिवारी महामंत्री निर्वाचित हुए। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देवेन्द्र अरजरिया ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के निर्देशानुसार जनपद महोबा में संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया, जिसमें 107 नए सदस्यों को जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो दायित्व उन्हें सौंपा है, उस पर वे शत-प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे और सभी सदस्यों को साथ लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सक्रिय सदस्यों को सम्मानित किया गया। पनवाड़ी से चांद बाबू, कुलपहाड़ से इलियास, महोबा से इफ्तिखार अली, चरखारी से विनायक लक्ष्यकार एवं जैतपुर से हरि सिंह राजपूत को मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी सदस्यों को सदस्यता कार्ड वितरित किए गए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य पूर्ण किए जाने हेतु बैठक आयोजित की गई



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाने हेतु न्याय पंचायत स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त नोडल अधिकारी अपने-अपने न्याय पंचायत अंतर्गत सभी ग्रामों में तैनात कर्मियों के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के समस्त पात्र लाभार्थियों की शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए प्रत्येक कार्मिक का लक्ष्य निर्धारित करते हुए उसके सापेक्ष प्रतिदिन की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराई गई विभिन्न सूचियों के सापेक्ष ऐसे किसानों की सूची तैयार की जाए, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री आईडी विभिन्न कारणों से नहीं बन पा रही है। उक्त सूची संबंधित ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान से प्रमाणित कराकर खंड विकास अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने अभियान चलाकर एक सप्ताह के भीतर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), जिला विकास अधिकारी, उप निदेशक कृषि सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की पीआरवी 112 की चार नई गाड़ियां

❍ नये वाहनों के शामिल होने से डायल-112 सेवा का रिस्पांस टाइम घटेगा तथा पीड़ितों को तत्काल मिल सकेगी पुलिस सहायता

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, आपातकालीन सेवा डायल-112 की ओर से जनपद महोबा को प्राप्त चार नये पीआरवी वाहनों को 01 जनवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जनपद को प्राप्त नये चार-पहिया वाहन (स्कार्पियो) कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आपातकालीन पुलिस सेवा को और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नये वाहनों के शामिल होने से डायल-112 सेवा का रिस्पांस टाइम घटेगा तथा पीड़ितों को तत्काल पुलिस सहायता मिल सकेगी।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पीआरवी वाहनों में नियुक्त पुलिस कर्मियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें आपातकालीन सेवा डायल-112 की महत्ता से अवगत कराया गया तथा प्रत्येक प्राप्त सूचना पर त्वरित रिस्पांस देते हुए तत्काल प्रभावी कार्यवाही करने के लिए ब्रीफ किया गया।

ध्यातव्य रहे कि मुख्यालय 112 से जनपद महोबा को कुल 18 पीआरवी वाहन प्राप्त हुये थे जिनमें से 14 वाहनों को पूर्व में जनपद के थानों पर रवाना किया जा चुका है। इस तरह वर्तमान में जनपद महोबा में कुल 32 पीआरवी वाहन आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में संचालित है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल 112 वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय तेज प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर श्री अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय-112 गौरव उपाध्याय, प्रभारी 112 विषयदेव बुन्देला, पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री राहुल मिश्रा, प्रभारी परिवहन शाखा श्री भानु प्रकाश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नववर्ष-2026

**अवधनामा संवाददाता, सोनभद्र/ बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना के प्रशासनिक भवन एवं सर्विस बिल्डिंग स्टेज-1 में नववर्ष 2026 का स्वागत उत्साहपूर्वक केक काटकर किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (रिहंद) अनिल श्रीवास्तव ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के लिए उपलब्धियों से भरा रहा है और सभी के सामूहिक प्रयासों से परियोजना ने निरंतर प्रगति की है।

अपने संबोधन में श्रीवास्तव ने यह भी उल्लेख किया कि विद्युत उत्पादन के परंपरागत क्षेत्रों के साथ-साथ एनटीपीसी हरित एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2030 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में त्रिवेणी एवं कल्याण केंद्र में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नववर्ष का स्वागत किया गया।

# शंकराचार्य जी के कर-कमलों से गुरुकुल सिखाता है पुस्तक का विमोचन सम्पन्न



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** वाराणसी में आज साल के प्रथम दिन आयोजन हुआ शङ्कराचार्य सम्मान। कार्यक्रम के दौरान ज्योतिष्पीठ के जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती जी महाराज ने गुरुकुल सिखाता है-कम संसाधनों में जीवन निर्वाह नामक पुस्तक का विमोचन किया।इस ज्ञानवर्धक पुस्तक का संकलन उनके नैष्ठिक ब्रह्मचारी शिष्य श्री प्रभुतानंद ब्रह्मचारी जी द्वारा किया गया है।

पुस्तक का मुख्य उद्देश्य आधुनिक समाज को यह बताना है।कि कैसे प्राचीन गुरुकुल पद्धति के माध्यम से व्यक्ति न्यूनतम संसाधनों में भी श्रेष्ठ और अनुशासित जीवन जी सकता है।विमोचन के अवसर पर आशीर्वचन देते हुए शङ्कराचार्य जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान उपभोक्तावादी संस्कृति में यह पुस्तक नई पीढ़ी को सादगी और संयम का मार्ग दिखाएगी। महाराज जी ने प्रभूतानन्द ब्रह्मचारी जी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गुरुकुलों का जीवन दर्शन ही वास्तविक आत्मनिर्भरता की नींव है। पुस्तक में गुरुकुलों के उन सिद्धान्तों का वर्णन है जो सिखाते हैं कि कम से कम संसाधनों में भी मनुष्य कैसे मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त कर सकता है।इस अवसर पर विभिन्न पूज्य सन्तगण और वैदिक गुरुकुलम् के बटुक भारी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस सङ्कलन को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संजय पांडे ने दी।

# संयुक्त आयुक्त उद्योग, वाराणसी बनाए जाने पर मोहन कुमार शर्मा को बधाई



**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी।** वाराणसी मंडल के मोहन कुमार शर्मा को संयुक्त आयुक्त उद्योग वाराणसी मण्डल के पद पर नियुक्त किए जाने पर लघु उद्योग भारती संगठन से जुड़े उद्यमियों द्वारा उन्हें हार्दिक बधाई दी गई। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव राजेश कुमार सिंह ने नव नियुक्त संयुक्त आयुक्त उद्योग मोहन कुमार शर्मा को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं तथा नववर्ष 2026 की भी बधाई दी। श्री सिंह ने कहा कि, उपायुक्त उद्योग के पद पर रहते हुए मोहन जी ने अपने लगभग चार वर्षो के कार्यकाल में वाराणसी के उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया। उनका सहयोग एवं मार्गदर्शन सदैव लघु उद्योग भारती संगठन से जुड़े उद्यमियों को प्राप्त होता रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संयुक्त आयुक्त उद्योग, वाराणसी मण्डल के रूप में नियुक्ति के बाद वाराणसी, गाजीपुर,चंदौली एवं जौनपुर जनपदों के उद्यमियों को भी उनका पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

# अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मेला रामनगरिया का स्थलीय निरीक्षण किया गया



**अवधनामा संवाददाता, फर्रुखाबाद।** अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना कादरीगेट क्षेत्रांतर्गत पांचाल घाट पर आयोजित मेला श्री रामनगरिया का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## विधायक खेल महाकुंभ के आठवें दिन भिड़ी दस टीमें

**अवधनामा ब्यूरो, सोनभद्र।** विधायक खेल महाकुंभ के आठवें दिन गुरुवार को रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित हाइडिल मैदान में 10 टीमों के बीच कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल नई ऊर्जा का स्रोत है नव वर्ष में समस्त जन्म नई ऊर्जा का संचार अपने अंदर ग्रहण करें और जन कल्याणकारी कार्यो में अपने को लिप्त रखें। विधायक खेल महाकुंभ 2025.26 के आठवें दिन मैच का पहला मुकाबला चुर्क और डी ए वी के बीच ,नगर के पूर्व चेयरमैन जितेंद्र सिंह के द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया, डी ए वी की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 06 ओवर में 06 विकेट खोकर 72 रनों का स्कोर खड़ा किया, जवाब में चुर्क की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने निर्धारित ओवर में मात्र 35 रन ही बना सकी इस तरह से इस मुकाबले को डी ए वी की टीम 37 रनों से जीत कर आगामी मैच में अपनी जगह पक्की कर , दूसरा कैनवास क्रिकेट मैच का मुकाबला चतरा और कोटा डाला मंडल के बीच, वरिष्ठ क्रिकेटर नवल बाजपेई के द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया , चतरा की टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 06 ओवर में 03 विकेट खो कर शानदार 129 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, चतरा की तरफ से अजित ने शानदार 9 छक्के की मदद से 65 रनों की पारी खेली,,जवाब में निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोटा डाला मंडल की टीम निर्धारित,07 ओवर में 6 विकेट खोकर मात्र 81 रन ही बना सकी।

# मोलभाव करने बाद उस रेट पर अंगूठी न देने पर ग्राहकों ने दुकानदार से की गाली गलौज



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** शहर के एक ज्वैलर्स की दुकान में चांदी की अंगूठी पसंद करने के बाद ग्राहकों ने दुकानदार से मोलभाव करने बाद उस रेट पर अंगूठी न दिए जाने को लेकर ग्राहकों ने दुकानदार से गाली गलौज का अभद्रता कर हाथापाई की गई। दुकानदार ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

शहर के डीएवी इंटर कॉलेज के समीप प्रियंका ज्वैलर्स के दुकानदार ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था, तभी दो महिओं के साथ एक युवक दुकान पर आया और चांदी की अंगूठी देखकर उसे पसंद आने पर उसका मूल्य पूछा, जिस पर दुकानदार ने उसके रेट बताए और पैसे ज्यादा होने की बात कहकर ग्राहकों ने मोलभाव शुरू कर दिया, जिस पर दुकानदार ने उस रेट में देखे से मना कर दिया, जिस पर उपरोक्त लोगों आक्रोशित हो गए और गाली गलौज शुरू कर दी।

दुकानदार ने आरोप लगाया कि जब उसने विरोध किया तो वह लोग धक्का मुक्की करते हुए अभद्रता करने लगे साथ ही जबरन दुकान के अंदर आकर सामान ले जाने की कोशिश करने लगे, जिस पर खड़े लो ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामला शांत कराया। दुकानदार ने गुरूवार को घटना के संबन्ध में कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

## एनटीपीसी विंध्याचल में भव्यता के साथ नववर्ष 2026 का स्वागत

**सोनभद्र/ विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने 31 दिसंबर 2025 को डॉ. आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित भव्य संगीतमय संध्या के साथ नववर्ष 2026 का उल्लासपूर्ण स्वागत किया। यह आयोजन एनटीपीसी की स्वर्णिम 50 वर्षीय यात्रा को समर्पित रहा, जिसमें गौरव, गरिमा और सामूहिकता की भावना स्पष्ट रूप से झलकी। नववर्ष संध्या का यह उत्सव एनटीपीसी की उत्कृष्ट विरासत और राष्ट्र निर्माण में उसके सतत योगदान का प्रतीक बना।

इस अवसर पर संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारीगण– ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण); एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम); एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम); डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं); रूमा दे शर्मा, प्रमुख (मानव संसाधन) तथा राकेश अरोड़ा, निदेशक (मानव संसाधन) के वरिष्ठ सहायक की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# नामजद गैंगलीडर की चल-अचल सम्पत्ति की जब्त



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में नामजद गैंगलीडर अभियुक्त शकील मास्टर की मूल्य 69,66,228/- (69 लाख 66 हजार 228 रूपये) की चल-अचल सम्पत्ती को कुर्क करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आदतन-संगठित गिरोह बनाकर गम्भीर अपराध करने वाले अपराधियों पर लगातार की जा रही है धारा 14(1) के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। गैंगलीडर शकील मास्टर द्वारा संगठित गिरोह बनाकर हत्या, मारपीट, गाली गलौच, जान से मारने की धमकी, गाँजा बेचना एवं जुआ (सट्टा) खेलना-खिलाना जैसे जघन्य अपराध कारित करके अवैध धन अर्जित किया गया है। शातिर अभियुक्त गैंगलीडर शकील मास्टर पर जनपद के विभिन्न थानों में करीब डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत आदतन एवं संगठित होकर गम्भीर अपराधों को अंजाम देने वाले गैंगस्टर अभियुक्तों को विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना मक्खनपुर पुलिस टीम मय राजस्व टीम द्वारा थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 589/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद से सम्बन्धित शातिर अभियुक्त गैंगलीडर शकील मास्टर पुत्र खालिक उर्फ अब्दुल खालिद निवासी रूकनपुरा, थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद की अन्तर्गत धारा 14 (1) गिरोहबंद एंव असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 में अचल सम्पत्ति मूल्य 69,66,228/- (69 लाख 66 हजार 228 रूपये) को 01-01-2026 को कुर्क करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। अभियुक्त शकील मास्टर द्वारा लगातार अपराध कारित करते हुए अवैध धन अर्जित कर अवैध अचल सम्पत्ति अपने व अपने पुत्र मौहम्मद अकील के नाम क्रय की गयी है, जिसका उपभोग अभियुक्त द्वारा किया जा रहा है। अपराधियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है।

# जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा माह-2026 के जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट परिसर, गोण्डा से जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने ÷सड़क सुरक्षा माहङ्ग2026÷ के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु प्रचारङ्गप्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह जागरूकता अभियान 01 जनवरी, 2026 से 31 जनवरी, 2026 तक जनपद में संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाना तथा यातायात संकेतों का सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। जागरूकता के माध्यम से ही हम सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कर सकते हैं। जागरूकता प्रचार वाहन के माध्यम से जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा से संबंधित संदेशों, पोस्टरों, बैनरों तथा ध्वनि प्रचार के जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, पैदल यात्रियों को निर्धारित स्थानों से सड़क पार करने तथा अभिभावकों को नाबालिगों को वाहन न देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान एआरटीओ प्रशासन श्री आर.सी. भारतीय ने सड़क सुरक्षा माह की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि इस अवधि में विभिन्न विभागों के समन्वय से विद्यालयों, महाविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों तथा प्रमुख चौराहों पर जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठियां एवं यातायात नियमों की जानकारी देने वाली गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर परिवहन विभाग, पुलिस विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम कर सुरक्षित, अनुशासित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवस्था को बढ़ावा देना है। प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा माह के दौरान और उसके बाद भी यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## नववर्ष के पहले दिन औड़ी हनुमान जी के दर्शन पूजन के लिए हजारो श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**अवधनामा संवाददाता, (अनपरा/ सोनभद्र)।** उर्जांचल क्षेत्र औड़ी पहाड़ी स्थित झिंगुरदाह हनुमान मंदिर के अलावा ककरी किलकारी पार्क, रेणुसागर रामदेव पार्क, बीना चंद्रशेखर आजाद पार्क, अतापीय परिसर मे गांधी उपवन पार्क विभिन्न पर्यटक स्थल मौजूद है लेकिन मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के सीमा पर सोनभद्र के औड़ी पहाड़ी स्थित झिंगुरदाह हनुमान मंदिर सिद्धपीठ की मान्यता रखने वाले मंदिर पर नववर्ष के पहले दिन गुरूवार को हनुमान जी के दर्शन पूजन के लिए हजारो श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कडाके कि ठंड होने के बाद भी पहाड़ो के बिच विराजमान हनुमान जी के दर्शन पूजन के लिए सुबह 5 बजे से भक्त लोग कतारबद्ध मे लगे रहे। नव वर्ष के पहले दिन भोर से शांम तक मंदिर प्रांगण में भजन किर्तन भण्डारा सुन्दरकाण्ड रामचरित्र मानस का पाठ होता रहा पुरा मंदिर परिसर श्रीराम नाम से गुजायमान हो गया।

# सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की साख पर बट्टा, कर्नलगंज सीएचसी की एंबुलेंस बनी निजी अस्पतालों की टैक्सी

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** जिले के कर्नलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि यहां गंभीर व गरीब मरीजों के लिए आरक्षित सरकारी एंबुलेंस को निजी अस्पतालों तक मरीज पहुंचाने में इस्तेमाल किया जा रहा है।

यह पूरा मामला सीएचसी प्रशासन की कथित मिलीभगत से चलने का आरोप लगाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक कुछ चिकित्सक, नर्स, आशा कार्यकत्रियां और स्थानीय दलालों की आपसी साठगांठ से मरीजों को पहले सरकारी सीएचसी लाया जाता है, इसके बाद कमीशन के खेल में उन्हें सीधे निजी अस्पतालों, विशेषकर रॉयल हॉस्पिटल, भेज दिया जाता है। इस दौरान सरकारी एंबुलेंस का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। इस कथित एंबुलेंस रैकेट से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। वायरल तस्वीरों में एक सरकारी एंबुलेंस को निजी अस्पताल से मरीज लाते-ले जाते देखा जा सकता है, जबकि दूसरी एंबुलेंस उसी अस्पताल के पीछे खड़ी नजर आ रही है। इससे यह संकेत मिलता है कि मामला सुनियोजित और संगठित है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि सीएचसी के जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले पर चुप क्यों हैं। अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना, पूरे प्रकरण में संरक्षण के आरोपों को और गहरा करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी एंबुलेंस का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में गरीब और गंभीर मरीजों की जान बचाना है, लेकिन कर्नलगंज सीएचसी में इसे निजी अस्पतालों की फ्री टैक्सी सेवा बना दिया गया है। इससे सरकारी धन की बर्बादी के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों के अधिकारों का भी हनन हो रहा है। लोगों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच, एंबुलेंस की लॉग बुक की जांच, सीसीटीवी फुटेज खंगालने और दोषियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

# तीन दिन बाद भी लूट का केस नहीं दर्ज, पुलिस ख़ाली हाथ

अवधनामा संवाददाता

**बदमाशों ने दुकानदार से 37 हजार नकद और एक स्मार्ट मोबाइल फोन लूट लिया**

**हजपुरा ,अम्बेडकरनगर।** किराना व्यापारी से नकदी और स्मार्ट मोबाइल फोन लूट के मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी न तो मुकदमा दर्ज किया गया है और न ही पुलिस को कोई ठोस सुराग हाथ लग सका है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सहनेमऊ गांव निवासी मोहम्मद मुस्तकीम चनकी बाजार में किराने की दुकान चलाते हैं। बीते मंगलवार की रात करीब साढ़े सात बजे वह दुकान बंद कर ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह जैनापुर गांव के समीप काली माता मंदिर के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे युवकों ने रास्ता रोक लिया।

बताया जाता है कि बदमाशों ने दुकानदार मुस्तकीम से 37 हजार रुपये नकद और एक स्मार्ट मोबाइल फोन लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू दिखाकर मारपीट की और मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकानदार को साथ लेकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू की। हालांकि, तीन दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

पीड़ित का आरोप है कि घटना के इतने समय बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान है। मामले में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। स्वाट टीम और सर्विलांस टीम को भी जांच में लगाया गया है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## अनपरा नगर पंचायत का विकास के लिए मिलकर कार्य करने का लिया गया संकल्प : अर्पणा

**अवधनामा संवाददाता, (अनपरा/ सोनभद्र)।** अनपरा नगर पंचायत की स्थापना के छठे वर्ष के अवसर पर बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विश्राम प्रसाद बैसवार,अधिकारी अधिकारी अर्पणा मिश्रा समासदगण,व कर्मचारी, नायक,सफाईकर्मी उपस्थित में सभी ने मिलकर केक काटा और एक-दूसरे को बधाई देकर स्थापना दिवस की खुशियां साझा कीं।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पिछले छह वर्षों में नगर पंचायत अनपरा ने विकास के कई नए आयाम स्थापित किए हैं। सड़क, सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ई ओ ने आगे भी नगर के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# कर्नलगंज में दो नामजद अभियुक्त फरार, कोर्ट ने जारी किया गैर-जमानती वारंट

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** जनपद के कर्नलगंज थाना क्षेत्र में दर्ज एक आपराधिक मुकदमे में नामजद दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने पर माननीय न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है।

न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 84 के अंतर्गत उद्घोषणा भी जारी कर दी है। थाना कोतवाली कर्नलगंज में पंजीकृत मुकदमा संख्या 202/2025 में धारा 115(2), 352, 351(3), 118(1), 109(1) बीएनएस के तहत अभियुक्त सचिन पुत्र रामेश्वर पाण्डेय एवं सत्यम पुत्र सुरेन्द्र पाण्डेय, निवासी नकहा बसन्त, करनैलगंज, जनपद गोण्डा, नामजद हैं। दोनों अभियुक्त लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहे हैं। पुलिस द्वारा लगातार दबिश और संभावित ठिकानों पर तलाश के बावजूद अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इस पर न्यायालय ने दिनांक 23 दिसंबर 2025 को दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी करने के साथ ही धारा 84 बीएनएस के अंतर्गत उद्घोषणा जारी की है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समयावधि के भीतर अभियुक्त न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध कुर्की सहित अन्य विधिक कार्रवाई की जाएगी। थाना कोतवाली कर्नलगंज के एसएसआई बृजराज प्रसाद ने बताया कि अभियुक्तों की तलाश लगातार जारी है तथा न्यायालय के आदेशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि यदि किसी को फरार अभियुक्तों के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, जिससे उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जा सके।

# मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु चला विशेष अभियान



अवधनामा संवाददाता

**35 खाद्य प्रतिष्ठानों का किया गया सघन निरीक्षण**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में नववर्ष के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु गुरुवार को सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वद्व के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा बर्डपुर, नौगढ़ स्थित कपिलवस्तु रेस्टोरेंट, स्पाइसी 7 डेज रेस्टोरेंट, मून लाइट रेस्टोरेंट, रॉयल पिज़्ज़ा कैफ़े, दिलीप स्वीट्स, अमृतं चाय, केसर चाय, अनिल बेकर्स, परमात्मा बेकर्स, माँ वैष्णो मंचूरियन सेंटर, स्वीट्स शॉप सहित 35 खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण कर जाँच की गई।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने व मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न करने हेतु जागरूक किया गया। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) II आर एल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र प्रताप सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण हीरा लाल, नीरज कुमार चौधरी, जय प्रकाश और रंजन कुमार श्रीवास्तव सम्मिलित रहे।

# पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा 171 खोये मोबाइल को बरामद कर पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल स्वामियों को किये सुपुर्द

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में खोये हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु सर्विलांस टीम एवं समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों के नेतृत्व में टीमों का गठन कर 03 दिवसीय अभियान चलाते हुये जनपदीय सर्विलांस टीम द्वारा सभी थानों से समन्वय स्थापित कर भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर (ष्टश्वढ्ढक्र) पोर्टल की प्रतिदिन मॉनीटरिंग की गई।

इस क्रम में जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न कम्पनियों जिनमें एप्पल, सैमसंग, वीवो, ओप्पो, टेक्नो, रेडमी, वन प्लस आदि कंपनियों के गुमशुदा 171 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किये गये, जिन्हें आज दिनांक 01.01.2026 को पुलिस अधीक्षक श्री विनीत जायसवाल द्वारा उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया। अपने खोये हुए मोबाइल फोन पुनः प्राप्त कर मोबाइल धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक गोण्डा एवं जनपदीय पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे अपने मोबाइल फोन में 'संचार साथी% एप को प्ले-स्टोर से डाउनलोड कर लें, जिससे भविष्य में मोबाइल खो जाने की स्थिति में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आवश्यक सूचनाएं प्राप्त होती रहें।

मोबाइल खोने की स्थिति में मोबाइल की बिल/आईएमईआई, आधार कार्ड एवं पहचान पत्र के साथ अपने स्थानीय थाने पर उपस्थित होकर सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। मोबाइल मिलने की स्थिति में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की सूचना पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त होती रहेगी।

जनपदीय मुख्यालय एवं थानों द्वारा आगे भी इसी प्रकार साप्ताहिक मोबाइल वितरण कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेंगे। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा खोये हुए मोबाइलों की बरामदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सर्विलांस टीम को पुरस्कृत किये जाने की घोषणा भी की गई।

## ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजे गए डॉ सुरेशलाल




**अम्बेडकरनगर।** कवि, लेखक, साहित्यकार एवं स्तम्भकार तथा राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव को नई दिल्ली के अबीर बैंक्वेट हाल(निकट झिलमिल मेट्रो स्टेशन) में 20 दिसम्बर को आयोजित हुए समारोह में मशहूर एक्ट्रेस महिमा चौधरी के द्वारा यूनिवर्सल ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया।इन्हें यह अवॉर्ड इनके काव्य सृजन, उत्कृष्ट लेखन सन्दर्भ में प्रदान किया।डॉ.सुरेश लाल श्रीवास्तव के उक्त पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर शिक्षा, समाज सेवा एवं साहित्य साधना से जुड़े लोगों ने हार्दिक बधाई देते हुए खुशी का इज़हार किया है।

# गोंडा के मनकापुर निवासी बैंक मैनेजर ने अयोध्या में सरयू नदी में कूदकर दी जान

**परिजनों से फोन पर बात कर भेजी लोकेशन, फिर पुल से लगा दी छलांग**

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** जिले के मनकापुर के जवाहर नगर निवासी और बहराइच में तैनात भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक रामबाबू सोनी (39) ने अयोध्या में सरयू नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उन्होंने परिजनों से मोबाइल फोन पर बातचीत की और अपनी लोकेशन भेजने के बाद फोन स्विच ऑफ कर दिया।

घटना बुधवार दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या जिले के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोरखपुर-अयोध्या हाईवे पर स्थित पुल की है। जानकारी के अनुसार रामबाबू सोनी संदिग्ध परिस्थितियों में पुल पर पहुंचे और वहीं से परिजनों को अपनी लोकेशन भेजी। इसके बाद उन्होंने पुल से सरयू नदी में छलांग लगा दी। लोकेशन मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली अयोध्या पुलिस ने खोजबीन शुरू कराई। काफी प्रयास के बाद देर शाम करीब आठ बजे गोताखोरों की मदद से उनका शव सरयू नदी से बरामद कर लिया गया।

कोतवाली अयोध्या के प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि मृतक के पास से मोबाइल फोन बरामद हुआ है, जबकि पीठ पर एक बैग भी लदा हुआ था। प्रारंभिक जांच में मृतक के अवसाद में होने की बात सामने आ रही है, हालांकि आत्महत्या के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## सिकंदरपुर में मौला अली के जन्मदिन पर तीन व चार जनवरी को महफ़िल का होगा आयोजन

**अवधनामा संवाददाता, अम्बेडकरनगर।** पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के उत्तराधिकारी हज़रत अली अलैहिस्सलाम के जन्म दिवस ( 13 रजब) के अवसर पर अकबरपुर तहसील अंतर्गत सिकंदरपुर में दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम में उलमाओं व शायरों का जमावड़ा होगा। दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम में प्रदेश के अलावा दिल्ली प्रांत के उलमा एवं शायर शामिल होंगे। 3 जनवरी एवं 4 जनवरी को दोपहर में मौलाना फ़ज़ल मुमताज़ जौनपुर एवं दिल्ली प्रांत के मौलाना सैयद जैगमुर्रिजवी मौला हज़रत अली अलैहिस्सलाम के फजाएल बयान करेंगे। इससे पूर्व रज़ा मोरानवी,जकी रसूलपुर, मुजीब सिद्दीकी, खुर्शीद मुजफ्फरनगरी , अज़हर एजाज कायमी आदि शायर मौला अली की शान में कसीदे ख्वानी करेंगे। मुन्तजिर कायमी व अकबर एजाज कायमी संचालन करेंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम के आयोजक नकी हैदर जैदी ने दी है।

## टांडा में शीतलहर के बीच निराश्रितों को बांटे कम्बल



**दानिश मेहदी, अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश में चल रही भीषण शीत लहर और ठंड को देखते हुए टांडा क्षेत्र में प्रशासन सक्रिय हो गया है। उपजिलाधिकारी टांडा डॉ. शशिशेखर एवं उपजिलाधिकारी न्यायिक/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका टांडा नीरज गौतम ने संयुक्त रूप से निराश्रित एवं असहाय लोगों को कम्बल वितरित किए।इस पहल के तहत सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर रहने वाले जरूरतमंदों को ठंड से राहत प्रदान करने के लिए कम्बल बांटे गए। अधिकारियों ने स्वयं मौके पर पहुंचकर यह वितरण किया, जिससे गरीब और बेसहारा लोगों के चेहरों पर मुस्कान आ गई।प्रशासन का कहना है कि शीत लहर के दौरान ऐसे आयोजन जारी रहेंगे ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड की मार से प्रभावित न हो। जिले में कोहरे और गिरते तापमान के कारण स्कूलों में छुट्टियां भी घोषित की गई हैं, जिससे ठंड का असर स्पष्ट दिख रहा है। यह मानवीय प्रयास सराहनीय है और अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।

## जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता, फ़िरोजाबाद।** सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से आज ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रमेश रंजन (पै) ने कलेक्ट्रेट परिसर से सड़क सुरक्षा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि यह विशेष जागरूकता अभियान 31 जनवरी तक निरंतर चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति संवेदनशील बनाना है। अभियान की मुख्य विशेषताएं, जागरूकता कार्यक्रमः प्रचार वाहनों के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और ओवरस्पीडिंग से बचने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रवर्तन की कार्रवाई की, जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जागरूकता के साथ-साथ प्रशासन सख्त रुख भी अपनाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन (म्दवितबमउमदज) की कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समयावधि, यह अभियान पूरे माह (31 जनवरी तक) सक्रिय रहेगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें और इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।

# सोन सुषमा पार्क का विधायक घोरावल और जिलाधिकारी ने फीता काटकर किये शुभारंभ

**सोन सुषमा पार्क में नागरिकों को आने-जाने की होगी अनुमति**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** नूतन वर्ष-2026 के प्रथम दिवस पर आज सोन सुषमा पार्क का मा0 विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किये, इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी(नमामी गंगे) रोहित यादव, ब्लाक प्रमुख सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

इस अवसर पर मा0 विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्क का निर्माण कलेक्ट्रेट परिसर में हो जाने से परिसर में आने वाले फरियादियों को बैठने की सुविधा उपलब्ध होगी और कलेक्ट्रेट परिसर का वातावरण प्राकृतिक सौन्दर्य केन्द्र बना रहेगा और पार्क की सुविधा से सुबह-शाम लोगों को टहलने की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे टहलने वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री ने जनपद भ्रमण के दौरान यह निर्देश दिये थे कि जनपद सोनभद्र में पार्क, आडिटोरियम विकसित किया जाये, उस निर्देश के क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर में सोन सुषमा पार्क व विकास भवन के सामने पहाड़ी पर शकुन्त पार्क बनाकर इसकी शुरूआत की गयी है। इसी प्रकार से जनपद में अन्य पार्क भी बनाये जायेंगें, जो जनमानस के आकर्षण के केन्द्र रहेंगें, उन्होंने कहा कि सोन सुषमा पार्क प्रत्येक नागरिकों के लिए प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक खुला रहेगा, जनपद में शीघ्र ही एक आडिटोरियम का निर्माण कार्य भी कराया जायेगा, जिसमें हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध होगी, इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा ने कहा कि इस तरह के पार्क के निर्माण हो जाने से जनमानस को टहलने की सुविधा के साथ ही प्राकृतिक मनोहर दृश्य देखने को मिलता है, उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद के ओवर ब्रीज के नीचे खाली पड़ी जमीनों का सौन्दर्यीकरण हो जाये, तो वहां पर अनावश्यक तरीके से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सकती है और नगर पालिका का दृश्य भी मनोहर और आकर्षण हो सकता है। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका परिषद के उस क्षेत्र को विकसित करने हेतु नगर पालिका परिषद सोनभद्र की तरफ से कार्ययोजना बनायी जायेगी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने सभी को नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि शीघ्र ही विकास भवन परिसर में भी इस तरह के पार्क का निर्माण कराया जायेगा।

## नववर्ष पर परम फाउंडेशन ने ईंट भट्ठा मजदूरों को कम्बल बांटे



अवधनामा संवाददाता

**हजपुरा,अंबेडकरनगर।** नववर्ष के अवसर पर जिले की अग्रणी समाजसेवी संस्था परम फाउंडेशन ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए गुरुवार को जलालपुर तहसील क्षेत्र के कटघर मूसा गांव स्थित हीरा मार्का ईंट भट्ठे पर कार्यरत गरीब मजदूरों के बीच कंबल वितरित किए। कड़ाके की ठंड से जूझ रहे मजदूरों को कंबल मिलने से बड़ी राहत मिली।

इस अवसर पर संस्था ने भट्ठे पर कार्यरत दो दर्जन से अधिक गरीब एवं वंचित बच्चों को गोद लेकर उनकी शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी उठाने की घोषणा भी की। इस घोषणा से मजदूर परिवारों में खुशी के साथ भविष्य को लेकर नई उम्मीदें जगीं।

परम फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय ने कहा कि भीषण ठंड में जरूरतमंदों की मदद करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। यह पहल उन मेहनतकश मजदूरों के सम्मान का प्रयास है, जो अपने श्रम से समाज की नींव को मजबूत करते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संस्था आगे भी इसी तरह के सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी। कार्यक्रम में समाजसेवी मो. तालिब, ग्राम प्रधान मो. आलम, प्रवेश, अलिंद मौर्य, मो. अखतर, अलफहद, आकिब, पीर मो. मो. हियात, डॉ. जैद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने परम फाउंडेशन की इस सराहनीय पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

## आशा के नए सुर

आर्थिक संकटों, प्राकृतिक विपदाओं और केंद्र से असहज सुलूक के बावजूद अगर हिमाचल सरकार आशाओं का दीपक जला रही है, तो यह आलोचना से परे दायित्व की समीक्षा है। आशा के नए सुर और सिरे तलाशती सुक्खू सरकार अब अगले दो सालों को 'एक्शन' की तपती जमीन बनाने की मंशा दिखा रही है। आसान नहीं था प्रदेश के सरकारी स्कूलों से छान कर सौ सीबीएसई स्कूलों की मिट्टी तैयार करना और अब मंत्रिमंडल की बैठक बता रही है कि शिक्षा की कक्षा में गुणवत्ता का नया इम्तिहान उतर रहा है। इन स्कूलों के प्रांगण में सौ करोड़ के दीप जलेंगे ताकि सीबीएसई के मानदंड अपनाते हुए, गौरवशाली प्रकाश का उदय हो। हर स्कूल में एक-एक स्पेशल एजुकेटर, मल्टी टास्क वर्कर, चौकीदार, योग टीचर, गणित व अंग्रेजी के अध्यापकों की एक नई श्रृंखला खड़ी की जा रही है। इसे हम महज नौकरी में अवसर की संज्ञा नहीं दे सकते, बल्कि शिक्षा को ताकत में एक नया अवसर मान सकते हैं। कुछ इसी तर्ज पर मेडिकल कालेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 53 पद तथा अन्य कैटेगिरी व नर्सिंग के पदों का सृजन देख सकते हैं, लेकिन शिक्षा की तरह नया उत्थान अभी देखना बाकी है। जिस तरह सीबीएसई पाठ्यक्रम के माध्यम से 100 स्कूल अब राज्य के प्रतिष्ठित स्कूलों के क्लब में शामिल हो रहे हैं, ठीक इसी तरह हिमाचल अगर अपने क्षेत्रीय व जोनल अस्पतालों को किसी न किसी रोग विशेष का राज्य स्तरीय अस्पताल घोषित करके दक्षता व समर्पण की मिसाल पेश कर सकता है। ऐसे राज्य स्तरीय अस्पतालों में एक अलग विंग श्रेष्ठता के साथ इसके शुल्क निर्धारण में निजी अस्पतालों की तरह छूट ले सकता है।

प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं में हैल्थ टूरिज्म को विशेष स्थान देने के लिए कुछ चयनित अस्पतालों में विश्व स्तरीय सुविधाएं तथा आयुर्वेदिक पद्धति के अनुरूप प्रस्तुत करने की जरूरत है। मंत्रिमंडल ने 2224 नई नौकरियों की ताजपोशी में युवाओं की मेहनत को मुकाम की परिभाषा दी है, तो परिवहन क्षेत्र में स्वरोजगार खोजने का प्रोत्साहन भी जोड़ा है। छोटी ई बसों की खरीद पर तीस प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवा कर सरकार ने ग्रीन स्टेट में ग्रीन रोजगार को पैगाम दिया है। छोटे शहरी दुकानदारों को भी ऋण पर एक लाख की मदद का हाथ बढ़ाया जा रहा है। दूध खरीद की दरों में मुनाफे की दर बढ़ाते हुए सरकार ने जो आजमाइश की, उसके दूसरे चरण में नए दूध प्रसंस्करण संयंत्र व चिलिंग केंद्र जोड़ते हुए अपने संकल्प जाहिर किए हैं। शिमला के नजदीक जाठिया देवी टाउनशिप की तैयारियों के बाद शहरीकरण की तलाश में चंडीगढ़ के समीप एक और पंचकूला या मोहाली विकसित करने की एक कोशिश बद्दी के शीतलपुर में की जा रही है। यहां पहले चरण में ही 3400 बीघा जमीन हिमुडा के नाम की जा रही है। यह दीगर है कि जाठिया देवी के अलावा धर्मशाला के नरघोटा में टाउनशिप की परियोजनाएं अपनी उदासी और उदासीनता की बाहों में डोल रही हैं। शिमला से कार्यालयों के स्थानांतरण की प्रक्रिया में एक और पर्दा उठा, जब मंत्रिमंडल ने पिछड़ा वर्ग आयोग के मुख्यालय को धर्मशाला भेजने का ऐलान किया। हिमाचल सरकार अपनी संवेदना में स्पर्श भरते हुए सुखाश्रय योजना को नित नए आयाम दे रही है और इसी कड़ी में अब कुछ गैर सरकारी संगठनों को भी इसकी छत उपलब्ध करवा रही है।

## शहीद वन्दना

अमर वीरों की चलो आओ करें हम वन्दना।
देश हित जीये मरे जो करें उनकी अर्चना।
कर गये जो धन्य जीवन जान देकर शान से।
उन शहीदों की चलो हम करें सबअभिवंदना।।

हो गये क़ुर्बान जो जन राष्ट्र रक्षा के लिए।
शीश अर्पित कर दिये जो भालभारत के लिए।
वीरवर वे लाल भारत याद आयेंगे सदा।
ज़िन्दगी जिनकी रही है देश सेवा के लिए।।

अमरगाथा जिन जनों की है लिखी इतिहास में।
नाम रोशन राष्ट्र का जो कर गये संसार में।
पुष्प अर्पित कर करें उनकी चलो हम वन्दना।
कर दिये जीवन समर्पित देश के जो प्यार में।।

क्रांति वीरों की कहानी को कभी मत भूलना।
फाँसी पर हँसते हुए भाया था जिनको झेलना।
करो वन्दन पुष्प अर्चन उन शहीदों की सदा।
समर में जिनका सफ़र था शत्रुओं से जूझना।।

मौलिक रचनाकार
-डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव
प्रधानाचार्य-राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज, अम्बेडकरनगर

.................................

### माँ

माँ शब्द मिटाये भूख प्यास,
माँ से जीने की बढ़े आस।
माँ का मतलब जो जान लिया,
खुद को वह पहचान लिया।
माँ न होती मैं न होता,
मैं न होता तो क्या होता?
भाई बहना पत्नी ललना,
सब तभी मिले जो माँ ने जना।।

माँ के ममत्व की रसधारा,
जीवन को सफल बनाती है।
'माँ' शब्द लबों पर आते ही,
हर कष्ट शमित हो जाती है।
देव, दनुज, गंधर्व आदि,
सब माँ का ही गुणगान किये।
माँ की ममता के खातिर ही,
इह लोक में देवभी वास किये।।

सुत जनन की चाहत में माता,
अति दारुण कष्ट सहन करती।
परिवारी पीड़ा का रौद्र रूप,
वह गर्भागत हित में सह लेती।
गोदी में लाल जो लसे व हँसे,
सो धात्री धन्य हो जाती है।
भूखी रहकर भी अम्बा,
निज सुत की भूख मिटाती है।।

-डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव
प्रधानाचार्य, राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज अम्बेडकरनगर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़्वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**भारत के लिए 2026 कई अर्थों में निर्णायक वर्ष है। आंतरिक राजनीतिक चुनौतियाँ हों या वैश्विक दबाव, नए साल में हमें कड़वे और कभी-कभी हिंसक अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है। इसके बावजूद बीते वर्षों की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत शांति, अहिंसा, सौहार्द और सद्भावना के दीप जलाने का संकल्प दोहराएगा। प्रधानमंत्री का यह कथन विशेष अर्थ रखता है कि जहाँ 2025 सुधारों की बात अर्थात भारत के रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार रहने का वर्ष था, वहीं 2026 से 2047 तक का कालखंड भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की निर्णायक यात्रा है।**

# समाधान, संकल्प और लोकतांत्रिक नवजागरण का उद्घोष हो


ललित गर्ग

नया साल 2026 अनेक आशाओं, अपेक्षाओं, उम्मीदों और संकल्पों के साथ हमारे सामने है। वर्ष 2025 जहाँ वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर इम्तिहान, अस्थिरता और इंतज़ार का साल रहा, वहीं 2026 से शांति, खुशहाली और प्रगति की बहाली की संभावना बनती दिख रही है। बीते वर्ष की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि पुरानी समस्याओं के उत्तर पुराने तरीकों से नहीं मिल सकते। इसलिए 2026 में हमें बीते बस के सवालों के जवाब नए वक्त, नई सोच और नए विवेक में ढूंढने होंगे। यह वर्ष केवल कैलेंडर का बदलाव नहीं, बल्कि सोच, दृष्टि और प्राथमिकताओं के पुनर्निर्धारण का अवसर है। यह वर्ष समाधान, संकल्प और लोकतांत्रिक नवजागरण का उद्घोष बने, इसके लिये हमें तत्पर होना होगा, तैयारी करनी होगी।

दुनिया के मोर्चे पर देखें तो रूस-यूक्रेन और इज़राइल-फ़िलिस्तीन के युद्धों के अतिरिक्त भी कम-से-कम दस बड़े संघर्ष ऐसे हैं, जहाँ मानवता निरंतर घायल हो रही है। आतंकवाद, नस्ली विद्वेष, धार्मिक कट्टरता और सत्ता-लिप्सा ने इंसानी खून को सस्ता बना दिया है। वर्ष 2025 में यह रक्तपात थमा नहीं, पर नए साल में इन युद्धों, संघर्षों और आतंकवादी हरकतों से मुक्ति की आकांक्षा केवल भावनात्मक कामना नहीं, बल्कि वैश्विक नैतिकता की अनिवार्यता बननी चाहिए। भारत, जिसने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का संदेश विश्व को दिया है, शांति और संवाद की इस वैश्विक पहल में एक बार फिर नैतिक नेतृत्व की भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते वर्ष में दुनिया को जता दिये है कि वे वैश्विक नेतृत्व करने एवं दुनिया को उन्नत बनाने की भूमिका निभाने में सक्षम है। भारत की अहिंसक सोच, सबको साथ लेकर चलने की प्रवृत्ति एवं सकारात्मक मानवीय नजरिया दुनिया के लिये उपयोगी हो सकता है।



भारत के लिए 2026 कई अर्थों में निर्णायक वर्ष है। आंतरिक राजनीतिक चुनौतियाँ हों या वैश्विक दबाव, नए साल में हमें कड़वे और कभी-कभी हिंसक अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है। इसके बावजूद बीते वर्षों की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत शांति, अहिंसा, सौहार्द और सद्भावना के दीप जलाने का संकल्प दोहराएगा। प्रधानमंत्री का यह कथन विशेष अर्थ रखता है कि जहाँ 2025 सुधारों की बात अर्थात भारत के रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार रहने का वर्ष था, वहीं 2026 से 2047 तक का कालखंड भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की निर्णायक यात्रा है। यह यात्रा केवल आर्थिक आँकड़ों की नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और लोकतांत्रिक सुदृढ़ता की भी है। विभिन्न क्षेत्रों में किये जाने वाले सुधारों को प्रभावी बनाने के लिये यह अनिवार्य है कि राजनीति की ही भांति नौकरशाही के प्रत्येक स्तर पर सुधार हो। यह ठीक है कि केन्द्र सरकार से जुड़ी उच्च स्तर की नौकरशाही में बीते वर्षों में व्यापक बदलाव हुए है, लेकिन निचले स्तर पर उसका तौर-तरीका जस का तस है। सबसे चिन्ताजनक है कि नौकरशाही का भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कारण अनेक कार्य-योजनाओं का जैसा परिणाम आना चाहिए वैसा नहीं आ रहा है।

हालाँकि, यह स्वीकार करना होगा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और राजनीतिक मूल्यों में गिरावट को लेकर जो वातावरण बन रहा है, उसे गंभीरता से लेना आवश्यक है। लोकतंत्र केवल चुनावों का आयोजन भर नहीं है; यह संवाद, असहमति के सम्मान, संस्थाओं की गरिमा और संविधानिक मर्यादाओं का जीवंत तंत्र है। संसद लोकतंत्र का मंदिर है, पर पिछले वर्षों में संसद की कार्रवाई का बार-बार अवरोधित होना, हंगामे और गतिरोध लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करते हैं। नए साल में यह संकल्प लिया जाना चाहिए कि संसद अवरोध का मंच नहीं, बल्कि समाधान और विमर्श का केंद्र बने। सत्ता और विपक्ष-दोनों की यह साझा जिम्मेदारी है कि वे राष्ट्रीय हितों को दलगत राजनीति से ऊपर रखें। लोकतांत्रिक प्रणाली को एक नई ऊँचाई पर ले जाने के लिए राजनीतिक मूल्यों का पुनर्जागरण आवश्यक है। पारदर्शिता, जवाबदेही, नैतिकता और जन-सरोकार-इन चार स्तंभों पर ही सशक्त लोकतंत्र खड़ा होता है। 2026 में राजनीति को केवल सत्ता-संघर्ष का अखाड़ा नहीं, बल्कि लोक-सेवा का माध्यम बनाने की आवश्यकता है। यदि राजनीति आम आदमी के दुःख-दर्द, रोज़गार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ती है, तभी लोकतंत्र में जनता का विश्वास मजबूत होगा।

नया साल आम आदमी के जीवन में रोशनी बनकर आए-यह तभी संभव है जब हम समस्याओं का रोना रोने के बजाय समाधान की संस्कृति विकसित करें। महँगाई, बेरोज़गारी, सामाजिक विषमता और पर्यावरण संकट जैसी समस्याएँ केवल सरकारी घोषणाओं से नहीं सुलझेंगी; इनके लिए सामूहिक संकल्प और सहभागिता चाहिए। भारत की जनता में यह सामर्थ्य है कि वह झूठ को पहचानती है, सज्जनता को स्वीकार करती है और इंसानियत के मायने जानती है। हमारी सभ्यता की जड़ें अहिंसा और शांति में हैं-इसी बल पर हमें अपने समय की जटिल चुनौतियों का समाधान खोजना होगा। स्वास्थ्य के मोर्चे पर 2026 को विशेष सतर्कता का वर्ष बनाना होगा। महामारी के बाद की दुनिया ने यह सिखाया है कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा का प्रश्न है। खानपान की संस्कृति को नया आयाम देना होगा, स्थानीय, पौष्टिक और संतुलित आहार को बढ़ावा देते हुए। योग, ध्यान और जीवनशैली में संयम को अपनाकर ही हम स्वस्थ समाज की नींव रख सकते हैं। साथ ही 'स्वदेशी' के मंत्र को नई ऊँचाई पर ले जाना होगा-चाहे वह उत्पादन हो, उपभोग हो या तकनीकी नवाचार। आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, मानसिक और सांस्कृतिक भी होनी चाहिए। सामाजिक जीवन में भी नए संकल्पों की आवश्यकता है। नशा, दिखावा और आडंबर हमारी सामाजिक ऊर्जा को खोखला करते हैं। सादगी, संयम और मूल्यबोध को प्रोत्साहित करना समय की माँग है। विवाह और सामाजिक संस्कारों को बाज़ारू प्रदर्शन से मुक्त कर मानवीय संबंधों की गरिमा से जोड़ना होगा। यही नहीं, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, जल-संरक्षण और प्रकृति के साथ सहअस्तित्व-ये सभी नए साल के अनिवार्य संकल्प होने चाहिए। तकनीक और परंपरा के संतुलन के बिना इक्कीसवीं सदी का भारत आगे नहीं बढ़ सकता। आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल सार्वजनिक ढाँचे और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भारत नए मानक स्थापित कर रहा है, पर इस प्रगति के साथ मानवीय संवेदनाओं का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। विकास का सही अर्थ वही है, जिसमें अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी स्वयं को सम्मानित और सुरक्षित महसूस करे।

# यही हैं विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां?

**क्रिश्चियन मिशनरी देश की शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान अदा कर रही है। इन सब वास्तविकताओं को दरकिनार कर देश का एक दक्षिणपंथी वर्ग ऐसा है जिसके संस्कारों में ही धर्म विशेष के लोगों से नफ़रत करना व उनके धार्मिक रीति रिवाजों व परंपराओं का विरोध करना शामिल है। नकारात्मकता की सोच से भरे इसी विचारधारा के लोग विगत कई वर्षों से क्रिसमस त्यौहार मनाये जाने का विरोध करते आ रहे हैं।**


तनवीर जाफ़री

'क्रिसमस' प्रत्येक वर्ष की भांति गत 25 दिसंबर को भी पूरे विश्व में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दुबई की मशहूर एयरलाइन एमिरेट्स ने एक अनोखा वीडियो जारी किया, जिसमें दिखाया गया कि उनके बड़े विमान एयरबस ए 380 को सांता क्लॉज़ की जादुई स्लेज में बदल दिया गया है। इस विमान को ÷स्लेज 380÷ का नाम दिया गया है। इस वीडियो में ए380 को रुडॉल्फ़ रेनडियर की तरह लाल नाक और बड़े सींग लगाए गए हैं, और उपहारों से भरी एक विशाल स्लेज विमान से जुड़ी दिखती है। विमान रनवे पर दौड़ता है और आसमान में उड़ान भरता है, जैसे सांता दुनिया भर में गिफ़्ट बांटने जा रहा हो। एमिरेट्स ने इस सीज़न में यात्रियों को ख़ास तोहफ़े भी दिए, जिसमें फ़ेस्टिव ड्रिंक्स, थीम्ड मिठाइयां, विंटर-स्टाइल लाउंज और लिमिटेड एडिशन क्रिसमस गिफ़्ट शामिल हैं। वैसे भी चूँकि क्रिसमस मनाने के साथ ही नये वर्ष के स्वागत की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं इसलिये भी दुनिया के सभी देश व सभी धर्मों व वर्गों के लोग भी क्रिसमस मनाने में अपनी दिलचस्पी दिखाते हैं।

भारत में भी लगभग 2.8 करोड़ ईसाई रहते हैं जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 2.3 फीसदी है। ईसाई समुदाय भारत में तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह है। लिहाज़ा यहाँ भी ईसाई समुदाय क्रिसमस, गुड फ़्राइडे व नव वर्ष जैसे अपने सभी त्यौहार सदियों से मनाते आ रहे हैं। वैसे भी ब्रिटिशकाल में भारत में अंग्रेज़ों ने जहां विकास सम्बन्धी तमाम इबारतें लिखीं वहीं उनके शासन में देश भर में अनेक बड़े व ऐतिहासिक चर्च ,स्कूल व अस्पताल भी निर्मित किये गये। आज भी क्रिश्चियन मिशनरी देश की शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान अदा कर रही है। इन सब वास्तविकताओं को दरकिनार कर देश का एक दक्षिणपंथी वर्ग ऐसा है जिसके संस्कारों में ही धर्म विशेष के लोगों से नफ़रत करना व उनके धार्मिक रीति रिवाजों व परंपराओं का विरोध करना शामिल है। नकारात्मकता की सोच से भरे इसी विचारधारा के लोग विगत कई वर्षों से क्रिसमस त्यौहार मनाये जाने का विरोध करते आ रहे हैं। जबकि सर्व धर्म समभाव %जैसे गांधीवादी विचारों का अनुसरण करने वाला देश का आम नागरिक सभी धर्मों के त्योहारों व परंपराओं व रीति रिवाजों में ख़ुशी से शरीक होकर प्रत्येक उत्सव का आनंद लेना चाहता है साथ ही एक दूसरे धर्म के लोगों के प्रति अपनी एकजुटता दिखाना चाहता है।




नफ़रत नकारात्मकता, संकीर्णता व साम्प्रदायिक वैमनस्य की सोच से भरे इन्हीं तत्वों ने गत क्रिसमस के अवसर पर पूरे देश में विभिन्न चर्चों व सार्वजनिक स्थलों पर ऐसा तांडव किया जिसकी चर्चा देश के मीडिया में कम परन्तु विदेशी मीडिया में ज़्यादा हुई। इस दौरान भारत के विभिन्न राज्यों में ईसाई समुदाय के विरुद्ध हुई घटनाओं में तोड़फोड़, हमले और उत्पात की कई रिपोर्ट्स सामने आईं। उदाहरण स्वरूप छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मैग्नेटो मॉल में भीड़ ने क्रिसमस डेकोरेशंस में तोड़फोड़ की, जिसमें लाखों का नुक़सान हुआ। जबकि कांकेर ज़िले में दो चर्च जला दिये गए और कई ईसाई घरों को निशाना बनाया गया। इसी तरह असम के नालबाड़ी में सेंट मैरी स्कूल में वी एच पी कार्यकर्ताओं ने क्रिसमस बैनर्स और डेकोरेशंस को जलाया व स्कूल के पास की दुकानों पर भी हमले किये । इसी तरह केरल के पलक्कड,चारूमूडू व पुडुसेरी में बच्चों के कैरोल ग्रुप पर हथियारों से हमला किया गया जिसमें महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इसी तरह मध्य प्रदेश के जबलपुर में भी कुछ इलाक़ों में ईसाई धर्मावलंबियों की प्रार्थना सभाओं और धार्मिक आयोजनों के दौरान मारपीट और हंगामा किए जाने की ख़बर है जबकि झाबुआ में प्रेयर मीटिंग में व्यवधान डाला गया जिसमें एक नेत्रहीन महिला पर हमला किया गया । उत्तर प्रदेश में सेंट अल्फोंसस कैथेड्रल के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ लाउडस्पीकर पर बजाया गया, लखनऊ में कैथेड्रल सर्विस में तेज़ आवाज़ से धार्मिक भजन बजाए गये।

इसी प्रकार राजस्थान के जोधपुर और नागौर में एक स्कूल में क्रिसमस बैनर्स तोड़े गए,नागौर में युवाओं ने स्कूल के सामने मंदिर का होने का बहाना बनाकर तोड़फोड़ की। दिल्ली के लाजपत नगर व पूर्वी दिल्ली में सेंटा कैप पहनी महिलाओं और बच्चों को बाज़ार से भगाया गया एक बाज़ार में ज़बरदस्त उत्पात मचाया गया। उत्तराखंड के हरिद्वार में एक होटल में क्रिसमस संबंधी एक आयोजन को रद्द करना पड़ा। जबकि ऋषिकेश में एक प्रार्थना सभा में व्यवधान डाला गया और जीसस और मैरी का अपमान करते हुये उन्हें अपशब्द कहे गए। ओडिशा के पुरी में सेंटा कैप बेचने वाले ग़रीब परिवार को धमकाया और भगाया गया जबकि महाराष्ट्र में मुंबई के काशीमीरा में क्रिसमस प्रोग्राम रोका गया तथा वहां मौजूद बच्चों से हिन्दू धर्म से जुड़े नारे लगवाए गये। देश भर में इस तरह कि 60 से भी अधिक घटनाओं के समाचार हैं और इन प्रत्येक घटनाओं का विरोध करने वालों में लगभग हर जगह संघ,बजरंग दल, वी एच पी,भाजपा व इनके सहयोगी अन्य हिंदुत्ववादी संगठनों के लोगों के शामिल होने की ख़बरें हैं।

ब्रिटेन से लेकर टर्की तक और कई अरब देशों का मीडिया भारत में क्रिसमस के अवसर पर मचाये गये तांडव को लेकर भारत को किस नज़र से देख रहा है? बड़ा आश्चर्य है कि इस अवसर पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के कैथेड्रल चर्च पहुँचते हैं और इससे जुड़ी कई तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पोस्ट में साझा करते हुये लिखते हैं कि दिल्ली में द कैथेड्रल चर्च ऑफ़ द रिडेम्पशन में क्रिसमस की सुबह की सर्विस में शामिल हुआ। सर्विस में प्यार, शांति और करुणा का शाश्वत संदेश झलका। क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लाए। सवाल यह है कि नरेंद्र मोदी भी संघ की उसी पाठशाला के विद्यार्थी रहे हैं जिसमें संघ संस्थापक व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक गोलवलकर कम्युनिस्ट विचारधारा,ईसाई और मुसलमान जैसे समुदाय को भारत की राष्ट्रीय पहचान और हिंदू संस्कृति के लिए ख़तरा समझते थे। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल्ली के कैथेड्रल चर्च पहुंचकर शांति व प्रेम का सन्देश देना कितना वास्तविक है और कितना औपचारिक या दिखावा? और यदि वास्तव में मोदी को क्रिसमस के अवसर पर करुणा का शाश्वत संदेश झलकते दिखाई दिया तो उसी विचारधारा के लोगों द्वारा हिंसा और उद्दंडता का ऐसा साम्प्रदायिक प्रदर्शन क्यों जिससे दुनिया में देश की बदनामी हो ? दरअसल यही हैं विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां?

# नया साल: मानवीय संवेदनाओं के प्रति एक अटूट संकल्प

**स्त्रियों के प्रति केवल आदर का दिखावा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज में एक ऐसा दृष्टिकोण विकसित करना अनिवार्य है, जो उन्हें वास्तव में बराबरी और पूर्ण सुरक्षा का एहसास कराए। हमें एक ऐसे वातावरण का निर्माण करना होगा जहाँ वे बिना किसी भय के अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और घर से लेकर कार्यस्थल तक उन्हें सम्मानजनक स्थान मिले। उनके अधिकारों के प्रति सजग होना।**


दिलीप पाठक

नए वर्ष का आगमन केवल कैलेंडर के पन्ने पलटने का उत्सव नहीं है और न ही केवल औपचारिक शुभकामनाओं के आदान-प्रदान का बहाना, बल्कि यह समय है अपनी आत्मा के झरोखों को खोलने और खुद से कुछ ऐसे वादे करने का जो हमारे जीवन की सार्थकता सिद्ध कर सकें। आज के दौर में जब हर कोई अपनी सफलताओं को साबित करने की अंधी दौड़ में शामिल है, तब हमें यह समझने की आवश्यकता है कि एक अच्छा इंसान बनना ही जीवन का अंतिम और सर्वोच्च लक्ष्य होना चाहिए। अक्सर हम अपनी पूरी ऊर्जा दुनिया को कुछ साबित करने, दूसरों से आगे निकलने और सफलता के भौतिक प्रतिमान गढ़ने में लगा देते हैं, लेकिन इस आपाधापी में हम उस मूल उद्देश्य को भूल जाते हैं कि मनुष्य होने का वास्तविक अर्थ क्या है। एक सभ्य समाज का निर्माण तभी संभव है, जब हम अपनी नागरिक जिम्मेदारियों को केवल बोझ न समझकर उन्हें अपने स्वभाव का हिस्सा बना लें। हमें समझना होगा कि समाज के प्रति हमारी संवेदनशीलता ही हमारे व्यक्तित्व की असली कसौटी है। इस नए सफर में हमारा पहला संकल्प पर्यावरण के प्रति कृतज्ञता और सुरक्षा का होना चाहिए। क्योंकि प्रकृति से विमुख होकर हम अपना अस्तित्व नहीं बचा सकते।



इस दिशा में स्त्रियों के प्रति हमारा नजरिया बुनियादी बदलाव की मांग करता है। स्त्रियों के प्रति केवल आदर का दिखावा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज में एक ऐसा दृष्टिकोण विकसित करना अनिवार्य है, जो उन्हें वास्तव में बराबरी और पूर्ण सुरक्षा का एहसास कराए। हमें एक ऐसे वातावरण का निर्माण करना होगा जहाँ वे बिना किसी भय के अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और घर से लेकर कार्यस्थल तक उन्हें सम्मानजनक स्थान मिले। उनके अधिकारों के प्रति सजग होना और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में बराबर का भागीदार बनाना ही एक प्रगतिशील समाज की सच्ची पहचान है। जब हम स्त्रियों को वस्तु के बजाय एक स्वतंत्र और सक्षम व्यक्तित्व के रूप में देखना शुरू करेंगे, तभी हमारे समाज की नैतिक नींव मजबूत होगी। सुरक्षा केवल कानूनों से नहीं, बल्कि हमारे उस मानसिक बदलाव से आएगी जो हर स्त्री को गरिमा के साथ जीने का अधिकार देता है।

इसी प्रकार, बुजुर्गों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी अग्रणी होनी चाहिए, बुजुर्गों के अनुभव और उनकी स्नेहिल छाया हमारे जीवन की सबसे अनमोल थाती है, जिसे सहेजकर रखना हमारा नैतिक दायित्व है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर अपनों को ही पीछे छोड़ देते हैं, लेकिन उन्हें समय देना और उनके प्रति निस्वार्थ सेवा भाव रखना ही हमारी ज़िंदगी का असली सार है। बुजुर्ग केवल मार्गदर्शन ही नहीं देते, बल्कि वे हमारे मूल्यों के संरक्षक भी होते हैं। उनकी उपेक्षा करना अपने स्वयं के इतिहास और जड़ों को काटने जैसा है। हमें संकल्प लेना होगा कि हम उनके अकेलेपन को अपनी आत्मीयता से भरेंगे और उनके जीवन के अंतिम पड़ाव को सम्मानजनक और सुखमय बनाएंगे।

बच्चों के प्रति हमारी सोच में भी क्रांतिकारी बदलाव की आवश्यकता है। बच्चों को केवल ऊँचे अंक लाने की मशीन समझना या उन पर प्रतिस्पर्धा का बोझ लादना उनके बचपन के साथ अन्याय है। हमारा प्राथमिक कर्तव्य उन्हें केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें संवेदनाओं और सहानुभूति का पाठ पढ़ाना है ताकि वे कल के एक जिम्मेदार और दयालु नागरिक बन सकें। यदि हम उन्हें दूसरों के दुःख को समझने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के संस्कार देंगे, तभी एक बेहतर भविष्य की कल्पना की जा सकती है। नागरिक होने के नाते हमारा यह दायित्व है कि हम एक ऐसा समाज छोड़कर जाएं जहाँ करुणा और मानवता सर्वोपरि हो। इस नए वर्ष में, आइए खुद को साबित करने के बजाय खुद को सुधारने का प्रयास करें, ताकि हमारे कारण किसी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई पीड़ा न पहुँचे।

मानवीय करुणा का दायरा केवल इंसानों तक सीमित न रहे, बल्कि बेजुबान जानवरों के प्रति भी हमारे मन में उतनी ही दया होनी चाहिए। इस वर्ष हमें दिखावे की संस्कृति का त्याग कर सादगी को अपनाना चाहिए। हमें खुद को साबित करने की अंधी दौड़ से बाहर निकलना होगा, क्योंकि शांति और संतोष भीतर से आता है, बाहर के शोर से नहीं। सबसे महत्वपूर्ण संकल्प यह होना चाहिए कि हमारे किसी भी कृत्य, शब्द या व्यवहार से किसी भी प्राणी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई कष्ट न पहुँचे। हमारी वाणी में वह मिठास हो जो टूटते हुए दिलों को जोड़ सके और हमारे कार्यों में वह निस्वार्थ भाव हो जो समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान ला सके।

यदि हम अपनी नागरिकता का धर्म निभाते हुए ईमानदारी, स्वच्छता और नैतिकता के पथ पर अडिग रहें, तो यह नया साल न केवल हमारे लिए बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक सुखद क्रांति लेकर आएगा। आइए, इस वर्ष खुद को एक बेहतर, उदार और करुणामयी मनुष्य के रूप में ढालने का प्रयास करें, क्योंकि अंततः एक अच्छा इंसान बनना ही जीवन का सबसे बड़ा और एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने बुजुर्गों को बांटे कंबल

- मैथा में नया साल बुजुर्गों के साथ कार्यक्रम का भव्य आयोजन
- शीतलहर में बुजुर्गों के लिए सेवा का संदेश
- हजारों बुजुर्गों को मिला सम्मान और सहारा
- सेवा और संवेदनशीलता सरकार की प्राथमिकता: केशव मौर्य
- बुजुर्गों के सम्मान में जुटे जनप्रतिनिधि व अधिकारी
- नववर्ष पर मानवता और सेवा का संदेश

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** कानपुर देहात की मैथा तहसील क्षेत्र अंतर्गत रामजानकी महाविद्यालय, बैरी असई परिसर में नया साल बुजुर्गों के साथ कार्यक्रम का भव्य आयोजन गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुजुर्गों को कंबल वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उपस्थित जनसमूह को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार का मूल मंत्र सेवा, सुरक्षा और संवेदनशीलता है और इसी भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं एवं सहायता को पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला एवं पूर्व सांसद द्वारा किए जा रहे जनसेवा के कार्यों की सराहना की। नववर्ष 2026 के पावन अवसर पर जनपद कानपुर देहात में मानवता, सेवा और संवेदनशीलता का प्रेरणादायी उदाहरण देखने को मिला। शीतलहर से प्रभावित बुजुर्गों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला तथा पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी के संयोजन में नया साल बुजुर्गों के साथ कार्यक्रम का भव्य आयोजन मैथा तहसील क्षेत्र अंतर्गत रामजानकी महाविद्यालय, बैरी असई परिसर में किया गया। कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में कई हजार बुजुर्गों को कंबलों का वितरण किया गया। इसके साथ ही बुजुर्गों के सम्मान, आत्मीयता एवं अपनत्व को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशाल महाभोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मैथा मंडल सहित आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों बुजुर्गों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में उपस्थित कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि शीतलहर के बीच इस प्रकार का आयोजन सरकार एवं जनप्रतिनिधियों की संवेदनशील सोच को दर्शाता है, जिसमें समाज के कमजोर, बुजुर्ग एवं जरूरतमंद वर्ग को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन सामाजिक समरसता को भी मजबूत करते हैं। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र में पड़ रही भीषण ठंड को देखते हुए मैथा मंडल के प्रत्येक गांव से बुजुर्गों को आमंत्रित किया गया, ताकि उन्हें समय रहते राहत उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने बताया कि कंबल वितरण के साथ-साथ बुजुर्गों के सम्मान हेतु भोजन एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की गई। पूर्व सांसद ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, समस्त अतिथियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, क्षेत्रीय सम्मानित नागरिकों एवं कार्यक्रम में शामिल सभी बुजुर्गों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रेणुका सचान, अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी कपिल सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दुयंष्त कुमार मौर्य सहित संबंधित अन्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। नववर्ष के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम बुजुर्गों के प्रति सम्मान, सेवा और संवेदनशीलता का सशक्त संदेश देने वाला सिद्ध हुआ।

# नया साल बहुजनों के लिए सुख-समृद्धि लेकर आए : मायावती

- बहुजन समाज के अच्छे दिनों के लिए संघर्ष जारी रहेगा : मायावती

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** वृहस्पतिवारः समस्त देशवासियों तथा दुनिया भर में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों एवं उनके परिवार वालों को आज नववर्ष सन् 2026 की दिली मुबारकबाद एवं उन सबकी सुख, शान्ति, समृद्धि, सुरक्षा एवं आत्म-सम्मान-युक्त सौहार्दपूर्ण जीवन की शुभकामनायें देते हुये बहुजन समाज पार्टी (बी.एस.पी.) की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश की चार बार रहीं मुख्यमंत्री व पूर्व सांसद तथा देश में परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट की महानायिका बहन कु. मायावती जी ने कहा कि यह नया साल देश में सर्वसमाज के गरीब व मेहनतकश लोगों अर्थात् समस्त बहुजनों की दिन-प्रतिदिन की जिन्दगी नित्य नये नियम-कानूनों की कदम-कदम पर जंजाल व जकड़न आदि से मुक्त सहज व सरल हो तथा यह साल सबके लिये बहुत सारी ख़ुशियाँ लाये, यही कुदरत से कामना के साथ-साथ राजनीतिक और सामाजिक जीवन में ''बहुजन समाज'' का अपने थोड़े अच्छे दिन के लिये यही कड़ा संघर्ष भी है। दुनिया की विशाल जनसंख्या वाला भारत देश तथा आबादी के हिसाब से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में बहुजनों की अपार ग़रीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार आदि के त्रस्त जीवन से मुक्ति के लिये देश के विकास का लाभ कल्याणकारी संविधान के हिसाब से, यहाँ केवल कुछ मुट्ठी भर लोगों को नहीं, बल्कि सभी अति-ज़रूरतमन्द लोगों तक सही से मिले और उनके भी थोड़े अच्छे दिन आयें, जिसके लिये प्रति व्यक्ति विकास दर को सरकारी नीति व कार्यक्रमों से मजबूती प्रदान करके उसे बेहतर बनाने की सख्त जरूरत है। साथ ही, इसके लिये, बी.एस.पी. की सरकार के कानून द्वारा कानून का अभूतपूर्व व बेहतरीन राज तो संभव नहीं है, फिर भी संवैधानिक मान्यताओं के हिसाब से क़ानून के राज की हर स्तर पर स्थापना के लिये हर प्रकार के द्वेष व नफ़रती हिंसा आदि से मुक्ति दिलाने हेतु आपराधिक व असमाजिक तत्वों के विरुद्ध बिना किसी पक्षपात और भेदभाव के सख्ती से कार्रवाई आदि अति-आवश्यक है ताकि नया साल में कुछ नया बदलाव लोगों को महसूस भी हो और देश भर में खासकर घृणा व नफ़रती तनाव व हिंसा का जो माहौल बनाने का षड्यंत्र जारी है उसका देश व जनहित में अन्त हो।

## कड़ाके की ठंड में भी लखनऊ ने नवाबी अंदाज़ में मनाया नया साल

**लखनऊ।** कड़ाके की ठण्ड होने के बावजूद भी नये साल का उत्साह हर पर छाया रहा। साल 2026 का पहला दिन लखनऊवासियों ने पूरे नवाबी अंदाज में मनाया। पहले दिन उल्लास और उमंग के साथ हजारों की संख्या में शहर के लोग घूमने निकले। पार्क, मॉल, पार्कों सहित 1090 चौराहा और मंदिरों में सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही। सुबह से ही शहर के युवा और परिवार के लोग सभी एक साथ नये साल के दिन को खास मनाने निकल पड़े। शहर के मंदिरों में भी जमकर भीड़ लगी रही और लोगों ने अपने परिजनों के साथ मंदिरों में दर्शन प्रार्थना कर नए साल में खुशी-समृद्धि और विकास की दुआएं मांगी। साल के पहले दिन सुबह से निकली धूप ने शहरवासियों का हौसला दोगुना कर दिया। कड़ाके की ठण्ड के बावजूद भी नये साल का उत्साह हर ओर छाया रहा। ऐतिहासिक आसिफी इमामबाड़े में सुबह नौ बजे से ही लोगों का जमावड़ा लगने लगा। दोपहर 11 बजे तक चिड़ियाघर में भीड़ कम थी लेकिन 12 बजे के बाद से ही टिकट काउंटर पर लाइन लग गई। 1090 चौराहे पर लोगों का हुजूम देखते ही बन रहा था।

# शालीमार गार्डेन में संविधान की प्रस्तावना बांटकर भाईचारे की अपील

- तलवार बांटने की घटना के विरोध में कांग्रेस का शांतिपूर्ण संदेश

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अकबर चौधरी की ओर से गाजियाबाद के शालीमार गार्डेन में नये साल पर संविधान की प्रस्तावना, गुलाब का फूल और कलम बांट कर सदभावना का संदेश दिया गया। विदित हो कि गाजियाबाद के 80 फिटा रोड पर शालीमार गार्डेन इलाके में पिछले दिनों हिंदू रक्षा दल नामक संगठन से जुड़े लोगों ने तलवार और फरसा बांटा था। कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम और अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव शाकिर अली भी शामिल हुए और लोगों से आपसी सद्भाव और प्यार-मोहब्बत से रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने बड़ी संख्या में राहगीरों को संविधान की प्रस्तावना, गुलाब का फूल और कलम बांटा, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। कार्यक्रम के बाद कांग्रेस सचिव शाहनवाज आलम ने कहा कि पिछले कुछ सालों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संगठित तौर से नफरत और साम्प्रदायिक हिंसा फैलाने का प्रयास आरएसएस और भाजपा से जुड़े तत्व करते रहे हैं, जिन्हें सरकारी संरक्षण मिला हुआ है। कार्यक्रम संयोजक अकबर चौधरी ने हथियार बांटने के मुख्य आरोपी पिंकी चौधरी के अब तक गिरफ्तार न होने पर रोष व्यक्त करते हुए पिंकी चौधरी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। शाकिर अली ने कहा कि गाजियाबाद में यती नरसिंहानंद और पिंकी चौधरी जैसे गुण्डे लगातार माहौल बिगाड़ रहे हैं। इन्हीं तत्वों ने पिछले दिनों ईसाई समुदाय पर भी हमले किये थे। कार्यक्रम में कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष पंडित सुनील शर्मा, ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विजयपाल चौधरी, ओबीसी कांग्रेस सचिव बलराज छाबड़ा, दलित कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष रवि चौधरी, पूर्व पार्षद जितेन्द्र टाक, महानगर सचिव पंडित हरेन्द्र शर्मा, रिजवान सैफी सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

**अलीगंज नए हनुमान मंदिर में करीब 2.50 लाख तो हनुमान सेतु में 1.50 लाख से भी अधिक पहुंचे श्रद्धालू**

# मुख्यमंत्री योगी के विजन से धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिल रही है : जयवीर सिंह

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** नए साल के अवसर पर लखनऊ धार्मिक पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में उभरता नजर आया। शहर के प्रमुख मंदिरों, गुरुद्वारों और जैन धार्मिक स्थलों पर लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने यह स्पष्ट कर दिया कि राजधानी अब आस्था और धार्मिक पर्यटन का प्रमुख गंतव्य भी बन रही है। पर्यटन विभाग द्वारा धार्मिक स्थलों के विकास और सुविधाओं के विस्तार का सीधा असर नववर्ष पर देखने को मिला। मनकामेश्वर मंदिर, हनुमान सेतु, अलीगंज नया हनुमान मंदिर, चंद्रिका देवी मंदिर, हनुमंत धाम, आलमबाग हनुमान मंदिर सहित शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसरों में आरती, भजन, शोभायात्रा, हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन हुआ, जिससे श्रद्धालुओं के साथ-साथ बाहर से आए पर्यटकों को भी आध्यात्मिक अनुभव मिला।



अलीगंज स्थित नए हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी जगदंबा प्रसाद ने बताया कि मंदिर को 501 किलो फूलों से सजाया गया था और पूरे दिन भंडारे का आयोजन चलता रहा। उन्होंने बताया कि सुबह से रात तक करीब 2.50 लाख श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के दर्शन किए। मनकामेश्वर मंदिर की महंत दिव्या गिरी ने बताया कि आंग्ल नववर्ष के उपलक्ष्य में सुबह सात बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई और पूरे दिन डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए। वहीं लखनऊ के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी भगवान सिंह बिष्ट के अनुसार नववर्ष पर यहां भी 1.50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, जिससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन का माहौल बना रहा। जैन मंदिरों में शांति धारा और अभिषेक, जबकि यहियागंज, आलमबाग, इंदिरानगर और खालसा चौक स्थित गुरुद्वारों में विशेष दीवान सजे। इससे स्पष्ट हुआ कि लखनऊ का धार्मिक पर्यटन मॉडल बहुधार्मिक और समावेशी स्वरूप में आगे बढ़ रहा है।

## कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से की शिष्टाचार भेंट



**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने मंत्री को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध एवं प्रशासनिक उपलब्धियों से अवगत कराया। विश्वविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी पाकर मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रसन्नता व्यक्त की। मंत्री ने विश्वविद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर बज़्म-ए-ख़्वातीन की कड़ी चिंता




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** हाल के दिनों में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए बज़्म-ए-ख़्वातीन के तत्वावधान में एक साहित्यिक गोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बेगम शहनाज़ सुदरत ने अपने संबोधन में कहा कि अब महिलाओं को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुरुष प्रधान समाज ने महिलाओं पर सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक बंधन थोप दिए हैं। शालीनता को महिला का आभूषण माना जाता है, लेकिन इसी की आड़ में उसे कमजोर और भोला साबित किया जाता है, जिसका नतीजा यह है कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों, विशेषकर दुष्कर्म के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने सरकार से इस दिशा में सख्त कार्रवाई की मांग की।

इसके पश्चात आयोजित कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. असमा असलम उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि कृष्णा राजपूत रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ज़ैनब ख़ान की नातिया प्रस्तुति से हुई। रिज़वाना मजीद और अफ़रोज़ जहां ने अपने काव्य के माध्यम से समसामयिक परिस्थितियों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि डॉ. असमा असलम ने अपने वक्तव्य में कहा कि बज़्म-ए-ख़्वातीन लखनऊ की महिलाओं की सबसे पुरानी संस्था है, जिसका उद्देश्य महिलाओं में धार्मिक एवं सांसारिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और राजनीतिक चेतना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गोष्ठियां महिलाओं की छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने का सशक्त माध्यम हैं और यह देखकर प्रसन्नता होती है कि संस्था की सदस्याएं हर क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं।

कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए चुनिंदा अशआरों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

# यूपी कोऑपरेटिव एक्सपो में सजी भव्य सांस्कृतिक संध्या

- अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर कार्यक्रम, मंत्री जेपीएस राठौर ने दी बधाई
- बॉलीवुड सिंगर नीरज तिवारी की प्रस्तुति पर झूमा लखनऊ

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उ0प्र0 के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के सफल आयोजन पर अधिकारियों को बधाई दी तथा प्रदेशवासियों को भी नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित यूपी कोऑपरेटिव एक्सपो-2025 के अंतर्गत बुधवार की शाम एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर नीरज तिवारी ने अपनी सुमधुर और ऊर्जावान प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नीरज तिवारी के लोकप्रिय गीतों पर दर्शक झूमते नजर आए और पूरा माहौल संगीतमय हो गया। उनकी प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा।

इस अवसर पर पूर्वा (उन्नाव) से विधायक अनिल सिंह, जिला सहकारी बैंक लखनऊ, उन्नाव, रामपुर एवं हाफैड के चेयरमैन नवलेश प्रताप सिंह एवं सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन सहकारिता के मूल्यों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करते हैं।

# वन्दे भारतम उत्सव राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का काम करते है : डॉ. योगी देवराज

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** योगकुलम संस्था की ओर से नये साल पर विकासनगर में राष्ट्र वंदना एवं स्व-जागरण के भव्य उत्सव वन्दे भारतम का आयोजन गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री विद्या विन्दु, भाईश्री दिलीप शुक्ल, डा योगी देवराज, अनिल कुमार अग्रवाल, प्रो. उषा बाजपेई द्वारा दीप प्रज्वलन भारत माता पूजन एवं तुलसी आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर योगा यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. योगी देवराज ने योग शिक्षा एवं योग के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु योगकुलम के संस्थापक मनीष प्रताप सिंह को मानद डॉक्टरेट उपाधि से अलंकृत किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डा, योगी देवराज ने कहा कि आज के समय में ऐसे आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है, जब समाज तीव्र गति से पाश्चात्य संस्कृति की ओर अग्रसर हो रहा है। ऐसे में वन्दे भारतम जैसे उत्सव समाज को उसकी मूल संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रीय चेतना से पुनः जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। योगकुलम के प्रमुख मनीष प्रताप सिंह ने बताया कि योगकुलम विगत 13 वर्षों से हर घर योग - सब रहें निरोग के संकल्प के साथ राष्ट्रसेवा में समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। राम कथा व्यास दिलीप शुक्ल ने कहा कि भारत माता पूजन समाज में व्याप्त धर्म, पंथ, जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद एवं लिंग-भेद से ऊपर उठकर एक ऐसे समरस समाज का निर्माण करता है, जो राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत हो। वहीं तुलसी पूजन को उन्होंने सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक बताया। संचालन डा राम कृष्ण पाण्डेय ने किया।

## गुजरात की शैक्षिक यात्रा पर रवाना हुआ सी.एम.एस. छात्र दल

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस का 41 सदस्यीय छात्र दल सात-दिवसीय शैक्षिक यात्रा पर आज गुजरात रवाना हो गया। इस शैक्षिक यात्रा के दौरान सी.एम.एस. छात्र प्रकृति की विशालता, व्यापकता व सौन्दर्य के साथ ही देश की साँस्कृतिक विरासत से रूबरू होंगे। सी.एम.एस. छात्रों की यह यात्रा उनके ज्ञान व व्यक्तित्व विकास में सहायक होगी, साथ ही विविधता में एकता का महत्व से भी अवगत करायेगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। खन्ना ने बताया कि इस यात्रा को इस प्रकार डिजाइन किया गया है, जिससे कि छात्र पर्यावरण विज्ञान, इतिहास और आधुनिक इंजीनियरिंग की त्रिवेणी से रूबरू हो सकें। यात्रा में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा 6, 7, 8, 9 और 11 के छात्र शामिल हैं।

# खिदमत-ए-खल्क का सवाब कई गुना है : मुफ्ती अबुल इरफान

- मोहम्मदी मिशन द्वारा जरूरतमंदों को वज़ीफा, राशन किट का वितरण

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** आल इण्डिया मोहम्मदी मिशन के तत्वावधान में मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगी महली क़ाज़ी ए शहर लखनऊ वा सरपरस्त ए आला ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन की सरपरस्ती वा सैयद इकबाल हाशमी राष्ट्रिय अध्यक्ष आल इण्डिया मोहम्मदी मिशन की अध्यक्षता में तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया में बेवा,गरीब , बेसहारा 57 महिलाओं को वजीफा जिसमे 500 से 1500 तक रूपया और राशन किट बांटा गया। मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगीमहली क़ाज़ी ए शहर लखनऊ वा सरपरस्त ए आला ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन ने अपने बयान में फरमाया कि अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त रहमान है और उसने कायनात के लिए अपनी रहमत के इज़हार के लिए नबी ए रहमत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को इस दुनिया ए फ़ानी में भेजो ताकि दुनिया व?आखिरत के गमों को दूर करके अमन व सुकून के साथ उम्मत अपनी बंदगी का इज़हार कर सके और आपकी सारी जिंदगी मजबूर, मज़लूम ,बेकस, बेसहारा, बेवा, यतीम की राहत रसाई फरमाते रहे और अपनी उम्मत को भी पैगाम दिया कि तुम लोग ज़मीन वालों पर रहम करो ताकि आसमान वाला तुम पर रहम करें हर ज़माने में लोग जो मोहब्बतें रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम में डूबे हुए अपनी हैसियत के मुताबिक अमल करते आए हैं और आज भी लोग जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं।

मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगीमहली क़ाज़ी शहर लखनऊ सरपरस्त ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन ने अवाम से यह अपील करी है की औलिया अल्लाह की जिंदगी के बारे में पढ़ें ,सुने और समझे और अपनी जिंदगी उसी के अनुसार गुज़ारे, अपनी हर मुमकिन कोशिश करके अमन, मोहब्बत और तालीम को आगे बढ़ाकर अल्लाह और उसके रसूल के गुलामों में अपना नाम दर्ज कराएं इसी में आपकी दुनिया और आखिरत की भलाई है।

## सफदर हाशमी व रामबहादुर नेपाली को नमन, नुक्कड़ नाटक का मंचन

**लखनऊ।** जाने-माने संस्कृति कर्मी, लेखक और नाटककार सफदर हाशमी और रामबहादुर नेपाली की पुण्यतिथि पर शहर के रंगकर्मियों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। गुरुवार को आलमबाग स्थित सवारी माल डिब्बा कारखाना में अमुक आर्टिस्ट ग्रुप एवं उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन की ओर से आयोजित नाटक की शुरूआत सफदर हाशमी और रामबहादुर नेपाली के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा मंत्री अरविंद सिंह सहित अन्य नेताओं के साथ ही अमुक आर्टिस्ट ग्रुप के मुखिया अनिल मिश्र गुरुजी ने सफदर हाशमी और रामबहादुर नेपाली के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। नाटक से पहले कलाकारों ने जनगीतों से कर्मचारियों में जोश भर दिया। इसके बाद अनिल मिश्र गुरुजी के निर्देशन, परिकल्पना और लेखन में हम क्रांति करेंगे का मंचन किया गया, जिसमें शशांक पाण्डेय, अनामिका सिंह, शोभित राजपूत, राहुल प्रताप सिंह आदि ने अभिनय किया और संगीत संतोष कुमार का रहा।

# कश्मीर वंदे भारत एक्सप्रेसः पटरियों पर दौड़ता सांस्कृतिक और जायके का संगम

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे न केवल दूरियों को कम कर रहा है, बल्कि स्वाद के जरिए हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी जोड़ रहा है। कश्मीर वंदे भारत एक्सप्रेस वास्तव में एक भारत श्रेष्ठ भारत का जीता-जागता उदाहरण है।

कश्मीर की वादियों में दौड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस सिर्फ अपनी रफ्तार के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी मेहमाननवाजी के लिए भी चर्चा का विषय बनी हुई है। श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच चलने वाली यह ट्रेन यात्रियों को एक ऐसा अनूठा अनुभव प्रदान कर रही है, जहाँ स्वाद की खुशबू से राष्ट्रीय एकता की भावना और मजबूत होती है। वंदे भारत एक्सप्रेस में परोसा जा रहा है डोगरा और कश्मीरी संस्कृति का मेलः इस सफर की सबसे खास बात इसकी क्यूरेटेड थाली है। यात्रियों को मिलने वाला भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि उस क्षेत्र की मिट्टी की पहचान है।

कटरा से श्रीनगर (डोगरी संस्कृति का स्वाद)ः जब ट्रेन श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर की ओर प्रस्थान करती है, तो यात्रियों को पारंपरिक डोगरी व्यंजन जैसे राजमा, हॉक साग, कश्मीरी कदम, हॉक पनीर आदि परोसे जाते हैं। यह भोजन जम्मू क्षेत्र की समृद्ध डोगरा संस्कृति का प्रतिबिंब है, जिसमें स्थानीय मसालों और पारंपरिक पाक शैली का मिश्रण होता है। श्रीनगर से कटरा (कश्मीरी जायका)ः वापसी की यात्रा में, जब ट्रेन श्रीनगर से चलती है, तो यात्रियों को विश्व प्रसिद्ध कश्मीरी व्यंजनों जैसे कश्मीरी पुलाव,कश्मीरी कदम, जीरा आलू, हॉक पनीर, केसर फिरनी आदि का आनंद लेने का मौका मिलता है। केसर की खुशबू और कश्मीरी मसालों से तैयार यह भोजन यात्रियों को घाटी की मेहमाननवाजी का अहसास कराता है।



**राष्ट्रीय एकता का प्रतीक**

भोजन का यह आदान-प्रदान महज एक मेन्यू नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय एकीकरण (National Integration) का एक सशक्त प्रतीक है।

1. संस्कृतियों का जुड़ावः डोगरा और कश्मीरी खान-पान को एक ही सफर का हिस्सा बनाकर, यह ट्रेन जम्मू और कश्मीर के दो अलग-अलग भौगोलिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों को आपस में जोड़ रही है।
2. पर्यटन को बढ़ावाः देश-दुनिया से आने वाले पर्यटक जब एक ही यात्रा में इन दोनों विविध स्वादों को चखते हैं, तो उन्हें भारत की विविधता में एकता का वास्तविक अनुभव होता है।
3.विकास और विरासतः यह ट्रेन आधुनिक तकनीक और प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के बीच एक सुंदर सेतु का काम कर रही है।

कश्मीर वंदे भारत एक्सप्रेस ने साबित कर दिया है कि यात्रा सिर्फ एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचने का नाम नहीं है, बल्कि यह देश की विविधताओं को करीब से जानने और उन्हें सम्मान देने का एक जरिया है। डोगरी और कश्मीरी व्यंजनों का यह अनोखा संगम भारत की अटूट एकता का संदेश पूरी दुनिया को दे रहा है।

# अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ पहुचाएं

अवधनामा संवाददाता



■ डिस्कांम के हर बिजली घर को आर्दश बिजली घर बनाने के निर्देश

**मेरठ।** प्रथम चरण की समाप्ति के अवसर पर, उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा विशेष व्यवस्था की गई जिसके अन्तर्गत कैश काउटर देर रात तक खुले रखे गए ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता अपना बिजली बिल जमा कर सके। देर रात तक जारी इस व्यवस्था के दौरान उपभोक्ताओं ने कैश काउटर पर पहुचकर अपने बिजली के बिल जमा किए, विभाग का उद्देश्य है कि किसी भी उपभोक्ता को बिजली बिल जमा करने में असुविधा न हो तथा अधिकतम छूट पाने के लिए प्रथम चरण के अन्तिम दिन बिल जमा करने का अधिकतम अवसर उपभोक्ताओं को उपलब्ध रहे।

इस दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर रवीश गुप्ता (आईएएस) 33/11 केवी सबस्टेशन यूनिवर्सिटी रोड मेरठ पहुचे और वहाँ प्रथम चरण सम्पन्न होने के दिन, उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा कराने की सुविधा तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होनें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया की उपभोक्ता सेवाओं को अधिक सुदृढ एवं प्रभावी बनाया जाए तथा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बिजली घर पर प्रबन्ध निदेशक ने योजना से जुडी व्यवस्थाओं, पंजीकरण व्यवस्था तथा समाधान की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया गया की कैम्प में आने वाले लाभार्थी का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होनें बिजली बिल राहत योजना के प्रति पात्र उपभोक्ताओं को जागरूक करनें एवं अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना से जोडने हेतु व्यापक जनसंपर्क करने के निर्देश दिए।

# यातायात नियमों का पालन में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण




अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** शहर को रोज़मर्रा के अव्यवस्थित यातायात से निजात दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक अभिनव और अनुकरणीय पहल की है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एनसीसी एवं एनएसएस कैडेटों को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें यातायात सुधार अभियान का अहम हिस्सा बनाया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिलाधिकारी ने कैडेटों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, अनुशासन तथा आमजन से संवाद के व्यवहारिक तरीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है, और इसमें युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस पहल के तहत अब शहर के प्रमुख एवं व्यस्त चौराहों पर एनसीसी व एनएसएस कैडेटों की दो शिफ्टों में तैनाती की जाएगी। कैडेट न केवल यातायात को सुचारु बनाए रखने में सहयोग करेंगे, बल्कि वाहन चालकों व पैदल यात्रियों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित भी करेंगे। हेलमेट, सीट बेल्ट, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, सिग्नल पालन जैसे नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस व्यवस्था से एक ओर जहां शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर एनसीसी व एनएसएस कैडेटों को व्यवहारिक प्रशिक्षण और सामाजिक दायित्व का अनुभव भी प्राप्त होगा, जो उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

# वृंदावन के मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**मथुरा।** वृंदावन के श्रीबांके बिहारी मंदिर सहित ठाकुर राधावल्लभ मंदिर, श्रीराधारमन मंदिर, श्रीराधागोपीनाथ मंदिर, राधादामोदर मंदिर, इस्कॉन मंदिर एवं प्रेम मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। नए साल पर श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। भक्तों ने ठाकुरजी के दर्शन कर फूल-मालाएं अर्पित कीं और प्रसाद चढ़ाकर नववर्ष की शुरुआत की। श्रीबांके बिहारी मंदिर में दर्शन के लिए मंदिर के पट खुलने से पहले ही श्रद्धालु प्रथम दर्शन की अभिलाषा लेकर पहुंच गए थे। पट खुलते ही भक्त मंदिर परिसर में उमड़ पड़े और पूरा वातावरण जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। बांके बिहारी मंदिर के मुख्य मार्ग से लेकर विद्यापीठ चौराहा एवं गेट नंबर तीन से जुगलघाट मार्ग तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं को सहज एवं सुरक्षित दर्शन कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं कीं।

# सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर थे चंद्रजीत : चंद्रभूषण



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** अपना सम्पूर्ण जीवन सामाजिक न्याय की लड़ाई में आहूत करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रजीत यादव ने कभी भी अपनी सामाजिक न्याय समर्थक वैचारिकी से समझौता नहीं किया और ताजिंदगी इसको अमली जामा पहनाने हेतु संघर्षरत रहे,उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर चंद्रजीत यादव के जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि चंद्रजीत यादव ऐसे विरल व्यक्तित्व के नेता थे जिन्होंने समता पार्टी के भाजपा से गठबंधन के बाद मतांतर होने के कारण भाजपा समर्थक बन सांसद बनने की बजाय सक्रिय राजनीति को तिलांजलि दे दिया।

सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने चंद्रजीत यादव के साथ मंडल कमीशन के लिए उनके द्वारा गठित अराजनीतिक संगठन सामाजिक न्याय मंच में सक्रिय रह कार्य करने को याद करते हुए कहा कि चंद्रजीत यादव पक्ष के पहाड़ थे जिनका पक्ष सामाजिक न्याय था। मैं सामाजिक न्याय के इस महान पुरोधा को उनके जयंती पर नमन करता हूं।उक्त अवसर पर उपस्थित सुरेश नारायण सिंह, दयानंद यादव गोविंद यादव, अशोक यादव, संतोष मद्धेशिया, रामप्यारे यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड, संतोष कुमार सिंह, व्यास यादव, मुन्ना अंसारी, आदि ने चंद्रजीत यादव के चित्र के समक्ष नतमस्तक हो उन्हें नमन किया।

# घर जा रहे व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** साल का अंतिम दिन महेंद्र यादव के परिवार पर कहर बनकर टूटा। सादात थाना क्षेत्र के बूढ़नपुर ग्राम पंचायत के महेन्द्र यादव (48 वर्ष) की हत्या हमलावरों ने बुधवार की देर शाम धारदार हथियार से हत्या कर दी।हत्या की सूचना मिलने ही गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। बताते चलें कि बूढ़नपुर निवासी देवसरन यादव के चार पुत्रों में महेन्द्र यादव दूसरे नम्बर पर था। उनका पम्पिंगसेट घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर नहर के समीप स्थित है। पम्पिंगसेट से वह साइकिल से शाम को घर से खाना लेने जा रहे थे। इसी दरम्यान रास्ते में हमलावरों ने उनके सिर और चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी। रात आठ बजे तक जब वह रोज की भांति खाना लेने घर नहीं पहुंचे, तो उनके छोटे भाई जयप्रकाश मोटरसाइकिल से हेलमेट लगाकर खाना पहुंचाने के लिए ट्यूबवेल पहुंचे। वहां मौजूद परिजनों ने बताया कि वह तो खाना लाने के लिए काफी समय पहले ही घर गए हैं। जयप्रकाश द्वारा भाई के घर न पहुंचने की सूचना पर महेंद्र की खोजबीन की जाने लगी तो रास्ते में साइकिल समेत उनका शव सड़क किनारे पड़ा मिला। महेंद्र का शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। स्थिति की सूचना पाकर काफी संख्या में ग्रामीण जन मौके पर पहुंच गए। हत्या की जानकारी पर मृतक की पत्नी मंजू देवी, पुत्री सुगंधा, खुशी, पुत्र शुभम और मां जुगरी देवी के करुणक्रंदन से लोगों की आंखें नम हो गई। हत्या की सूचना पाकर सादात व बहरियाबाद थाने की पुलिस और क्षेत्राधिकारी सैदपुर रामकृष्ण तिवारी सदल बल मौके पर पहुंच गए। प्रभारी थानाध्यक्ष सुरेन्द्र राम मिश्रा ने बताया कि ने मृतक के छोटे भाई जयप्रकाश यादव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ईमानदारी से कार्य करनें बाले कर्मी याद रहते हैं : मोहसिन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पंचायत तालग्राम में कार्यरत बिमला देवी सफाई कर्मचारी की सेवानिवृत्ति होनें पर बिदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें चेयरमैन मोहसिन खॉन जानू नें महिला सफाई कर्मी को उपहार भेंट कर एवं सॉल ओडाकर सम्मानित करनें के उपरान्त कहा कि अपने कार्यो को ईमानदारी से पूरा करनें बाले कर्मी हमेशा याद रहते हैं।

गुरूवार को सेवानिवृत्त सफाई कर्मी बिमला देवी को सम्मानित करनें के उपरान्त नगर पंचायत के नलकूप नं0 2 मोहल्ला तालाबकंला में ट्यूबवेल कमरा एवं बाउण्ड्रीबाल का निर्माण कार्य जो कि 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत किया गया था। जिसका चेयरमैन मोहसिन खान जानू व वार्ड सभासद रामदेवी एवं सेवानिवृत्ति कर्मचारी बिमला देवी ने संयुक्त रुप से फीता काटकर शुभारम्भ किया गया।

# दौड प्रतियोगिता में राहुल एवं कुसुम ने मारी बाजी

अवधनामा संवाददाता



■ राजकुमारी मेवाराम हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में सैकड़ो बच्चों ने लिया भाग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** राजकुमारी मेवाराम हायर सेकेंडरी स्कूल में दौड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के तमाम विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। दौड़ प्रतियोगिता में राहुल शर्मा एवं कुसुम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं परिजनों का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार यादव एवं दीपक यादव द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया।

गुरुवार को आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण करने के उपरांत प्रबंधक अशोक कुमार यादव ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों के शारीरिक विकास के बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेलकूद में भी भाग लेना चाहिए। दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग से राहुल शर्मा ने प्रथम, रोहित कुमार ने द्वितीय एवं सौरव कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि बालिका वर्ग की कुसुम ने प्रथम, प्रगति ने द्वितीय एवं दीपांजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से भाकियू महात्मा टिकैत जिला प्रवक्ता आजम इरशाद, युवा जिलाध्यक्ष अमन खान, इमरान खान, रमाकांत, रामविलास, सुनील यादव, सुशील कुमार, अंकित, सूरज, अभिनय, मूलचंद राठौर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नए भारत के निर्माण का लें संकल्पः मकसूद



**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)।** भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के भोपतपुरा गांव निवासी कवि,शायर, पत्रकार व समाजिक चिन्तक मकसूद भोपतपुरी ने नए वर्ष 2026 के मौके पर जारी एक बयान में कहा कि हमें नए साल के मौके पर एक नए भारत बनाने का संकल्प लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नए साल 2026 में कुछ नयापन जरूर दिखनी चाहिए।यह नयापन मानव के जीवन शैली, सोच, व्यवहार, संस्कार व कार्य प्रणालियों में अवश्य झलकनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे महान देश है। हमारे मुल्क की महानता यहां की सर्व धर्म समभाव,सहिष्णुता,आपसी एकता, प्रेम, भाईचारा, परस्पर सहयोग व विश्व बंधुत्व की भावना के कारण है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इन मूल्यों में कमी आई है।आपसी सहयोग के बजाए लोगों में एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने की भावना पनपती जा रही है। वहीं सर्व धर्म समभाव के बजाए अपने ही धर्म को उच्च मानने व बाकी धर्मों को नीचा दिखाने की भावना ने साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का काम किया है।

### डॉ. रमापतिराम त्रिपाठी ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं



**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद देवरिया डॉ. रमापतिराम त्रिपाठी ने नववर्ष 2026 के अवसर पर जनपद सहित प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि नववर्ष 2026 सभी के जीवन में नई उम्मीदें, नए सपने, नई ऊंचाइयां और खुशियां लेकर आए। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष के अनुभवों से सीख लेते हुए हमें नवीन वर्ष का स्वागत नई ऊर्जा, नए संकल्प और उज्ज्वल आशाओं के साथ करना चाहिए। उन्होंने कामना की कि देश में शांति बनी रहे, राष्ट्र समृद्ध एवं वैभवशाली हो तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निरंतर प्रगति हो। नववर्ष देश और समाज के लिए सुख, समृद्धि और उन्नति का संदेश लेकर आए—यही उनकी शुभेच्छा है।

### दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का सफल समापन



**मेरठ (अवधनामा संवाददाता)।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में स्वामी विवेकानंद के जीवन, साहित्य एवं शाश्वत दर्शन पर आधारित दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक समापन हुआ। नववर्ष के अवसर पर आयोजित यह प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद शोध पीठ द्वारा रामकृष्ण मठ, पुणे के सहयोग से संपन्न हुई, जिसने विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया। समापन दिवस पर कार्यक्रम का आरंभ श्रद्धा एवं गरिमा के वातावरण में हुआ। उपाधि महाविद्यालय, पीलीभीत के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दुष्यंत कुमार ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता ने आयोजन को सार्थक बनाया।

### नववर्ष पर भगवान शिव की आराधना कर बांटा प्रसाद

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)।** नव वर्ष के पावन अवसर पर नगर प्रेस क्लब के संरक्षक/वरिष्ठ पत्रकार स्वदेश गुप्ता नें परिजनों के साथ जीटीरोड स्थित आवास में भगवान शंकर का विधि-विधान से पूजन कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। गुरूवार को भगवान शंकर का पूजन करनें के बाद नगर प्रेस क्लब के संरक्षक/वरिष्ठ पत्रकार स्वदेश गुप्ता नें सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण करनें के उपरान्त बताया कि हर वर्ष नव वर्ष के अवसर पर यह धार्मिक आयोजन किया जाता है, ताकि वर्ष की शुरुआत धार्मिक आस्था और सकारात्मक ऊर्जा के साथ हो।

# किसान हित के लिए हमेशा तत्पर रहते थे सुरेंद्र प्रसाद दुबे

**देवरिया।** भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के बड़कागांव स्थित सुरेंद्र प्रसाद दुबे हाई स्कूल में सुरेंद्र प्रसाद दुबे की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति भूमि विकास बैंक उत्तर प्रदेश संत राज यादव एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक सभा कुंवर कुशवाहा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा के साथ याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संत राज यादव ने कहा कि सुरेंद्र प्रसाद दुबे व्यक्ति नहीं विचार थे। वह किसानों के हित लिए हमेशा तत्पर रहते थे।गन्ना किसानों के भुगतान में देरी होने पर केन यूनियन के अध्यक्ष होने के नाते वह उनका भुगतान अपने पास से कर देते थे। यह गुण उनके उदार हृदय की विशेषता को दर्शाता है। विधायक सभा कुंवर कुशवाहा ने कहा कि सुरेंद्र प्रसाद दुबे विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष एवं सदस्य थे जिसके कारण क्षेत्र में उन्हें मेंबर साहब के नाम से जाना जाता था।

# लार युवा मोर्चा के शिकायत के बाद जगा नगर प्रशासन



अवधनामा संवाददाता

■ जलकल बंद होने से महिलाओं व बुजुर्गों की आवाज बना युवा मोर्चा

**देवरिया।** नगर पंचायत लार में विगत दो माह से जलकल सप्लाई बंद होने के कारण पेयजल संकट गहराया है। हजारों लोग शुद्ध पानी से वंचित हैं और मजबूरी में हैंडपंप, निजी बोरिंग व दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाने को विवश हैं। घरों की टंकियां सूख चुकी हैं और आमजन को बूंद-बूंद पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। जलापूर्ति बंद होने से न केवल पेयजल संकट गहराया है, बल्कि आम नागरिकों की दैनिक दिनचर्या भी पूरी तरह प्रभावित हो रही है। संकट का सबसे अधिक असर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों पर पड रहा हैं। इस समस्या को लेकर लार नगर की समाजसेवी संस्था लार युवा मोर्चा के अध्यक्ष साहू विशाल कुमार गुप्ता ने बुधवार को उपजिलाधिकारी दिशा श्रीवास्तव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति ठप होना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है। यदि शीघ्र व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। गुरुवार को नगर प्रशासन हरकत में दिखा, जलकल चालू करने को लेकर नगर में फटे पाइप लाइन को ठीक कराता दिखा। नगर में युवा मोर्चा के प्रयासों की चहुँओर चर्चा हो रही हैं।

# मिशन शक्ति केंद्र में दो दंपतियों के विवाद में हुई सुलह

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानीय कोतवाली में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र में नियमित काउंसलिंग के दौरान आपसी पारिवारिक विवादों से परेशान दो दंपतियों के मामलों का काउंसलिंग के माध्यम से सफल निपटारा किया गया।

गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी व महिला हेड कांस्टेबल शशि वाला एवं पीएलवी सीमा बानों द्वारा आवेदिका रामकटोरी पत्नी रूपलाल निवासी ग्राम मीरपुर व आवेदिका नारायन श्री पत्नी हरिराम निवासी मीरपुर के प्रार्थना पत्रो पर दोनों पक्षों को बुलाया। केंद्र पर पहुंचे दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मिशन शक्ति टीम ने धैर्यपूर्वक समझाया और आपसी संवाद के जरिए समाधान की दिशा में प्रयास किए। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए भविष्य में विवाद न होने का आश्वासन दिया।

# एसपी ने नदी गांव थाने का किया निरीक्षण खंगाले दस्तावेज

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** एसपी ने थाना नदीगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय में अभिलेखों के रखरखाव लंबित विवेचनाओं का समय से निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने ने बुधवार को कोंच सर्किल के नदी गांव थाने का औचक निरीक्षण किया। थाने पहुंचने पर पुलिस कर्मियों ने उन्हें सलामी दी। इस दौरान एसपी ने थाना कार्यालय के अभिलेखों को बारीकी से खंगाला व अभिलेखों के रखरखाव अध्यावधिक लंबित विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने की बात कही। इतना ही नहीं एसपी ने वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, थाना परिसर की साफ-सफाई के सम्बन्ध में भी आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान एसपी ने मिशन शक्ति के तहत स्थापित हेल्प डेस्क और भोजनालय की व्यवस्था को बारीकी से परखा। निरीक्षण के दौरान बैरकों का भी जायजा लिया गया और वहां रहने वाले पुलिस कर्मियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मेस में पुलिसकर्मियों के मेन्यू के अनुसार भोजन बनाने के निर्देश दिए।

साथ ही एसपी ने सख्त लहजे में कहा कि अपनी फरियाद लेकर थाने आने वाले हर फरियादी से मित्र वत व्योहार किया जाए और उसकी समस्या की जांच पड़ताल कर तत्काल निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम को देखते हुए गस्त बढ़ाया जाए और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी की जाए जिससे चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# विधायक ने किया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

■ सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाये

**मथुरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 01 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त माह को जीरो फेटेलिटी माह के रूप में बनाये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के क्रम में आज कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मथुरा में विधायक बल्देव पूरन प्रकाश की उपस्थिति में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया।

विधायक द्वारा समस्त स्टेक होल्डरों विभागों को निर्देश दिए गए कि जनपद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह/राहवीर योजना, कैशलेस ट्रीटमेन्ट का विभिन्न माध्यमों यथा होर्डिंग, पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, प्रिन्ट मीडिया, इलैक्ट्रोनिक मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाये तथा उक्त माह को सफल बनाने के लिए प्रत्येक विधान सभा के ब्लाक व ग्राम सभा के प्रतिनिधियों, एनसीसी, एनएसएस, सिविल डिफेन्स का सहयोग लेकर सड़क सुरक्षा का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाये।

वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत ने बताया कि ओवर स्पीडिंग, लेन का उल्लंघन, गलत दिशा में वाहन चलाना, मोबाइल फोन का प्रयोग तथा ड्रंकन ड्राइविंग करने के कारण अधिक दुर्घटनायें होती है। शीत ऋतु में एक्सप्रेस-वे पर घने कोहरे के दौरान वाहनों को टोल प्लाजा या रेस्ट एरिया में रोकते हुए कानवाय में छोड़ा जाये। एस0पी0 यातायात मनोज कुमार यादव ने बताया कि डबल डेकर बसों / स्लीपर बसों, स्कूली वाहनों, ट्रैक्टर-ट्राली में रिफ्लेक्टर लगे होने की जांच पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर की जायेगी।

# स्वयंसेवकों को आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए लखनऊ भेजा

**मथुरा।** राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ द्वारा आयोजित आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु जनपद के 44 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण हेतु भेजा गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बस को लखनऊ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के 24 एनसीसी, 7 नागरिक सुरक्षा, 4 एनएसएस तथा 9 नेहरू युवा केंद्र, कुल 44 स्वयंसेवकों को आपदा मित्र के प्रशिक्षण हेतु लखनऊ भेजा जा रहा है। सभी को राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के आयोजन, संचालन से सबंधित समस्त व्यवस्थाएँ यथा ठहरने, भोजन, प्रशिक्षण, आवागमन हेतु व्यय इत्यादि राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ द्वारा किया जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक स्वयंसेवक, वालेन्टियर को शासन द्वारा निर्गत आदेशों के अनुसार एक इमरजेंसी रिस्पॉन्डर किट प्रदान करते हुए बीमा पॉलिसी भी निर्गत की जायेगी।

## चाकू बाजी से नव वर्ष की शुभकामना थाना तरकुलवा का मामला

# तरकुलवा देसी शराब की दुकान आखिर कैसे खुलता है 6 बजे

चंद्रेश पांडेय



■ घटनास्थल का मामले का फुटेज सरकारी दुकान के सीसीटीवी कैमरे में क्यों नहीं

**तरकुलवा देवरिया।** थाना क्षेत्र के दुबे टोला गांव निवासी संतोष यादव (45) पुत्र स्व. रामवृक्ष बृहस्पतिवार की सुबह 8:30 बजे के करीब किसी काम से बाइक से बालपुर श्रीनगर चौराहे के तरफ जा रहे थे। अभी वह नगर पंचायत कस्बा में विद्युत उपकेंद्र के समीप देशी शराब की दुकान के सामने तक पहुंचे थे कि नशे की हालत में थाना क्षेत्र के बालपुर गांव निवासी अमरजीत गुप्ता पुत्र अनिरुद्ध ने सड़क पर खड़े होकर उनकी बाइक को रोकने की कोशिश की।

तरकुलवा नगर पंचायत अंतर्गत देवरिया-कसया मार्ग पर विद्युत उपकेंद्र के समीप देशी शराब की दुकान के पास नशे की हालत में एक युवक ने बाइक से बलपुर श्रीनगर चौराहे की ओर जा रहे युवक के पेट में चाकू घोंप दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। घायल युवक की अंतड़ी पेट से बाहर निकल गई है, जिससे उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।तरकुलवा नगर पंचायत अंतर्गत देवरिया-कसया मार्ग पर विद्युत उपकेंद्र के समीप देशी शराब की दुकान के पास नशे की हालत में एक युवक ने बाइक से बलपुर श्रीनगर चौराहे की ओर जा रहे युवक के पेट में चाकू घोंप दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# नववर्ष हर पहला कदम प्रभु मिलन के लिए बढ़ाएं : निरंकारी संत

अवधनामा संवाददाता

■ निरंकारी भक्तों ने नये साल की शुरूआत सत्संग से की

**मथुरा।** नववर्ष के आगमन पर सबसे पहला कदम प्रभु मिलन के लिए बढ़ाना होगा, क्योंकि हर जाता हुआ वर्ष यह सिखाता है कि इस धरती पर प्रभु के सिवा कोई भी स्थिर नहीं है। उक्त विचार निरंकारी संत श्री एस के रावत जी ने मथुरा के हाइवे नवादा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर आयोजित सत्संग में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रभु मिलन और निरंतर सत्संग ही नये साल का पहला संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसार में रहते हुए भी, जीते जी रूहानियत के पथ पर चलकर, हर इंसान प्रभु से मिल सकता है। जिसका जीवन रूहानियत के बीज से अंकुरित होकर प्रफुल्लित होता है, वह मानवीय गुणों से विभूषित वृक्ष का रूप लेकर सारे मानव समाज को अपनी छाया प्रदान करता है।

निरंकारी संत श्री रमेश गौतम जी ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का संदेश देते हुए कहा कि सच्ची खुशी और आनंद केवल निरंकार प्रभु में समाहित है। इस नये वर्ष में हमें अपने जीवन को ऐसा बनाना है कि हम हर व्यक्ति तक इस सच्चाई को पहुंचा सकें। युवा विचारक किशोर स्वर्ण ने कहा कि संत महात्मा हर मनुष्य को जागृति देकर परमात्मा के साथ जोड़ने का कार्य करते हैं जिससे उनका जीवन भी मानवीयता के गुणों से युक्त हो जाए। उन्होंने कहा कि क्या भरोसा जिंदगानी का आदमी बुलबुला है पानी का, इसलिए 2025 की तरह जो बीत गया, सो बीत गया, अब भी समय है 2026 की नई उमंग में प्रभु मिलन की ओर उत्साह बढ़ाएं और जीवन को सफल बनाएं। मथुरा के जोनल इंचार्ज श्री एच के अरोड़ा जी ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नये वर्ष का अर्थ हर क्षण को सार्थक बनाना है।

# हिमाचल में मौजूद पराशर झील घूमने के लिए दिल्ली से बनाएं शानदार ट्रिप

## खूबसूरती देख झूम उठेंगे आप

हिमाचल प्रदेश कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल



की हसीन वादियों में स्थिति पराशर झील भी बहुत शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा।

हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में हर रोज हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। इन जगहों की खूबसूरती देखकर लोग अभिभूत हो जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू-मनाली, स्पीति वैली, शिमला और डलहौजी के बारे में तो हर कोई जानता है। लेकिन वहीं इस राज्य में कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल की हसीन वादियों में स्थिति पराशर झील भी बहुत शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली से पराशर झील के शानदार ट्रिप के बारे में बताने जा रहे हैं।

**पराशर झील**

बता दें कि पराशर झील ऋषि पराशर के नाम पर है। यह झील समुद्र तल से करीब 2 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इस झील के किनारे पर ऋषि पराशर का प्राचीन मंदिर भी मौजूद है। पराशर झील के चारों ओर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ मौजूद हैं और सर्दियों के मौसम में इस झील की ऊंचाई चरम पर होती है। वहीं गर्मियों में भी यहां पर लोग ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं।

**दिल्ली से मंडी ऐसे पहुंचें**

दिल्ली से पराशर झील जाने के लिए आप सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में पहुंचे। आप दिल्ली के कश्मीरी गेट बस स्टैंड से हिमाचल रोडवेज बस से मंडी पहुंच सकते हैं।

अगर आप दिल्ली से शाम या रात में हिमाचल के लिए बस पकड़ते हैं, तो आप सुबह-सुबह मंडी पहुंच सकते हैं। मंडी पहुंचने के बाद वहां पर स्टें करें और कुछ बेहतरीन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। फिर अगले दिन मंडी से पराशर झील के लिए निकल जाएं।

**मंडी में घूमने की जगहें**

अगर आप मंडी में रुकते हैं, तो आप शानदार और हसीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। मंडी को कई लोग छोटा काशी के नाम से भी जानते हैं। क्योंकि यहां पर कई फेमस और प्राचीन मंदिर हैं।

मंडी में आप भूतनाथ मंदिर, रिवालसर झील, त्रिलोकी नाथ मंदिर और सुंदरनगर झील जैसी खूबसूरत जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप कैंपिंग, हाईकिंग और ट्रैकिंग जैसी शानदार एक्टिविटी कर सकते हैं।

**ऐसे पहुंचे पराशर झील**

बता दें कि मंडी से पराशर झील पहुंचना बहुत आसान है। मंडी से पराशर झील पहुंचने के लिए आप हिमाचल रोडवेज बस, कैब बुक करके और तीसरा बाइक रेंट पर लेकर जा सकते हैं।

अगर आप बस से जाना चाहते हैं कि मंडी बस स्टैंड से बस पराशर झील के लिए सुबह 8 बजे से चलती हैं, जोकि शाम को 4 बजे वापस आती है। बस का किराया 120-150 रुपए के आसपास है। वहीं कैब से जाने पर आपको 2000-3000 रुपए के बीच किराया लगेगा। वहीं अगर आप बाइक रेंट पर लेकर जाते हैं, तो 500-700 रुपए के बीच किराया आ सकता है।

**पराशर झील के बीच में स्थित शानदार जगहें**

मंडी से पराशर झील की दूरी करीब 50 किमी है। इस बीच में तमाम शानदार और बेहतरीन जगहें मौजूद हैं। जिनको आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। इस सफर में आप कई हसीन और लुभावने दृश्यों को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं।

मंडी और पराशर झील के बीच में आप आईआईटी मंडी, संदोया गांव, सघली गांव, खलियार गांव से लेकर बिजनी और बाघी गांव को एक्सप्लोर कर सकते हैं। वहीं आप रास्ते में इन जगहों पर रुककर चाय का स्वाद लेते हुए हिमाचल पर्वत की खूबसूरती को पास से देख सकते हैं।



**इन बातों का रखें खास ख्याल**

सफर के लिए आप फास्ट फूड पैक कर सकते हैं। क्योंकि आपको झील के पास बहुत कम दुकानें मिलेंगी।

मंडी से पराशर झील घूमने जाने के लिए गर्मी या ठंडी में प्लान बनाएं।

आप पराशर झील के लिए सुबह-सुबह निकल सकते हैं। जिससे कि अंधेरा होने से पहले वापस आ सकें।

वहीं अपने साथ जरूरी दवाएं रखना न भूलें।

# एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल है भुवनेश्वर

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

भारत के ओडिशा राज्य की राजधानी भुवनेश्वर, एक अद्भुत मिश्रण है प्राचीन इतिहास, समृद्ध संस्कृति और आधुनिकता का। यह शहर भारतीय वास्तुकला, धर्म और सांस्कृतिक धरोहर का एक प्रमुख केंद्र है। भुवनेश्वर को मंदिरों का शहर भी कहा जाता है क्योंकि यहां 1000 से अधिक मंदिरों का इतिहास है। यही कारण है कि यह स्थल धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन के लिए भी आदर्श स्थान बन चुका है।

भुवनेश्वर का इतिहास बहुत पुराना है और यह प्राचीन काल में कटक नामक स्थान के रूप में जाना जाता था। यह शहर मौर्य और गुर्जर-प्रतिहार साम्राज्य के तहत एक प्रमुख राजनीतिक और धार्मिक केंद्र था। यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर और पुरातात्त्विक स्थल पर्यटकों को भुवनेश्वर के समृद्ध अतीत से परिचित कराते हैं।

**प्रमुख आकर्षण**

**1. लिंगराज मंदिर**

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। लिंगराज मंदिर को भुवनेश्वर का गौरव माना जाता है और यह स्थान धार्मिक पर्यटकों के लिए एक प्रमुख स्थल है।

**2. राजारानी मंदिर**

राजारानी मंदिर का नाम राजारानी (राजा + रानी) से लिया गया है, क्योंकि यह मंदिर एक खास प्रकार की लाल-संगमरमर की पत्थर से बना है। यह मंदिर भारतीय वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है और इसमें उत्कृष्ट शिल्पकला की छाप दिखाई देती है।

**3. उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएं**

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएं



भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में स्थित हैं। ये गुफाएं प्राचीन जैन धर्म के साधुओं द्वारा बनाई गई थीं। यहां आप विभिन्न प्रकार की मूर्तियों और चित्रकला का अवलोकन कर सकते हैं। यह स्थल इतिहास प्रेमियों और शांति की तलाश करने वालों के लिए आदर्श स्थल है।

**4. धवलगिरी और बौद्ध धरोहर स्थल**

भुवनेश्वर के आस-पास कई बौद्ध स्थलों का भी महत्व है। धवलगिरी और अन्य बौद्ध स्थल यहां के इतिहास और संस्कृति के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। बौद्ध धर्म के अनुयायी इन स्थलों को तीर्थ स्थल के रूप में मानते हैं।

**5. नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क**

भुवनेश्वर के बाहर स्थित नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह पार्क वन्यजीव प्रेमियों और परिवारों के लिए एक बेहतरीन जगह है। यहां आपको विभिन्न प्रकार के वन्यजीव, पक्षी, और जंगल की हरियाली देखने को मिलती है। नन्दनकानन में एक प्रसिद्ध सफारी भी है, जो पर्यटकों को जंगल के करीब ले जाती है।

**सांस्कृतिक धरोहर और कला**

भुवनेश्वर में ओडिया संस्कृति और कला का गहरा प्रभाव है। यहाँ के शिल्पकला, संगीत, नृत्य, और लोक कला का प्राचीन इतिहास है। ओडिया नृत्य और संगीत के प्रमुख रूपों में ओडिसी नृत्य और संगीत को विशेष स्थान प्राप्त है। भुवनेश्वर के स्थानीय कलाकारों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आप ओडिया संस्कृति की गहरी समझ प्राप्त कर सकते हैं।

**भुवनेश्वर में शॉपिंग**

भुवनेश्वर में शॉपिंग भी एक शानदार अनुभव है। यहां के बाजारों में ओडिशा के प्रसिद्ध हस्तशिल्प, जैसे पटोला साड़ियाँ, कांसा बर्तन, और लकड़ी की मूर्तियाँ आसानी से मिल जाती हैं। इन बाजारों में आपको ओडिया शिल्पकला का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

**यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय**

भुवनेश्वर जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक है, जब मौसम ठंडा और सुखद रहता है। गर्मियों में यहां का तापमान काफी बढ़ सकता है, जिससे यात्रा में कुछ कठिनाइयां हो सकती हैं।

भुवनेश्वर एक ऐसा पर्यटन स्थल है जो इतिहास, संस्कृति, और प्राकृतिक सौंदर्य को एक साथ प्रस्तुत करता है। यहां की धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों, और सांस्कृतिक गतिविधियों के कारण यह स्थान पर्यटकों के बीच एक अद्भुत आकर्षण बन चुका है। चाहे आप धार्मिक यात्रा पर हों या एक सांस्कृतिक अनुभव की तलाश में, भुवनेश्वर हर तरह के पर्यटकों के लिए उपयुक्त है।

# नॉर्थ ईस्ट इंडिया की इन शानदार जगहों को करें एक्सप्लोर



## एडवेंचर एक्टिविटी का उठा सकेंगे लुत्फ

नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना है, जब देश के कई राज्यों में तेज गर्मी होने लगती है। ऐसे में लोग गर्मी से बचने के लिए हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसी जगहों पर घूमने के लिए जाते हैं। लेकिन नॉर्थ ईस्ट इंडिया को भूल जाते हैं। बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने दोस्तों, पार्टनर या फिर परिवार के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में नॉर्थ ईस्ट इंडिया की किसी खूबसूरत और ठंडी जगह घूमने जाना चाहते हैं, तो आप नॉर्थ सिक्किम पहुंच सकते हैं। नॉर्थ सिक्किम पूर्व भारत के टॉप डेस्टिनेशन्स में से एक है। हालांकि यह जगह पड़ोसी देश चीन की सीमा के पास स्थित है। इसलिए यहां पर घूमने के लिए एक विशेष परमिट की आवश्यकता होती है। नॉर्थ सिक्किम में आप लाचुंग, युमथांग घाटी, नाथुला दर्रा, लाचेन, त्सोमो झील और गुरुडोंगमार झील जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## शिलांग

शिलांग मेघालय की राजधानी है और यह समुद्र तल से करीब 5 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। पूर्व भारत में शिलांग को बहुत सारे लोग %पूर्व का स्कॉटलैंड% भी बोलते हैं।

शिलांग में ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए अप्रैल में हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर आप शिलांग पीक, शिलांग गोल्फ कोर्स, एलीफेंट फॉल्स और वार्ड्स लेक जैसी शानदार और खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## गंगटोक

इसके साथ ही सिक्किम की राजधानी गंगटोक भी एक बेहद खूबसूरत जगह है। यहां पर हर साल हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक आते हैं। वहीं अप्रैल के महीने में यहां का तापमान करीब 15 एष्ट से 20 एष्ट के बीच रहता है।

गंगटोक में आप प्राकृतिक सुंदरता के साथ आकर्षक दृश्यों का भी लुत्फ ले सकते हैं। गंगटोक से आप दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा की खूबसूरती को देख सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

## चेरापूंजी

नॉर्थ ईस्ट इंडिया के मेघालय राज्य में अगर आप ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के साथ सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको चेरापूंजी जाना चाहिए। यह जगह दुनियाभर में सबसे ज्यादा बारिश के लिए फेमस है। इसलिए यहां पर सालों साल मौसम ठंडा रहता है।

वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए चेरापूंजी स्वर्ग से कम नहीं है। चेरापूंजी में आप मावस्मई गुफा, नोहकलिकाई झरना और डबल डेकर लिविंग रूट ब्रिज जैसी जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

## आसपास घूमने की जगहें

बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया में और भी कई शानदार और बेहतरीन जगहें हैं। जहां पर आप घूम सकते हैं। आप अरुणाचल प्रदेश में तवांग, जीरो वैली असम में माजुली द्वीप और मानस राष्ट्रीय उद्यान और मेघालय में मावलिननॉन्ग आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# मसिनागुडी के हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है



मसिनागुडी, जो तमिलनाडु राज्य के ओट्टी जिले में स्थित है, एक बेहद खूबसूरत और शांति प्रदान करने वाला स्थल है। यह स्थान मुख्य रूप से अपनी प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीवों और पर्वतीय दृश्यावलियों के लिए प्रसिद्ध है। मसिनागुडी का स्थान नीलगिरि पहाड़ियों के बीच है, जो इसे एक आदर्श स्थल बनाता है प्रकृति प्रेमियों, साहसिक पर्यटकों और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए। यहां का शांत वातावरण, हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है। आइए जानते हैं मसिनागुडी के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य**

मसिनागुडी का सबसे प्रमुख आकर्षण बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य है, जो भारत के सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है। यह अभयारण्य मसिनागुडी के पास स्थित है और यहां विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों को देखा जा सकता है। यहां बाघ, हाथी, तेंदुआ, तिहुंनी, जंगली सुअर, विभिन्न प्रकार के पक्षी और कीट प्रजातियां पाई जाती हैं। वन्यजीव प्रेमियों के लिए यह एक आदर्श स्थल है। यहां स्डुद्धडुहद्धह्य भी आयोजित की जाती हैं, जो पर्यटकों को जंगल के बीच रोमांचक अनुभव प्रदान करती हैं।

**2. मसिनागुडी जंगल सफारी**

मसिनागुडी में जंगल सफारी का अनुभव बहुत खास होता है। यहां पर आपको जंगल के बीच घूमते हुए वन्यजीवों के दर्शन हो सकते हैं। इन सफारियों के दौरान आप बंदिपुर राष्ट्रीय उद्यान, मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य और अन्य आस-पास के वन क्षेत्र का दौरा करते हैं। सफारी के दौरान आपको बाघ, हाथी, गैंडे, चिंकारा, तेंदुआ आदि जानवरों को प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलता है। यह अनुभव एक साहसिक और रोमांचक यात्रा होती है।

**3. मुदुमलाई नेशनल पार्क**

मसिनागुडी के पास स्थित मुदुमलाई नेशनल पार्क, एक और प्रमुख वन्यजीव अभयारण्य है, जो पर्यटकों को वन्यजीवों के करीब लाता है। यह पार्क विभिन्न प्रकार की वन्यजीवों और पक्षियों का घर है। यहां की हरे-भरे जंगल, जलप्रपात, और पर्वतीय दृश्य इसे एक शानदार पर्यटन स्थल बनाते हैं। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और बोटिंग का भी आनंद ले सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो प्रकृति और वन्यजीवों से जुड़ा अनुभव चाहते हैं।

**4. सिंहपुरा जलप्रपात**

सिंहपुरा जलप्रपात मसिनागुडी का एक प्रमुख आकर्षण है। यह जलप्रपात नीलगिरि की पहाड़ियों से गिरता हुआ बहुत ही आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करता है। यहां की ठंडी हवा, बहते पानी की आवाज़ और आसपास का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह स्थान ट्रैकिंग और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए आदर्श है। जलप्रपात के पास पहुंचने के लिए थोड़ी कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है, जो इसे और रोमांचक बनाती है।

**5. कोल्लीमाला हिल्स**

कोल्लीमाला हिल्स, मसिनागुडी के आसपास एक और खूबसूरत स्थल है। यहां की पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करने से आपको पूरे क्षेत्र का शानदार दृश्य दिखाई देता है। इस स्थल पर आपको शांति और एकांत का अनुभव मिलेगा, जो शहर की हलचल से दूर एक सुकून भरा समय बिताने के लिए आदर्श है।

# पांडव फॉल बारहमासी झरना है, रहस्यपूर्ण वातावरण

## प्राचीन गुफाएं महाभारत से रखती हैं ताल्लुक

देश में बाघों की संख्या अब दिन प दिन कम होती जा रही है। बाघों को देने के लिए आज जनता जो एडवेंचर और वाइल्ड लाइफ की शौकीन है वह जंगलों की सफारी के लिए जाते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आप पन्ना टाइगर रिजर्व जा सकते हैं। यह जगह सर्दियों में किसी स्वर्ग से कम नहीं लगती। घने जंगल और बेहतरीन आलीशान रिजॉर्ट पर्यटकों को अपनी ओर खींच लाते हैं। पन्ना आकर आप सफारी राइड तो कर ही सकते हैं साथ ही यहां एक रहस्यमय जगह है जिसका नाम हैं पांडव की गुफाएं एवम् जलप्रपात यह जगह जंगल के अंदर बीचोबीच में हैं। यह स्थान पन्ना टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में स्थित एक खूबसूरत जगह है। यह स्थान प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों से युक्त है। यहां एक खूबसूरत झरना है। पांडव जलप्रपात की ऊंचाई 30 मीटर है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा बेहद मनोरम होता है। जैव विविधता की



दृष्टि से यह क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। यहां कई औषधीय पौधे पाए जाते हैं। जो मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

**पांडव जलप्रपात की खूबसूरती**

पांडव जलप्रपात झरने का पानी मध्य प्रदेश में स्थित केन नदी की एक सहायक नदी से आता है। यह एक बारहमासी झरना है, बारिश के मौसम में झरने का वेग बढ़ जाता है। पांडव जलप्रपात का पानी नीचे स्थित एक विशाल जलकुंड में गिरता है, जलकुंड का आकार दिल जैसा दिखता है। जलकुंड का पानी साफ होने के कारण मछलियां साफ दिखाई देती हैं। पांडव जलप्रपात हरे-भरे जंगलों से घिरा हुआ है। पांडव गुफा और पांडव जलप्रपात की शांति, पवित्रता और यहां का मनोरम वातावरण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय क्या है?**

पांडव जलप्रपात मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में स्थित सबसे लोकप्रिय दर्शनीय स्थलों में से एक है, जहाँ दुनिया भर से पर्यटक आते हैं। सर्दियों और मानसून के मौसम को पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि इस दौरान यह क्षेत्र स्वस्थ जल प्रवाह के साथ घनी हरियाली से भरा रहता है। नीचे मौसमी विवरण दिया गया है जो पर्यटकों को पांडव जलप्रपात की यात्रा की योजना बनाने में मदद करेगा।

**प्रचलित कथा-** पांडव गुफा के बारे में जब जुए में पराजित होने के बाद पांडवों को हस्तिनापुर से निकाल दिया गया था। तब वे अज्ञातवास के समय यहां गुप्त रूप से निवास करते थे। उन्होंने इस झरने के पास एक गुफा में शरण ली थी और आपने हथियार रखे थे। इस घटना के बाद से इसका नाम पांडव फॉल और पांडव गुफा पड़ा।

# खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन पर जाएं घूमने, बिता सकेंगे यादगार पल

अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में तापमान आसमान छूने लगता है। अप्रैल के महीने में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। तो वहीं कई लोग ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में घूमने के लिए जाते हैं, तो कुछ उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लेह लद्दाख जैसी जगहों पर पहुंचते हैं। ऐसे में अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिता सकते हैं।

रिकांग पिओ समुद्र तल से करीब 7 हजार से भी अधिक फीट ऊंचाई



पर मौजूद है। यहां पर भीषण गर्मी में भी तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच रहता है। रिकांग पिओ में आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**मुनस्यारी**

अगर आप उत्तराखंड की हसीन वादियों में सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको अपने पार्टनर के साथ मुनस्यारी पहुंच जाना चाहिए। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित मुनस्यारी एक हसीन और शानदार हिल स्टेशन है। यहां पर आपको घने जंगल, बादलों से ढके पहाड़, झील-झरने और ठंडी हवाओं में आप सुकून और शांति के पल बिता सकते हैं। यहां पर कई कपल्स हनीमून के लिए पहुंचते हैं। मुनस्यारी में आप खलिया टॉप, नंदा देवी मंदिर, बिर्थी जलप्रपात और थमरी कुंड जैसी शानदार जगहों पर घूम सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**सोनमर्ग**

वैसे तो जम्मू-कश्मीर की हर जगहें पर्यटकों को खूब आकर्षित करती हैं। इसलिए ही जम्मू-कश्मीर को धरती का स्वर्ग माना जाता है। यह एक ऐसी जगह है, जहां पर सालों साल ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाया जा सकता है।

अप्रैल की गर्मी में आप सोनमर्ग घूमने के लिए जा सकते हैं। अप्रैल के महीने में सोनमर्ग का तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच में रहता है। यह जगह देश का सबसे रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है। यहां पर आप अप्रैल के महीने में भी स्नो एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**लेह लद्दाख**

अगर आप अप्रैल की गर्मी में किसी ठंडी जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, तो आप लेह-लद्दाख घूमने के लिए जा सकते हैं। लेह लद्दाख देश के टॉप पर्यटन स्थलों में से एक माना जाता है।

अप्रैल के अलावा जून और जुलाई की भीषण गर्मी में भी हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक लेह लद्दाख घूमने के लिए पहुंचते हैं। वहीं कई कपल्स अप्रैल-मई-जून और जुलाई में यहां पर सिर्फ हनीमून मनाने के लिए भी पहुंचते हैं।

अवधनामा



# सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर बढ़ा टैक्स



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर लगने वाले उत्पाद शुल्क को बढ़ा दिया है। यह शुल्क मौजूदा 40 प्रतिशत जीएसटी के अतिरिक्त होगा। इस कदम का उद्देश्य तंबाकू उत्पादों की कीमतें बढ़ाना है ताकि लोगों को इसकी लत से बचाया जा सके।

केंद्र सरकार ने देश में तंबाकू नियंत्रण और राजस्व ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी ताजा अधिसूचना के अनुसार, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। यह नई कर व्यवस्था 1 फरवरी, 2026 से प्रभावी होगी, जो धूम्रपान करने वालों की जेब पर सीधा असर डालेगी। सरकार ने सिगरेट की लंबाई और उसके प्रकार को आधार बनाकर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क निर्धारित किया है। नए नियमों के तहत, प्रति 1,000 सिगरेट पर अतिरिक्त शुल्क की सीमा 2,050 रुपये से लेकर 8,500 रुपये तक तय की गई है। यह वर्गीकरण प्रीमियम और साधारण सिगरेट के बीच कर के अंतर को स्पष्ट करता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह नया उत्पाद शुल्क कोई स्वतंत्र टैक्स नहीं है, बल्कि यह तंबाकू उत्पादों पर पहले से लागू 40 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (त्रस्ञ्ज) के अतिरिक्त देय होगा। हाल ही में संसद द्वारा पारित केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 के माध्यम से इस बदलाव को कानूनी रूप दिया गया है।

# ईयू के कार्बन कर पर कांग्रेस ने जताई चिंता

**निर्यात**

**कांग्रेस ने यूरोपीय संघ (EU) द्वारा लगाए गए कार्बन टैक्स को भारतीय निर्यातकों के लिए अस्वीकार्य बताते हुए कहा है कि इससे निर्यात लागत में भारी बढ़ोतरी होगी।**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने यूरोपियन संघ के कार्बन टैक्स की वजह से निर्यात की बढ़ती लागत पर चिंता जताई। पार्टी ने इसे भारतीय निर्यात के लिए नुकसानदायक करार दिया है।

कांग्रेस ने यूरोपीय संघ (श्व) द्वारा लगाए गए कार्बन टैक्स को भारतीय निर्यातकों के लिए अस्वीकार्य बताते हुए कहा है कि इससे निर्यात लागत में भारी बढ़ोतरी होगी। पार्टी ने मांग की है कि इस महीने प्रस्तावित भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में इसे गैर-शुल्कीय बाधा को ध्यान में रखा जाना चाहिए। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित भारत-ईयू एफटीए को इस महीने अंतिम रूप दिया जा सकता है। ऐसे में ईयू का कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म भारतीय उद्योगों के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है।

उन्होंने बताया कि गुरुवार से भारतीय स्टील और एल्युमिनियम निर्यातकों को यूरोपीय संघ के 27 देशों में निर्यात पर कार्बन टैक्स देना होगा। वित्त वर्ष 2024-25 में श्व को भारत का स्टील और एल्युमिनियम निर्यात औसतन 5.8 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष 7 अरब डॉलर था। यह गिरावट CBAM लागू होने की तैयारी के चलते पहले ही शुरू हो चुकी थी।

जयराम रमेश ने थिंक-टैंक GTRI के अनुमान का हवाला देते हुए कहा कि कई भारतीय निर्यातकों को अपने उत्पादों की कीमतें 15 से 22 प्रतिशत तक कम करनी पड़ सकती हैं, ताकि ईयू के आयातक उसी मार्जिन से कार्बन टैक्स का भुगतान कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्बन उत्सर्जन की विस्तृत रिपोर्टिंग और जटिल दस्तावेजी प्रक्रियाएं भारतीय निर्यातकों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही हैं। कांग्रेस नेता ने जोर देकर कहा कि अगर भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता होता है, तो उसमें इस अस्वीकार्य गैर-शुल्कीय बाधा को दूर करने के लिए ठोस प्रावधान किए जाने चाहिए। यूरोपीय संघ (ईयू) का कुछ धातुओं पर कार्बन कर (सीबीएएम) एक जनवरी, 2026 से लागू हो रह है। यह भारत के एल्युमीनियम एवं इस्पात निर्यातकों के लिए बड़ा झटका है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय संघ के इस कदम से कई भारतीय निर्यातकों को कीमतों में 15 से 22 फीसदी तक की कटौती करनी पड़ सकती है, ताकि ईयू के आयातक उसी मुनाफे (मार्जिन) से सीबीएएम कर का भुगतान कर सकें। कीमतों में कटौती करना प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए भी जरूरी है।

हालांकि, भारतीय निर्यातकों को सीधे तौर पर कार्बन कर का भुगतान नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि यूरोपीय संघ स्थित आयातकों (जो अधिकृत सीबीएएम घोषणाकर्ता के रूप में पंजीकृत हैं) को आयातित वस्तुओं में निहित उत्सर्जन से संबंधित सीबीएएम प्रमाणपत्र खरीदने होंगे। इसका भार अंततः भारतीय निर्यातकों को ही उठाना पड़ेगा।

# असम में घटा अपराध, अवैध अप्रवासियों पर सख्त कार्रवाई



**गुवाहाटी।** असम की सरकार की ओर से अतिक्रमण की गई जमीनों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की जा रही है। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दाखिल की गई है। वहीं, अवैध अप्रवासियों पर भी सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के कार्यकाल में सख्त कार्रवाई की जा रही है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा कि तीन आपराधिक कानूनों को लागू करने में असम देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि 2021 में 1.33 लाख मामले दर्ज किए गए थे, जो अब 2025 में घटकर 43748 रह गए हैं। उन्होंने कहा कि अदालतों में आरोपपत्र दाखिल करने में 81 फीसदी की वृद्धि हुई है। सीएम सरमा ने कहा, 2021 में दोषसिद्धि दर छह फीसदी थी, जो अब बढ़कर 26.38 प्रतिशत हो गई है। 2025 में 2919 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई। उन्होंने अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने 2000 अवैध विदेशियों की पहचान कर उन्हें वापस भेज दिया है। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि हमने फैसला किया है कि एक सप्ताह के भीतर हम उन लोगों को वापस भेज देंगे जिन्हें विदेशी न्यायाधिकरण की ओर से विदेशी के रूप में पहचाना गया है। उन्होंने आगे कहा, अगले पांच साल अवैध विदेशियों को निष्कासित करने के लिए एक मिसाल बनेंगे। उन्होंने कहा कि कल हमने 18 और बांग्लादेशियों को भी वापस भेज दिया। असम में 1.45 लाख बीघा जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई है। सीएम सरमा ने कहा, पिछले पांच वर्षों में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में काफी काम हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 या 18 जनवरी को 6957 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले 32 किलोमीटर लंबे काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखेंगे। उन्होंने बताया कि गोहपुर को नुमालीगढ़ से जोड़ने वाली और सड़क एवं रेल दोनों के लिए उपयोगी 22,000 करोड़ रुपये की लागत वाली दोहरी सुरंग को वित्त मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि फरवरी में प्रधानमंत्री मोदी प्रस्तावित गेलेफू रेलवे लाइन परियोजना की आधारशिला रखेंगे।

# भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु ठिकानों की सूची का आदान-प्रदान

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने गुरुवार को राजनयिक चैनलों के माध्यम से परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची का आदान-प्रदान किया। यह आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच हुए एक समझौते के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य एक दूसरे देशों के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमलों को रोकना है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और परमाणु फैसिलिटीज के आदान-प्रदान को लेकर 31 दिसंबर 1988 को समझौता हुआ था, जिसे 27 जनवरी 1991 को लागू किया गया था। इस समझौते के तहत दोनों देश हर साल 1 जनवरी को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की जानकारी एक दूसरे से साझा करते हैं। दोनों देशों के बीच यह सूचियों का लगातार 34वां आदान प्रदान है। पहली बार दोनों देशों ने 1 जनवरी 1992 को सूचियों का आदान प्रदान किया था। विदेश मंत्रालय ने बताया कि कॉन्सुलर एक्सेस 2008 पर द्विपक्षीय समझौते के तहत, भारत और पाकिस्तान ने आज राजनयिक चैनलों के जरिए, एक-दूसरे की हिरासत में मौजूद नागरिक कैदियों और मछुआरों की लिस्ट का भी आदान-प्रदान किया। भारत ने अपनी हिरासत में मौजूद पाकिस्तानी या जिनके पाकिस्तानी होने का शक है, उन 391 नागरिक कैदियों और 33 मछुआरों की लिस्ट साझा की है। इसी तरह, पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में मौजूद 58 भारतीय या भारतीय होने के शक वाले नागरिक कैदियों और 199 मछुआरों की सूची साझा की है।

## नव वर्ष पर तृणमूल कांग्रेस का स्थापना दिवस

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के 28वें स्थापना दिवस पर ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी बुरी ताकतों के आगे नहीं झुकेगी। उन्होंने मां, माटी, मानुष के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। वहीं इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने जमीनी कार्यकर्ताओं को संगठन की असली शक्ति बताया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका दल जनता के लिए संघर्ष करता रहेगा और किसी भी बुरी ताकतों के सामने समर्पण नहीं करेगा।

बनर्जी ने कहा कि 1 जनवरी 1998 को मां, माटी, मानुष की सेवा के लक्ष्य के साथ शुरू हुई पार्टी की ऐतिहासिक यात्रा का मुख्य सिद्धांत मातृभूमि का सम्मान, बंगाल का विकास और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करना है।

# एक माह से खाली है बीएसएफ के नियमित डीजी का पद

**समकक्ष**

**केंद्र की मनोनयन एंपेनल्ड सूची में लगभग दो दर्जन से ज्यादा डीजी या उसके समकक्ष आईपीएस मौजूद हैं।**



**नई दिल्ली।** साल 2018 में एसएस देसवाल को आईटीबीपी का डीजी बनाया गया। उनके पास एसएसबी का अतिरिक्त प्रभार भी रहा। उन्हें सीआरपीएफ डीजी का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। इसके बाद बीएसएफ के डीजी का पद भी उन्हें मिल गया। कुछ समय बाद राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के डीजी के रूप में भी उन्हें तैनात कर दिया गया। केंद्र में डीजी या उसके समकक्ष आईपीएस अधिकारी होने के बाद एक ही डीजी को इतने बलों का प्रमुख बना दिया जाता है। पाकिस्तान की हरकतों के मद्देनजर, भारत का ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। दूसरी तरफ पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में भी सब कुछ ठीक नहीं चल रहा। वहां से तनाव और हिंसा की खबरें आ रही हैं। पिछले साल जब बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ तो बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश की लगभग दो सौ कंपनियों को सीमा से हटाकर उन्हें लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी पर लगा दिया गया था। बीएसएफ, किसी भी तरह की हरकत का माकूल जवाब देने के लिए तैयार है। इन सबके बीच बीएसएफ के पास नियमित डीजी तक नहीं है। पश्चिम बंगाल कैडर के 1993 बैच के आईपीएस प्रवीण कुमार, जो आईटीबीपी के डीजी हैं, को बीएसएफ डीजी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। दलजीत चौधरी, 30 नवंबर 2025 को रिटायर हुए थे। ऐसे में एक माह से बीएसएफ के पास नियमित डीजी नहीं है।

केंद्र की मनोनयन एंपेनल्ड सूची में लगभग दो दर्जन से ज्यादा डीजी या उसके समकक्ष आईपीएस मौजूद हैं। इसके बावजूद एक महीने बाद भी केंद्र सरकार उनमें से किसी अधिकारी का चयन डीजी बीएसएफ के पद पर नहीं कर पाई है। यह पहला मौका नहीं है, जब बीएसएफ को नियमित डीजी नहीं मिला है। पहले भी कई बार बीएसएफ डीजी का पद, लंबे समय तक अतिरिक्त कार्यभार में रहा है।

इससे पहले भी दो बार पांच से छह महीने तक बीएसएफ महानिदेशक का पद, अतिरिक्त कार्यभार में रहा था। साल 2024 में अगस्त के पहले सप्ताह में बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल और स्पेशल डीजी वाईबी खुरानिया को हटा दिया गया था। बीएसएफ के दोनों शीर्ष अफसरों को उनके मूल कैडर में भेजने के आदेश जारी किए गए। पहली जनवरी 2023 से लेकर 14 जून 2023 के मध्य तक बीएसएफ महानिदेशक पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी, सीआरपीएफ के तत्कालीन डीजी डॉ. एसएल थाउसेन ने संभाली थी। बीएसएफ के इतिहास में यह दूसरा मौका था, जब नियमित डीजी का पद 150 दिन से भी ज्यादा समय तक खाली रहा। इससे पहले 2020 में भी 158 दिन तक बीएसएफ को नियमित डीजी का इंतजार करना पड़ा था। उस वक्त आईटीबीपी के तत्कालीन डीजी एसएस देशवाल को बीएसएफ महानिदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था।

केंद्र में डीजी रैंक के दो दर्जन से अधिक आईपीएस मौजूद हैं, लेकिन उन्हें बीएसएफ डीजी बनने का अवसर नहीं दिया गया। इसके अलावा बल के कैडर अफसर भी हैं, मगर उन्हें बल महानिदेशक का अतिरिक्त कार्यप्रभार भी नहीं दिया जा रहा। बल के पूर्व अफसरों का कहना है कि नियमित डीजी न होने का असर बीएसएफ की लॉग टर्म पॉलिसी पर पड़ता है। ऑपरेशनल जरुरतों पर गहराई से काम नहीं हो पाता है। मौजूदा समय में तो पड़ोसी देश बांग्लादेश और पाकिस्तान की स्थिति, सभी के सामने है। ऐसे में तो बीएसएफ को तुरंत प्रभाव से स्थायी डीजी मिलना चाहिए था। बीएसएफ के पूर्व एडीजी एसके के अनुसार, पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगते बॉर्डर पर तैनात सीमा सुरक्षा बल को नियमित डीजी मिलना जरुरी है। यही समझ नहीं आता है कि डीजी की नियमित नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार संजीदा क्यों नहीं है।

केंद्र सरकार की मनोनयन एंपेनल्ड सूची में दो दर्जन से ज्यादा आईपीएस अधिकारी मौजूद हैं, मगर सरकार को उनमें से कोई भी ठीक नहीं लग रहा। बीएसएफ के इतिहास में दो बार ऐसा हो चुका है, जब फोर्स को पांच महीने बाद भी नियमित डीजी नहीं मिल सका।

# नए साल पर जेलेंस्की का बड़ा संदेश: शांति बहाली को तैयार



**संबोधन**

**यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने अपने नए साल के संबोधन में कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म करना चाहता है।**

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने नववर्ष पर कहा कि वे युद्ध खत्म करना चाहते हैं, लेकिन संप्रभुता की कीमत पर नहीं। उन्होंने कमजोर समझौते और आत्मसमर्पण को खारिज करते हुए बताया कि शांति समझौता 90 प्रतिशत तैयार है, लेकिन शेष 10 प्रतिशत सबसे महत्वपूर्ण है। वहीं दुसरी ओर पुतिन ने भी अपनी सेना की जीत पर भरोसा जताया है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने अपने नए साल के संबोधन में कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म करना चाहता है, लेकिन वे ऐसा कोई भी शांति समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे जो उसकी संप्रभुता को कमजोर करे। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे किसी भी ऐसे समझौते को अस्वीकार कर देंगे जिसे वे कमजोर या कम समय तक चलने वाला मानते हैं। बुधवार देर रात अपने कार्यालय से दिए गए 21 मिनट के संबोधन में जेलेंस्की ने लगभग चार वर्षों के संघर्ष के बाद यूक्रेनी जनता में बढ़ती थकान को स्वीकार किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस थकान को पराजय नहीं समझा जाना चाहिए। जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन शांति चाहता लेकिन किसी भी कीमत पर नहीं। हम युद्ध का अंत चाहते हैं यूक्रेन का नहीं। उन्होंने आगे कहा, हम बहुत थक गए हैं क्या इसका मतलब यह है कि हम आत्मसमर्पण के लिए तैयार हैं? जो कोई भी ऐसा सोचता है, वह बहुत बड़ी भूल कर रहा है। राष्ट्रपति ने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व में हाल के राजनयिक प्रयासों से बातचीत अंतिम चरण में पहुंच गई है। इसमें पिछले सप्ताह फ्लोरिडा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हुई बातचीत भी शामिल है। उन्होंने कहा, शांति समझौता 90 प्रतिशत तैयार है केवल 10 प्रतिशत बाकी है।

उस 10 प्रतिशत में सब कुछ शामिल है। यही वह हिस्सा है जो शांति, यूक्रेन और यूरोप का भविष्य तय करेगा। यह संबोधन ऐसे समय आया है जब संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों ने एक समझौते की दिशा में प्रयास तेज कर दिए हैं। रूस अभी भी यूक्रेन के लगभग 20 प्रतिशत भूभाग पर नियंत्रण बनाए हुए है और किसी भी समझौते के हिस्से के तौर पर पूर्वी डोनबास क्षेत्र पर पूरा कंट्रोल चाहता है।

वहीं दूसरी ओर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नए साल की पूर्व संध्या के संबोधन में सैनिकों को नायक बताते हुए रूसियों से विजय पर विश्वास रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा हमें आप पर और हमारी जीत पर विश्वास है।

इस बीच, क्रेमलिन ने नोवगोरोड क्षेत्र में पुतिन के आवास के निकट मानवरहित विमान (ड्रोन) हमलों का आरोप लगाते हुए अपनी बातचीत की शर्तों को कठोर करने की बात कही है। मास्को ने इसे आतंकवादी हमला बताया है, हालांकि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध प्रमाणों ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है।

# भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर चीन के दावे से भड़के असदुद्दीन ओवैसी

**हैदराबाद।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी ऐसे ही बेबुनियाद दावे करते रहे हैं। हालांकि, भारत ने पहले ही दिन से साफ कर दिया था कि भारत और पाकिस्तान से संबंधित मामलों में किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के लिए कोई जगह नहीं है।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता का चीनी दावा देश का अपमान है और केंद्र सरकार को इसका सख्त रूप से खंडन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन के साथ संबंधों में सामान्य स्थिति भारत के सम्मान या उसकी संप्रभुता की कीमत पर नहीं हो सकती। एआईएमआईएम नेता ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर सवाल खड़े किए।

**कोशिश**

**ओवैसी ने कहा कि चीन दक्षिण एशिया में खुद को सबसे बेहतर साबित करने की कोशिश कर रहा है। इसी वजह से भारत और पाकिस्तान को एक ही स्तर पर रखना चाहता है।**

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) की ओर से हमसे पहले युद्धविराम की घोषणा करने और शांति स्थापित करने के लिए व्यापार प्रतिबंधों का इस्तेमाल करने का दावा करने के बाद, अब चीनी विदेश मंत्री ने भी आधिकारिक तौर पर इसी तरह के दावे किए हैं। यह भारत का अपमान है और सरकार को इसका सख्त खंडन करना चाहिए। चीन के साथ संबंधों में बहाली भारत के सम्मान या संप्रभुता की कीमत पर नहीं हो सकती।



उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल पूछते हुए कहा, क्या प्रधानमंत्री की चीन यात्रा के दौरान मोदी सरकार ने इसी बात पर सहमति जताई थी? उन्होंने आगे कहा, चीनी विदेश मंत्री का मध्यस्थता का दावा आश्चर्यजनक है और केंद्र को आधिकारिक तौर पर इसका खंडन करना चाहिए। देश को आश्वस्त करना चाहिए कि किसी भी तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है। ओवैसी ने कहा कि चीन दक्षिण एशिया में खुद को सबसे बेहतर साबित करने की कोशिश कर रहा है। इसी वजह से भारत और पाकिस्तान को एक ही स्तर पर रखना चाहता है। गौरतलब है कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार को कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव उन गर्म मुद्दों की सूची में शामिल था, जिन पर चीन ने इस वर्ष मध्यस्थता की थी। हालांकि, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच 7-10 मई को हुए संघर्ष को लेकर नई दिल्ली का साफ कहना रहा है कि समाधान दोनों देशों के सैन्य अभियानों के महानिदेशकों के बीच सीधी बातचीत के जरिये हुआ था।

# ईरान में सड़कों पर अवाम, सरकारी इमारतों में तोड़फोड़ की कोशिश



**तेहरान।** ईरान में विरोध प्रदर्शन कई शहरों में फैल गया है। साल 2022 में ईरान में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद एक बार फिर ईरान में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं। आर्थिक संकट और बढ़ती महंगाई के चलते लोगों को गुस्सा फूट पड़ा है। ईरान में आर्थिक संकट गहराने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है और देश के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। ईरान में विरोध प्रदर्शन का चौथा दिन है और अब ये लगातार व्यापक हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कई सड़कों को ब्लॉक कर दिया है। राजधानी तेहरान में भी हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर गए हैं। बढ़ती महंगाई और ईरान की मुद्रा के पतन के चलते हजारों लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और अब यह विरोध प्रदर्शन देश के कई शहरों में फैल गया है। इस प्रदर्शन की शुरुआत तेहरान के ग्रैंड बाजार के दुकानदारों से हुई, जो धीरे धीरे देशव्यापी प्रदर्शन में बदल गया। अब ये विरोध प्रदर्शन विश्वविद्यालयों तक फैल गया है। छात्र सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे हैं। कुछ प्रदर्शनकारियों ने ईरान के निर्वासित राजा रजा पहलवी के समर्थन में भी नारेबाजी की। कई जगहों पर हिंसा हुई है और पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकारी इमारतों में भी प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की कोशिश की। ईरान की मुद्रा रियाल अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरकर इतिहास के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। एक अमेरिकी डॉलर खरीदने के लिए ईरान के लोगों को 14 लाख रियाल खर्च करने पड़ रहे हैं। इसके चलते ईरान में आयात बेहद महंगा हो गया है और महंगाई नियंत्रण से बाहर हो गई है। ईरान पहले ही अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के चलते आर्थिक संकट से घिरा हुआ है।

# नए साल पर शेख हसीना की मोहम्मद यूनुस को दो टूक

**ढाका।** बांग्लादेश के लोगों से शेख हसीना ने कहा, अतीत में जब भी ऐसे नाजुक पल आए हैं, बांग्लादेश ने वर्ग, धर्म, रंग, भाषा और जातीयता के मतभेदों को भुलाकर एकजुट होकर एक सामूहिक सपने को साकार करने के लिए छलांग लगाई है।

बांग्लादेश में आम चुनावों से पहले बने अस्थिरता के माहौल से उपजी हिंसा फिलहाल थमती नजर आ रही है। इस बीच बांग्लादेश अवामी लीग की अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने नए साल पर एक संदेश जारी किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पार्टी की ओर से साझा किए गए नव वर्ष संदेश में लोगों से देश को अंधकार के इस सफर से बचाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया और 2026 के लिए शुभकामनाएं दीं।



बांग्लादेश अवामी लीग के आधिकारिक एक्स हैंडल पर किए गए पोस्ट में शेख हसीना ने कहा, मेरे प्यारे बांग्लादेश को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। यह नव वर्ष बांग्लादेश के सभी लोगों के लिए असीम सद्भाव, खुशी और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने कहा, यह अतीत के दुखों और कष्टों को मिटा दे। गलतियों और कमियों को सुधारे और सभी के लिए एक यादगार वर्ष बन जाए।

शेख हसीना ने कहा, यह मेरा सबसे बड़ा सपना और जीवन भर का संघर्ष रहा है कि यह देश वास्तव में अपने सभी लोगों का हो- चाहे उनका धर्म, रंग, वर्ग, पेशा या जातीय पहचान कुछ भी हो। अपने संदेश में अवामी लीग की अध्यक्ष ने देश के खिलाफ साजिशों का जिक्र करते हुए कहा, देश को नष्ट करने की साजिश रचने वाले षड्यंत्रकारियों के नकाब और घिनौने चेहरे आपके सामने उजागर हो चुके हैं।

उन्होंने अज्ञात ताकतों पर बांग्लादेश को संकट में धकेलने का आरोप लगाते हुए कहा, आपने देखा है कि कैसे अवैध तरीके से हड़पने वालों ने, आपको बंधक बनाकर, असीमित भ्रष्टाचार, झूठ और व्यक्तिगत हितों की पूर्ति के नशे के जरिये से देश को अंधकार की ओर धकेल दिया है।

बांग्लादेश की वैश्विक स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमारा प्यारा बांग्लादेश दुनिया भर में भय का प्रतीक बन गया है। नतीजतन, आज कोई भी देश बांग्लादेश और उसके लोगों को सम्मान की नजर से नहीं देखता। उन्होंने आर्थिक चुनौतियों के बारे में भी बात करते हुए कहा, विदेशी निवेशकों और दानकर्ता समूहों में असुरक्षा और अराजक परिस्थितियों के कारण, देश की अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

शेख हसीना ने लोगों से एकता की अपील करते हुए कहा, हमें देश को अंधकार के इस सफर से बचाने के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने लोगों से साल की शुरुआत में सामूहिक प्रतिबद्धता निभाने का आग्रह किया और कहा, आइए, नए साल का स्वागत करते हुए हम राष्ट्र की रक्षा करने की उस प्रतिबद्धता को निभाने का संकल्प लें।

बांग्लादेश के इतिहास और पहचान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, देश की विशिष्ट पहचान और मुक्ति के लिए उसका ऐतिहासिक संघर्ष- वह बांग्लादेश जिसके लिए मेरी सरकार ने विश्व में इसे गरिमापूर्ण स्थान दिलाने के दृढ़ संकल्प के साथ अथक प्रयास किया- आज सवालों के घेरे में है।

## जोहरान ममदानी बने न्यूयॉर्क के मेयर

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव के दौरान अपनी इस्लामिक पहचान को खुलकर लोगों के सामने रखा। उन्होंने चुनावी सभाओं में उनकी इस्लामिक पहचान को लेकर निशाना साधने वालों को भी करारा जवाब दिया था। भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने गुरुवार को न्यूयॉर्क के नए मेयर के तौर पर शपथ ली। मैनहट्टन के एक बंद पड़े मेट्रो स्टेशन पर आयोजित एक ऐतिहासिक समारोह में जोहरान ममदानी ने अमेरिका के सबसे बड़े शहर के पहले मुस्लिम मेयर को तौर पर शपथ ली। उन्होंने कुरान पर हाथ रखकर शपथ ली।

शपथ लेने के बाद जोहरान ममदानी ने कहा, यह वास्तव में जीवन भर का सम्मान और सौभाग्य है। 34 वर्षीय डेमोक्रेट का शपथ ग्रहण समारोह न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स की ओर से आयोजित किया गया। जेम्स उनकी राजनीतिक सहयोगी हैं।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ, डीएम व एसपी ने दिलाई सड़क सुरक्षा शपथ



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। यह अभियान 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जाएगा।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के प्रथम दिवस पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व नागरिकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ तथा प्रशिक्षु कांस्टेबलों और एनसीसी के छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए जनपदवासियों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें और स्वयं व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर अंबेडकर तिराहा एवं महात्मा गांधी तिराहा होते हुए एआरटीओ कार्यालय परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन, उपजिलाधिकारी सदर सतवीर सिंह, सीओ ट्रैफिक गिरेन्द्र सिंह, कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष घनश्याम सिंह एडवोकेट, महामंत्री मनोज मिश्रा एडवोकेट, वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) सत्येन्द्र कुमार सिंह, यात्रीकर/मालकर अधिकारी प्रमोद कुमार, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अशोक कुमार यादव, ट्रैफिक निरीक्षक सुशील मिश्रा सहित यातायात व परिवहन विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके उपरांत दोपहर में दुर्गा सिटी हॉस्पिटल, मुरादगंज तिराहा पर डॉ. आलोक यादव के सौजन्य से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को कुल 100 हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही आमजन को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। कार्यक्रम में सीओ ट्रैफिक गिरेन्द्र सिंह, वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार सिंह, संभागीय निरीक्षक अशोक कुमार यादव, ट्रैफिक निरीक्षक सुशील मिश्रा सहित यातायात व परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है: आलोक गुप्ता



अवधनामा संवाददाता

**जेपी फिटनेस क्लब एंड योग नगर में फिटनेस का नया अध्याय**

**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** स्थानीय नगर के नईबाजार स्थित जेपी फिटनेस क्लब एंड योग का भव्य शुभारंभ मंत्रोच्चारण के बीच किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने फीता काटकर जिम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने कहा कि आज का युग शरीर के फिटनेस का युग है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। जेपी फिटनेस क्लब एंड योग मुंगरा बादशाहपुर के युवाओं के लिए एक वरदान साबित होगा। जिम के संचालक पवन कुमार ने बताया कि जेपी फिटनेस क्लब एंड योग में युवाओं को आधुनिक उपकरणों के साथ योग और फिटनेस की ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिम में व्यक्तिगत ध्यान दिया जाएगा और विशेषज्ञ ट्रेनरों की देखरेख में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां वजन कम करने, तनाव और थनाव से मुक्ति, ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ाने, और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। इस मौके पर राजन सिंह, रोहित सिंह, रंजीत कुमार गुप्ता, चंद्रशेखर तिवारी, पिंटू प्रधान, आदित्य गुप्ता, सचिन गुप्ता, रत्नम पांडे, ओम केसरी, अंशुल चौरसिया सभासद और युवा डांस एकेडमी के सदस्य उपस्थित रहे।

# 12 वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जौनपुर (बक्शा)** स्थानीय थाना क्षेत्र में चपरामऊ गांव निवासी 12वीं की छात्रा वसु यादव 20 वर्ष ने गुरुवार को अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को सुबह घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल युवती को फंदे से उतारा। उसे उपचार के लिए जौनपुर के नईगंज स्थित एक निजी अस्पताल सुनीता हॉस्पिटल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतका के परिजनों ने शव को वापस घर लाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बक्शा थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल के शवगृह भेज दिया। पुलिस की सूचना पर फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। मृतका वसु यादव (लगभग 20 वर्ष) इतेन्द्र यादव की पुत्री थी और चपरामऊ गांव की निवासी थी। वह कक्षा 12वीं की छात्रा थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है। घटनास्थल पर शांति व्यवस्था कायम है।

# लोक कल्याणार्थ संगीतमय श्री राम कथा का भव्य शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (महराजगंज)** क्षेत्र के सवंसा स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी वृहस्पतिवार को संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस वाराणसी की धरती से पधारे कथा व्यास श्री अनिल पांडेय जी ने श्री राम जी के चरित्र की चर्चा की। श्री राम कथा का महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि श्री राम नाम के श्रवण मात्र से मनुष्य के जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। कथा के रसपान से मानव भव बाधा पार हो जाता है। भगवान शंकर के चरित्र का वर्णन किया। सती के आत्मदाह के बाद शिव तपस्या में लीन हो गए। इसी दौरान सती ने हिमालय और मैना के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया। उस समय तारकासुर नाम का एक असुर देवताओं को भयभीत कर रहा था। उसे वरदान मिला था कि उसका वध केवल शिव की संतान ही कर सकती है।इसलिए भगवान शिव विवाह के लिए तैयार हुए। इस दौरान कथा में आई शंकर की बरतिया हिमांचल नगरी भजन से सभी महिला पुर्ष श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। आयोजक समिति यादवेन्द्र प्रताप लवकुश सिंह, पुजारी श्यामशंकर उपाध्याय द्वारा आरती व प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान रिंकू श्रीवास्तव, सूरज सिंह, सिद्धार्थ सिंह, संतोष गुप्ता, आनंद प्रकाश उपाध्याय, विकास पंडित, महेंद्र सरोज, शिव कुमार गिरी सहित सैकड़ों कथा प्रेमी उपस्थित रहे।

## चतुर्थ वाहिनी पीएसी में नव वर्ष पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** नव वर्ष के पावन अवसर पर आज सेनानायक सर्वेश कुमार मिश्र (आईपीएस) की उपस्थिति में वाहिनी परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वाहिनी मद में नियुक्त समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। सेनानायक ने सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की हमारी जिम्मेदारी है। वाहिनी परिसर में स्वच्छता, सामंजस्य एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर सहायक सेनानायक अब्दुल रज्जाक, सहायक सेनानायक श्रीमती ज्योत्सना मिश्र, शिविरपाल राकेश कुमार शर्मा, आरटीसी प्रभारी विनय कुमार सिंह तथा सूबेदार सैन्य सहायक विजय सिंह व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## शिव ने भानु प्रताप क्लब को जिताया



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** भानु प्रताप सिंह क्लब ने कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब को चार रन से हराकर सेंट पीटर्स कप अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्ण अंक प्राप्त किया। विजेता टीम के शिव गौतम (6-0-30-5) और पराजित टीम के सुमित केसरवानी (5.1-0-13-6) गेंदबाजी में चमके। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में भानु प्रताप क्लब ने 34.1 में 148 रन (रुद्र त्रिपाठी 43, अंशुमान पटेल 28, ऋषि 20, सुमित केसरवानी 6/13, आयुष, आर्यन यादव, तनिष्क सोनकर व प्रमाणित एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब की टीम 21.5 ओवर में 144 रन (अक्षत केसरवानी 46, सुमित केसरवानी 32, शिव गौतम 5/30, सौरभ यादव 2/25, अंशुमान पटेल 2/38) पर सिमट गई।

## शान व सूर्यांश की बल्लेबाजी से हरिनाथ सिंह क्लब विजयी



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** शान यादव के (76 रन, 76 गेंद, 12 चौके) व सूर्यांश यादव के (52 रन, 39 गेंद, सात चौके) की शानदार पारी के बदौलत हरिनाथ सिंह क्रिकेट क्लब ने एस के साहू क्रिकेट क्लब को 125 रन से हराकर गंगा जमुना तहजीब अंडर -12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। गुरुवार को दौलत हुसैन मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरिनाथ सिंह क्रिकेट क्लब ने 34.1 ओवर में 236 रन (शान यादव 76, सूर्यांश यादव 52, रूद्र जायसवाल 22, विहान मिश्रा 13 रन, ऋषि खरे 2/51, आदित्य पाल 1/20, अबान अहमद 1/37) पर बनाए। जवाब में एस के साहू क्रिकेट क्लब बी की पूरी टीम 24 ओवर में 111 रन (यश वर्धन 20, प्रथम श्रीवास्तव 11 रन, दिव्यांश यादव 3/25, विराट सिंह 1/03, विहान मिश्रा 1/06, तन्मय 1/13) पर सिमट गई।

# जैन अनुयायियों ने पूजा अर्चना कर नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मना

**प्रयागराज।** दिगम्बर जैन पंचायती सभा के तत्वाधान में जीरो रोड स्थित जैन मंदिर में चौबीस घंटे का अखंड नमोकार मंत्र का प्रातः 8 बजे समापन हुआ उसके पश्चात काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान का अभिषेक शांतिधारा एवं आरती की।

आचार्य दया सागर महाराज मुनि दीक्षा सागर महाराज एवं आर्यिका दिव्यमति माता जी के सानिध्य में एवं राधा दीदी और पंडित आशीष जैन के निर्देशन में शांति विधान का आयोजन किया गया। इस विधान में माध्यम से समाज, राष्ट्र एवं विश्व में सुख समृद्धि शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा के संचार की कामना की गई। आचार्य श्री ने बताया कि शांति विधान का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति, व्यक्तिगत बाधाओं और अशुभ कर्मों का नाश करना तथा भगवान के गुणों का स्मरण करना होता है।

# आपदा प्रबंधन में योगी सरकार की संवेदनशील पहल

**प्रयागराज में अप्रैल-2025 से नवंबर तक 170 जनहानि में मृतक आश्रितों को 24 घंटे में दी गई 6.80 करोड़ की मुआवजा धनराशि**

**प्रयागराज मंडल 20.68 करोड़ की राशि का किया गया त्वरित वितरण**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में आपदा से प्रभावित आश्रितों का दर्द साझा करने में प्रदेश की योगी सरकार ने संवेदनशील पहल की है। सरकार ने प्रदेश में बाढ़, सूखा, आकाशीय बिजली, लू और शीत लहर जैसी आपदाओं से निपटने के लिए तकनीकी की मदद ली है जिससे अब राहत वितरण अब त्वरित और पारदर्शी माध्यम से आश्रितों तक पहुंच रहा है। आपदा प्रबंधन में तकनीकी का उपयोग प्रभावी साबित हो रहा है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की संवेदनशील और तकनीक आधारित व्यवस्था के चलते अब आपदा पीड़ित (मृतक आश्रित परिवार) परिवारों को मुआवजे के लिए लंबा इंतज़ार नहीं करना पड़ रहा है। प्राकृतिक, स्थानीय अथवा गैर-प्राकृतिक आपदाओं में जान गंवाने वालों के निकटतम आश्रितों को अब महज़ 24 घंटे के भीतर मुआवजा उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों को जल्द राहत मिल रही है। प्रयागराज मंडल में अप्रैल 2025 से नवंबर 2025 के बीच विभिन्न कारणों से हुई 523 जन हानियों के मामलों में सरकार द्वारा 20.68 करोड़ की सहायता राशि वितरित की जा चुकी है। प्रयागराज की एडीएम एफ आर विनीता सिंह का कहना है कि जिले में इस अवधि में 170 जनहानि हुई जिसमें आश्रित परिवारों को 6.80 करोड़ मुआवजे की धनराशि 24 घंटे के अंदर वितरित की गई। इसमें भी बाढ़ में डूबने की वजह से सर्वाधिक 100 की जनहानि दर्ज की गई है। इस अवधि में फतेहपुर जिले में 140 की जनहानि हुई जिसमें 5.60 करोड़ की मुआवजा राशि उन्हें 24 घंटे के अंदर वितरित की गई है। मंडल में प्रतापगढ़ जिले में 113 की जनहानि हुई जिसमें 4.50 करोड़ की मुआवजा राशि आश्रित परिवारों को त्वरित गति से वितरित की गई है। कौशाम्बी जिले में इस दौरान 94 जन हानियां दर्ज हुई हैं जिसमें 3.76 करोड़ की मुआवजा राशि आश्रित परिवारों को 24 घंटे के अंदर वितरित की गई है।

### आपदा प्रबंधन में डिजिटल तकनीकी की निर्णायक भूमिका

**प्रयागराज।** यूपी में आपदा से मृत्यु के मामलों में सहायता वितरण की प्रक्रिया भी पूरी तरह ऑनलाइन है जिसमें लेखपाल द्वारा आवेदन और दस्तावेज अपलोड, फिर कानूनगो, तहसीलदार और अंत में एडीएम स्तर पर सत्यापन के बाद डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में राशि भेजी जाती है। लेकिन अब योगी सरकार इसके लिए राहत पोर्टल और आपदा प्रहरी ऐप को प्रभावी रूप से लागू किया। इन माध्यमों से राहत वितरण अब त्वरित, ट्रैकिंग योग्य और जवाबदेह बन गया है। आंकड़ों के अनुसार, बीते तीन महीनों में राज्य स्तर पर 40 प्रतिशत से अधिक मामलों में यह सहायता 24 से 48 घंटे के भीतर दी गई है। नियमानुसार प्रत्येक मृतक के आश्रित को 4 लाख की सहायता 24 घंटे के भीतर डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाती है।

# दुबई में बैठे शख्स ने दो नाम से बनवाए अलग-अलग पासपोर्ट

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले में एक व्यक्ति ने अलग-अलग नाम और जन्मतिथि का उपयोग कर दो पासपोर्ट बनवा लिए। गोपनीय जांच में यह मामला सामने आने पर हड़कंप मच गया। आरोपी के बारे में जानकारी जुटाने पर पता चला कि वह वर्तमान में दुबई में रह रहा है। फिलहाल, मुट्ठीगंज थाने में उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी का नाम मो. आमिल है और वह गऊघाट का रहने वाला है। यूपी में पासपोर्ट सत्यापन की गोपनीय प्रक्रिया के दौरान इसका फर्जीवाड़ा सामने आया। रिपोर्ट डीसीपी मुख्यालय प्रयागराज को भेजी गई, जिसके बाद डीसीपी नगर ने कार्रवाई के लिए मुट्ठीगंज थाने को निर्देशित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एफआईआर गऊघाट चौकी प्रभारी लवकुश कुमार की ओर से दर्ज कराई गई। उनकी तहरीर में बताया गया है कि कार्यालय पुलिस उपायुक्त मुख्यालय कमिश्नरेट प्रयागराज के पत्रांक, जो पुलिस उपायुक्त नगर कमिश्नरेट प्रयागराज को संबोधित है, से पता चला कि मो0 आमिल (जन्मतिथि 12.08.1978) के आवेदन पर पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ से 22.09.1993 को पासपोर्ट जारी किया गया। पुलिस के अनुसार मो0 आमिल की ओर से नाम, जन्मतिथि, पता आदि परिवर्तित कराकर मो0 आमिर (जन्मतिथि 01.02. 1967) के नाम से दूसरा पासपोर्ट बनवाया गया है।

# न्यू ईयर सेलिब्रेट करने गये युवक की चाकू गोदकर हत्या

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के दिलदारगंज असरवाल कला में बुधवार देर रात एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। युवक नए साल का जश्न मनाने के लिए अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने गया था। वहां उसने शराब पी और जमकर मस्ती की। जब देर रात तक वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने आसपास के इलाके में उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और पड़ोसियों से संपर्क किया लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार सुबह गांव से लगभग 1.5 किमी दूर युवक का लहूलुहान शव पाया गया। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत घर वालों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और आसपास के लोगों से पूछताछ करके जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाम धर्मेंद्र सोनकर उर्फ धर्मेश (34 वर्ष) पुत्र जुग्गुल सोनकर ईंट-भट्टे पर गाड़ी चलाने का काम करता था। परिजनों के मुताबिक बुधवार सुबह धर्मेंद्र सोनकर रोज की तरह काम पर गया था। आम दिनों की तरह वह शाम को घर लौट आता था, लेकिन नए साल के मौके पर वह दोस्तों के साथ पार्टी करने गया और देर रात तक घर वापस नहीं आया। धर्मेंद्र के घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने



आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। गुरुवार सुबह गांव से करीब 1.5 किमी दूर पर उसका शव पड़ा होने की सूचना ग्रामीणों ने दी। यह सुनते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची एयरपोर्ट थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। धर्मेंद्र के शरीर पर नुकीले हथियार के कई वार के निशान पाए गए हैं, जिससे प्रारंभिक तौर पर कहा जा रहा है कि उसकी हत्या चाकू से की गई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले की हर संभावित एंगल से जांच कर रही है। जांच में यह भी सामने आया कि मृतक शराब पीता था और नए साल के मौके पर कुछ दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। पुलिस का कहना है कि सभी बिंदुओं पर गहन जांच की जा रही है।

# पूर्व सांसद धनंजय सिंह की माता लालती देवी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने उमड़ी भीड़

अवधनामा संवाददाता



**सिकरारा (जौनपुर)** पूर्व सांसद धनंजय सिंह की माता समाज सेविका लालती देवी की 23वीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव बंसफ़ा में गुरुवार श्रद्धांजलि देने के लिए जनप्रतिनिधि सहित लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे दिन विभिन्न पार्टियों के राजनैतिक दलों के माननीयों के साथ साथ, समाजसेवियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दिनभर लोगों का आना जाना लगा रहा। लोगो ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

दिन में नौ बजे ही पूर्व सांसद धनंजय सिंह के साथ साथ उनकी पत्नी श्रीकला सिंह, पिता राजदेव सिंह व स्वजन लालती देवी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। उसके बाद लोगो का आना जाना देर शाम लगा रहा। बिहार सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खा, सैयद राजा के विधायक सुशील सिंह, विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह विनीत व बृजेश सिंह प्रिंसू, अजगरा विधायक त्रिभुवन राम, पूर्व विधान परिषद सदस्य विद्या सागर सोनकर, पूर्व मंत्री व चेयरमैन कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, हरेंद्र प्रसाद सिंह, रामगंज प्रतापगढ़ के चेयरमैन राकेश सिंह, चेयरमैन फिरोज खान, पूर्व चेयरमैन दिनेश टंडन, वरिष्ठ भाजपा नेता जगत नारायण दूबे, टीडी कालेज के प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख सिकरारा संजय सिंह, प्रमुख बक्शा मनोज यादव, रामपुर प्रमुख अरविंद सिंह मखड्डु, प्रमुख मांडवी सिंह, पूर्व प्राचार्य डा. समर बहादुर सिंह, पूर्व प्रमुख अजय प्रकाश सिंह केडी, शंकर यादव, पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र प्रताप सिंह, संतोष तिवारी, प्रदीप सिंह गप्पू, शिक्षक नेता रमेश सिंह, राकेश सिंह, अमित सिंह, सुधाकर सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक विनोद कन्नौजिया, डा. अभय सिंह, रवींद्र सिंह ज्योति सहित भारी संख्या में जिला पंचायत सदस्य, प्रधान, बीडीसी सदस्य सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। अतिथियों का आभार ब्यक्त करते हुए पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि मां के बताए रास्ते पर चलकर जरूरत मंद लोगो की आजीवन सेवा करता रहूंगा। इससे पहले बुधवार की सुबह श्रीरामचरितमानस पाठ का आरंभ हुआ। समापन के पश्चात हवन पूजन के बाद आयोजित विशाल भंडारे में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। भजन गायक राहुल पाठक की टीम द्वारा देर शाम तक भजन चलता रहा। पूर्व सांसद के बड़े भाई जितेंद्र सिंह दादा, अभ्युदय सिंह व ओम प्रकाश सिंह ने आभार ज्ञापित किया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं (मो. खालिक खान) पुत्र स्वर्गीय श्री युसूफ खान , निवासी 215/74, राजा बाज़ार, नियर राम मंदिर, चौक, लखनऊ ने अपने नाम में परिवर्तन किया है। पूर्व में मेरा नाम मोहम्मद खालिद खान था, जिसे बदलकर अब मो. खालिक खान (MO KHALIQ KHAN) कर लिया गया है। आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य शासकीय अभिलेखों में अब नया नाम मो. खालिक खान मान्य होगा।

# तीन सौ से अधिक स्वच्छता सेवियों का सम्मान



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जनपद प्रदर्शनी/इटावा महोत्सव एवं समाज उत्थान समिति के तत्वाधान में बुधवार की शाम नगर पालिका परिषद इटावा के सहयोग से प्रदर्शनी के मंच पर हुए स्वच्छता ही सेवा सम्मान समारोह में तीन सौ से अधिक स्वच्छता सेवियों का शॉल, प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे सिटी मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर सिंह, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता संटू, सैफई आयुर्विज्ञान के रजिस्ट्रार दीपक कुमार वर्मा, शिव कुमार अग्रवाल वरिष्ठ कर अधिवक्ता, असिस्टेंट प्रो.डा. मयंक कुमार, प्रो. सूरज कुमार (जामिया इस्लामियां वि.वि.दिल्ली) के अलावा पालिका के ब्रांड एंबेसडर आलोक दीक्षित, सर्पमित्र डॉ.आशीष त्रिपाठी, सौम्य वर्मा तरुन और डॉ. हरीशंकर पटेल ने अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुनील कुमार के साथ नगर पालिका के स्वच्छता कर्मियों एवं स्वच्छता अभियान से जुड़े सभी समाजसेवियों समेत नारायन कालेज के हृष्ट के बच्चों का सम्मान करने के साथ उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए। इससे पूर्व दीप प्रज्ज्वलन के साथ आरंभ हुए इस कार्यक्रम में श्री कुर्मी क्षत्रिय महासभा के बच्चों ने सरस्वती वंदना, एक तेरा नाम सांचा और गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल गीत पर नृत्य करके लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। परियोजना विश्लेषक विवेक सिंह ने पीपीटी के माध्यम से पालिका द्वारा स्वच्छता मिशन को लेकर किए गए कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक तथा समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ.हरीशंकर पटेल ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि अपने तीज त्योहार मनाने की चिंता न कर हमारे स्वच्छता कर्मी आपके द्वार पर आकर आपकी गलियों की सफाई करते हैं, सही मायने में यही हमारे असली नायक हैं, इसलिए इनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। डीपीएम सुनील कुमार ने जानकारी देते दी। इसके अलावा आईईसी की टीम द्वारा घर घर जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# पूरे शहर में धूमधाम से मना नये साल का जश्न

**संगम में डुबकी लगा श्रद्धालुओं ने की नववर्ष की शुरुआत**

**देर रात संगम घाट से शहर तक जश्न, बड़े हनुमान मंदिर पर उमड़ी भीड़**



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में अंग्रेजी नववर्ष का स्वागत आस्था, भक्ति और उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। बुधवार देर रात से ही शहर में नए साल का जश्न शुरू हो गया था। रात के 12 बजते ही शहर में जमकर आतिशबाजी हुई। रात में ही बड़ी संख्या में लोग संगम घाट पहुंच गए, जहां भक्ति और श्रद्धा के साथ नववर्ष का स्वागत किया गया।

नववर्ष की पहली घड़ी में ही संगम में स्नान का सिलसिला शुरू हो गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगाते नजर आए। स्नान के बाद लोगों ने पूजा-अर्चना की और नए साल में सुख-समृद्धि की कामना की। संगम घाट पर देर रात तक भीड़ जमी रही। कुछ लोग दोस्तों के साथ तो कुछ परिवार के साथ केक लेकर पहुंचे और आतिशबाजी कर नववर्ष का जश्न मनाया। शहर के दूसरे हिस्सों में भी जश्न पूरे शबाब पर रहा। मॉल, क्लब, बार और पब में देर रात तक युवाओं की भीड़ मस्ती करती दिखी। संगीत, डांस और सेलिब्रेशन के बीच लोगों ने पुराने साल को विदा किया और नए साल का स्वागत किया। शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी पूरी तरह मुस्तैद रही। संगम घाट से लेकर प्रमुख चौराहों और बाजारों तक पुलिस बल तैनात रहा, जिससे जश्न शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। लोग भीषण ठंड के बावजूद दोस्त और परिवार के साथ घरों से बाहर निकलकर उत्सव का हिस्सा बने।

### बड़े हनुमानजी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

गुरुवार तड़के नववर्ष की शुरुआत धार्मिक माहौल में हुई। बांध स्थित बड़े हनुमानजी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं और भक्तों ने भगवान से नए साल के लिए मंगलकामनाएं कीं।

# माघ मेले में साधु-संतों ने किया सड़क जाम

**प्रयागराज।** माघ मेले में सेक्टर 6 के मेला प्रशासन कार्यालय के बाहर गुरुवार को साधु-संतों ने रोड जाम कर धरना प्रदर्शन किया। संतों का कहना था कि उन्होंने कई बार प्रशासन से संपर्क कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसके चलते संतों ने ओल्ड जीटी रोड पर धरने पर बैठकर विरोध जताया, जिससे आसपास का यातायात प्रभावित हो गया।

संतों ने बताया कि माघ मेला क्षेत्र में उन्हें रहने, भोजन और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि मेला प्रशासन बार-बार आश्वासन देता रहा, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसके विरोध में उन्होंने प्रशासन कार्यालय के बाहर धरना शुरू किया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं शमीम कहकशां पत्नी दिलशाद अली निवासी- E 6/11 सेक्टर 2, महावीर इंटर कॉलेज, अलीगंज, लखनऊ-226024 यह घोषणा करती हूं कि आज से मुझे शमीम कहकशां के बजाय शमीम बेगम के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SAYYED RAFIQ AHMED था जिसको बदलकर SAYYED RAFIQ AHMAD रख लिया है। अब मुझे SAYYED RAFIQ AHMAD के नाम से जाना पहचाना वह पुकारा जाए।

**सैय्यद रफीक अहमद**
पुत्र सैय्यद मंजूर हसन
544 गुलामी का पूरा पोस्ट-सदर
जिला-आजमगढ़-276001 उत्तर प्रदेश

# 2000 के नोट: 98.4% से अधिक करेंसी बैंकों में लौटी



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने 2000 के नोटों को वापस लेने की प्रक्रिया पर एक महत्वपूर्ण अपडेट जारी किया है। आरबीआई के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, प्रचलन से हटाए गए 2000 के कुल नोटों में से 98.41 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। 19 मई, 2023 को शुरू हुई इस प्रक्रिया के बाद अब बाजार में इस मूल्यवर्ग के बहुत ही कम नोट शेष रह गए हैं।

रिजर्व बैंक द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, जब 19 मई, 2023 को इन नोटों को वापस लेने की घोषणा की गई थी, तब बाजार में कुल 3.56 लाख करोड़ मूल्य के ?2000 के नोट प्रचलन में थे। 31 दिसंबर, 2025 को कामकाज की समाप्ति तक, यह मूल्य घटकर मात्र 5,669 करोड़ रह गया है। यह डेटा दर्शाता है कि पिछले ढाई वर्षों में भारतीय नागरिकों और संस्थाओं ने उच्च मूल्य वाली इस मुद्रा को वापस करने में सक्रियता दिखाई है।

आरबीआई ने साफ किया है कि भले ही ये नोट अब आम लेनदेन के लिए बैंक शाखाओं में स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं, लेकिन ये अभी भी लीगल टेंडर (वैधानिक मुद्रा) बने हुए हैं। नोटों को वापस करने की समयसीमा में कई बदलाव किए गए थे। देश की सभी बैंक शाखाओं में ?2000 के नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्तूबर 2023 तक उपलब्ध थी। 9 अक्तूबर 2023 से, भारतीय रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में व्यक्ति या संस्थाएं सीधे जाकर अपने बैंक खातों में इन नोटों को जमा कर सकते हैं। आम जनता के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए, देश भर के किसी भी डाकघर से इंडिया पोस्ट के माध्यम से भी नोट भेजे जा सकते हैं। ये नोट सीधे आरबीआई के निर्गम कार्यालयों को भेजे जाते हैं और संबंधित व्यक्ति के बैंक खाते में राशि क्रेडिट कर दी जाती है। 2000 के नोटों को वापस लेने का निर्णय आरबीआई की क्लीन नोट पॉलिसी का हिस्सा था। नवंबर 2016 में विमुद्रीकरण के बाद बाजार में मुद्रा की तत्काल कमी को पूरा करने के लिए ये नोट पेश किए गए थे। विशेषज्ञों का मानना है कि इन नोटों की वापसी से बैंकिंग तरलता में सुधार हुआ है और उच्च मूल्य के नोटों के माध्यम से होने वाली संभावित जमाखोरी पर भी अंकुश लगा है।

हालांकि 98% से अधिक नोट वापस आ चुके हैं, लेकिन शेष 5,669 करोड़ मूल्य के नोटों की वापसी की प्रक्रिया अब भी जारी है। आरबीआई ने जनता से अपील की है कि जिनके पास अभी भी ये नोट बचे हैं, वे आरबीआई के निर्दिष्ट कार्यालयों या डाक विभाग की सुविधा का उपयोग करके इन्हें जल्द से जल्द जमा करें। फिलहाल, आरबीआई ने इस प्रक्रिया को बंद करने की कोई अंतिम तारीख घोषित नहीं की है, जिससे नागरिकों के पास अपनी शेष राशि सुरक्षित करने का अवसर बना हुआ है।

# सांसद डॉ. एस.पी. सिंह के निर्देशन में वृद्ध आश्रमों में रूम हीटर वितरण



**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के संस्थापक चेयरमैन डॉ. एस.पी. सिंह, सांसद के मार्गदर्शन में कड़कती ठंड को देखते हुए बुजुर्गों के लिए एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई। इस क्रम में संस्था के जनरल मैनेजर हर्षित सिंह एवं डायरेक्टर निकिता सिंह ने राजाजीपुरम स्थित परमार्थ वृद्ध आश्रम तथा सेवार्थ वृद्ध आश्रम में निवासरत वृद्धजनों को रूम हीटर वितरित किए। इस सेवा कार्यक्रम के दौरान परमार्थ वृद्ध आश्रम की इंचार्ज मनोरमा सिंह एवं सेवार्थ वृद्ध आश्रम की इंचार्ज सीमा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने संस्था द्वारा किए गए इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए बुजुर्गों की ओर से आभार व्यक्त किया। कड़कती ठंड के मौसम में वृद्धजनों की कठिनाइयों को समझते हुए किया गया यह कार्य संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। रूम हीटर पाकर बुजुर्गों के चेहरों पर राहत और संतोष स्पष्ट रूप से देखने को मिला। इस अवसर पर कहा गया कि लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज की सभी शाखाएं समय-समय पर समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के लिए इस प्रकार के सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करती रही हैं। ठंड के इस मौसम में बुजुर्गों के प्रति संवेदना रखते हुए किए गए ऐसे कार्य समाज को मजबूत बनाते हैं और आने वाली पीढ़ियों में सेवा, सम्मान एवं मानवीय मूल्यों के संस्कार विकसित करते हैं। डॉ. एस.पी. सिंह ने अपने संदेश में कहा कि वृद्धजनों की सेवा केवल दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार की पहल एक संवेदनशील और संस्कारवान समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# वोडाफोन आइडिया की मुश्किलें बढ़ीं
## जीएसटी विभाग ने ठोका 638 करोड़ का जुर्माना, कंपनी जाएगी अदालत



**नई दिल्ली।** वोडाफोन आइडिया पर ?638 करोड़ का GST जुर्माना। अहमदाबाद CGST विभाग ने टैक्स भुगतान और ITC में गड़बड़ी का लगाया आरोप। AGR राहत के बीच कंपनी को लगा यह बड़ा झटका।

कर्ज के बोझ से दबी टेलीकॉम ऑपरेटर वोडाफोन आइडिया की वित्तीय चुनौतियों में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। कंपनी ने गुरुवार को बताया है कि उसे अहमदाबाद के अतिरिक्त केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) आयुक्त कार्यालय से 638 करोड़ के जुर्माने का आदेश प्राप्त हुआ है। कंपनी ने साफ किया है कि वह इस आदेश से असहमत है और इसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

वोडाफोन आइडिया द्वारा स्टॉक एक्सचेंज को दी गई वैधानिक फाइलिंग के अनुसार, यह जुर्माना केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 74 के तहत लगाया गया है। जुर्माने की राशि 6,37,90,68,254 (करीब 638 करोड़ रुपये) है।

कर प्राधिकरण ने कंपनी पर टैक्स के कम भुगतान और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का अधिक लाभ उठाने का आरोप लगाया है। कंपनी के अनुसार, अधिकतम वित्तीय प्रभाव कर मांग, ब्याज और लगाए गए जुर्माने की सीमा तक हो सकता है।

दिलचस्प बात यह है कि जीएसटी जुर्माने का यह आदेश ऐसे समय में आया है जब महज एक दिन पहले ही कंपनी को केंद्र सरकार से बड़ी राहत मिली थी। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने वोडाफोन आइडिया के एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) बकाया को फ्रीज करने का निर्णय लिया था।

# एलएंडटी फाइनेंस ने लॉन्च की सचेत विद सचेत पहल

**लखनऊ।** देश की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों में से एक एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने 'सचेत विद सचेत' नामक एक साइबर सुरक्षा पहल की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को डिजिटल वित्तीय दुनिया में सुरक्षित तरीके से निर्णय लेने के लिए जरूरी जानकारी और टूल्स से सशक्त बनाना है। एलटीएफ के फाइनेंशियल अवेयरनेस मैस्कॉट सचेत कुमार के एनिमेटेड अवतार के जरिए यह पहल इंटरैक्टिव टेक्नोलॉजी और गेमिफाइड लर्निंग को जोड़ती है, ताकि नए साल 2026 में सुरक्षित डिजिटल आदतों को बढ़ावा दिया जा सके।

एलटीएफ की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कविता जगतियानी ने कहा आज लगभग हर स्मार्टफोन उपयोगकर्ता किसी न किसी रूप में स्कैम का शिकार बन रहा है। ठग अब इतनी उन्नत तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं कि असली और नकली में फर्क करना मुश्किल हो गया है। जो लोग डिजिटल रूप से कम जानकार हैं, वे सबसे ज्यादा जोखिम में रहते हैं। 'सचेत विद सचेत' के जरिए हमारा प्रयास है कि हर नागरिक को जागरूक और सशक्त बनाया जा सके, ताकि 'स्कैम-स्मार्ट' होना एक सामान्य आदत बन सके।

एलटीएफ ने इसके लिए एलटीएफसचेत.इन नामक एक डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां उपयोगकर्ता स्कैम से बचाव के लिए सीख सकते हैं और खुद को तैयार कर सकते हैं। इसका प्रमुख फीचर लिंक वेरिफिकेशन टूल है, जिसकी मदद से संदिग्ध यूआरएल को जांचा जा सकता है। यह टूल गूगल सेफ ब्राउजिंग और चैटजीपीटी एपीआई की मदद से जोखिम के स्तर को रंगों के जरिए दर्शाता है– हरा (कोई जोखिम नहीं), नारंगी (मध्यम खतरा) और लाल (उच्च जोखिम या स्कैम)।

इसके अलावा, प्लेटफॉर्म पर यूपीआई सुरक्षा, डीपफेक, फिशिंग, एडवांस फीस स्कैम जैसे विषयों पर आधारित गेमिफाइड क्विज़ भी उपलब्ध हैं। वास्तविक जीवन से जुड़े इन परिदृश्यों को सही तरीके से पूरा करने पर उपयोगकर्ताओं को 'सचेत शील्ड' डिजिटल बैज दिया जाता है, जो उन्हें 'स्कैम-स्मार्ट' के रूप में पहचान देता है। माइक्रोसाइट पर एक डिजिटल लर्निंग लाइब्रेरी भी उपलब्ध है, जिसमें स्कैम से बचाव से जुड़े प्रैक्टिकल मॉड्यूल्स और पहले जारी किए गए वित्तीय जागरूकता वीडियो शामिल हैं, ताकि लोग रोजमर्रा के डिजिटल खतरों को पहचान सकें और उनसे खुद को सुरक्षित रख सकें।

इस पहल को व्यापक स्तर पर पहुंचाने के लिए एलटीएफ ने सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर आधारित रणनीति भी अपनाई है। इसके तहत पॉडकास्ट-स्टाइल कंटेंट तैयार किया गया है, जहां इन्फ्लुएंसर्स एनिमेटेड कैरेक्टर सचेत कुमार को खास मेहमान के रूप में आमंत्रित कर नए साल 2026 के लिए स्कैम-सेफ संकल्प साझा करते हैं। इसके साथ ही, स्ट्रीट-लेवल वॉक्स पॉप इंटरव्यू के जरिए आम लोगों से धोखाधड़ी को लेकर बातचीत की जाती है और स्कैम-स्मार्ट साबित होने वालों को सचेत शील्ड ट्रॉफी भी प्रदान की जाती है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने वर्ष 2025 में 3,88,801 यूनिट्स की बिक्री की

**बेंगलुरु।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने वर्ष 2025 में अब तक की सबसे अधिक 3,88,801 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो वर्ष 2024 में बेची गई 3,26,329 यूनिट्स की तुलना में 19% की वृद्धि दर्शाती है। वर्ष 2025 में कुल 3,88,801 यूनिट्स की बिक्री में से 3,51,580 यूनिट्स घरेलू बाजार में 17% की वृद्धि के साथ बेची गईं, जबकि 37,221 यूनिट्स निर्यात की गईं, जिसमें 42% की वृद्धि दर्ज की गई। यह कंपनी की संतुलित विकास रणनीति, ग्राहकों तक व्यापक पहुंच और प्रमुख क्षेत्रों में लगातार बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है। दिसंबर 2025 में, टीकेएम ने 39,333 यूनिट्स की कुल बिक्री दर्ज की, जबकि दिसंबर 2024 में यह 29,529 यूनिट्स थी, जो वार्षिक आधार पर 33% की वृद्धि दर्शाती है। दिसंबर 2025 में घरेलू बिक्री 34,157 यूनिट्स रही, जबकि निर्यात 5176 यूनिट्स रहा, जिससे कुल बिक्री 39,333 यूनिट्स हो गई।

## दिसंबर 2025 में 6.1% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दिसंबर 2025 में भारत का जीएसटी संग्रह 6.1% बढ़कर 1.74 लाख करोड़ के पार पहुंचा। कैसे 375 वस्तुओं पर टैक्स कटौती ने घरेलू राजस्व को प्रभावित किया और आयात में 19.7% की ग्रोथ ने आंकड़े को संभाला। पढ़ें पूरी रिपोर्ट। भारत के वस्तु व सेवा कर यानी जीएसटी संग्रह में दिसंबर 2025 के दौरान वार्षिक आधार पर 6.1 प्रतिशत का इजाफा हुआ। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस महीने कुल सकल जीएसटी संग्रह 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। हालांकि, सितंबर 2025 में की गई व्यापक कर कटौती के चलते घरेलू बिक्री से होने वाले राजस्व की वृद्धि दर में सुस्ती देखी गई है।

# अर्थव्यवस्था में गोल्डिलॉक्स दौर

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वर्ष 2026 एक अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ साबित होने वाला है। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत एक ऐसे गोल्डिलॉक्स चरण में प्रवेश कर रहा है, जहां मजबूत वृद्धि दर और नरम महंगाई का दुर्लभ मेल दिख सकता है। हालांकि, घरेलू मोर्चे पर मजबूती के बावजूद वैश्विक व्यापार में तनाव और मुद्रा बाजार की अस्थिरता 2026 में नीति निर्माताओं के लिए मुख्य चुनौती बनी रहेगी। आर्थिक शब्दावली में गोल्डीलॉक्स इकोनॉमी उस आदर्श स्थिति को कहते हैं जो न तो बहुत अधिक गर्म (बहुत ज्यादा महंगाई) होती है और न ही बहुत ठंडी (मंदी या सुस्ती)। यानी एक ऐसी अर्थव्यवस्था जहाँ आर्थिक विकास की गति स्थिर बनी रहती है, बेरोजगारी कम होती है और महंगाई नियंत्रण में रहती है। साल 2026 के लिए जो अनुमान लगाए जा रहे हैं- जैसे कि 3.5त्न की रिटेल महंगाई और स्थिर जीडीपी विकास दर- वे संकेत देते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था वर्तमान में इसी गोल्डीलॉक्स जोन में है। यह मध्यम वर्ग के लिए सबसे सुखद स्थिति होती है क्योंकि यहां न तो ब्याज दरों के अचानक बढ़ने का डर होता है और न ही आय कम होने का जोखिम। 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गई, इस आंकड़ने भारत को जापान से आगे निकालकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 4.18 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ भारत अब अगले 2.5 से 3 वर्षों में जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। अनुमान है कि 2030 तक भारत की जीडीपी 7.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने विकास अनुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है। वर्ल्ड बैंक, आईएमएफ और मूडीज जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भी इस सकारात्मक दृष्टिकोण की पुष्टि की है। फरवरी में पेश होने वाले आगामी केंद्रीय बजट से उद्योगों और आम जनता को काफी उम्मीदें हैं। सरकार का ध्यान मुख्य रूप से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। सरकार से आने वाले वाले साल में कई बड़े कदमों की रहेगी उम्मीद। जानकार मानते हैं कि अर्थव्यवस्था में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार को पूंजीगत व्यय यानी कैपेक्स में निवेश और बढ़ाना चाहिए। सरकार से नई श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) का पूर्ण कार्यान्वयन और जीएसटी दरों में और अधिक तर्कसंगत सुधार की भी उम्मीद रहेगी। केंद्र ने राष्ट्रीय खातों के आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 करने की भी तैयारी कर ली है, इससे जीडीपी गणना की सटीकता बढ़ेगी। भारत की विकास गाथा में वैश्विक कंपनियों का भरोसा बना हुआ है। माइक्रोसॉफ्ट (2030 तक 17.5 बिलियन डॉलर), अमेजन (अगले 5 वर्षों में 35 बिलियन डॉलर) और गूगल (15 बिलियन डॉलर) जैसे दिग्गजों ने बड़े निवेश की घोषणा की है।

# नए साल 2026 का आगाज सोने में उछाल के साथ
## रिकॉर्ड रैली के बाद चांदी की रफ्तार पर लगा ब्रेक



**मुंबई।** साल 2026 की शुरुआत में भारतीय सराफा बाजार में सोने का भाव बढ़कर 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि चांदी गिरकर 2,37,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। आइए जानें 2025 के ऐतिहासिक रिटर्न, चांदी में मुनाफावसूली के कारण और 2026 के लिए विशेषज्ञों का पूर्वानुमान।

भारतीय सराफा बाजार के लिए साल 2026 की शुरुआत मिश्रित रही है। जहां एक ओर सोने की कीमतों ने मजबूती के साथ नए साल का स्वागत किया, वहीं दूसरी ओर चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के बाजार में सोने की कीमतों में 640 रुपये की बढ़ोतरी देखी गई, जबकि चांदी में 1,600 रुपये की बड़ी गिरावट आई।

**सोने की कीमतों में मजबूती, चांदी में मुनाफावसूली**

गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र (बुधवार) में यह 1,37,700 रुपये पर बंद हुआ था।

इसके विपरीत, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट का सिलसिला जारी रहा। चांदी का भाव 2,37,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया, जो पिछले बंद भाव 2,39,000 रुपये से 1,600 रुपये कम है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि साल 2025 की रिकॉर्ड तेजी के बाद चांदी में कुछ मुनाफावसूली देखी जा रही है।

बीता साल 2025 सोने और चांदी दोनों के लिए ऐतिहासिक रहा। आंकड़ों पर नजर डालें तो सोना ने 2025 में करीब 73.45 प्रतिशत का रिटर्न दिया। वहीं, चांदी ने सोने को भी पीछे छोड़ते हुए लगभग 164 प्रतिशत की भारी बढ़त दर्ज की।

**वैश्विक बाजारों का दबाव**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में गिरावट का रुख रहा। बुधवार को हाजिर सोना 28 डॉलर या 0.65 प्रतिशत गिरकर 4,310.89 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। मिरै एसेट शेयरखान के कमोडिटी प्रमुख प्रवीण सिंह ने बताया, साल 2025 के अंतिम कारोबारी दिन अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में सुधार के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें दबाव में रहीं। अल्पावधि में वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतें एक सीमित दायरे में रहने की उम्मीद है।

मेहता इक्विटीज के वाइस प्रेसिडेंट (कमोडिटीज) राहुल कलंत्री के मुताबिक, 2026 में सराफा बाजार की चाल मुख्य रूप से निम्नलिखित कारकों पर निर्भर करेगी। अमेरिकी केंद्रीय बैंक की ब्याज दरों को लेकर नीति और डॉलर की मजबूती या कमजोरी सबसे महत्वपूर्ण कारक होगी। दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की निरंतर खरीदारी और ईटीएफ (श्वञ्जस्न) प्रवाह कीमतों को ढांचागत समर्थन प्रदान करेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि चांदी के निर्यात पर चीन द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंध वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करेंगे, जिससे कीमतों में अस्थिरता आ सकती है। किसी भी प्रकार के वैश्विक तनाव की स्थिति में सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग में और इजाफा हो सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि सोने और चांदी की कीमतें वर्तमान में रिकॉर्ड ऊंचाइयों के करीब हैं। हालांकि बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है, लेकिन केंद्रीय बैंकों की दिलचस्पी और सुरक्षित निवेश की मांग इसे लंबी अवधि में सहारा देगी। निवेशकों को सलाह है कि वे वैश्विक आर्थिक संकेतों और डॉलर इंडेक्स की चाल पर पैनी नजर रखें।

# वंदे भारत स्लीपर का इंतजार खत्म: गुवाहाटी-हावड़ा होगा पहला रूट

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का परीक्षण और प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को घोषणा की कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी और हावड़ा (कोलकाता) के बीच चलाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाले कुछ ही दिनों में इस ऐतिहासिक रूट पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

रेल मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी की रात की यात्राओं के लिए डिजाइन की गई है। यह ट्रेन यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं, बेहतर सुरक्षा और एक आधुनिक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। इसे भारतीय रेलवे के लिए एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है, जो प्रीमियम यात्रा को और सुगम बनाएगी।

वंदे भारत के साथ-साथ रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन को लेकर भी बड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 2027 को भारत को अपनी पहली बुलेट ट्रेन मिल जाएगी। वैष्णव ने मजाकिया अंदाज में कहा, आप अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए, अगले साल बुलेट ट्रेन भी आ जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार इस प्रोजेक्ट को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए पूरी गंभीरता से जुटी हुई है।

प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर रेल मंत्री ने बताया कि पिछले साल नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद गुजरात दौरे के दौरान मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का निरीक्षण किया था। पीएम मोदी सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पहुंचे थे, जहां उन्होंने काम की बारीकी से जांच की और वहां मौजूद इंजीनियरों व कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कर्मचारियों से बातचीत करते हुए कहा था कि यह प्रोजेक्ट न केवल गुजरात बल्कि पूरे देश के गर्व का विषय है।

# नए साल के पहले कारोबारी दिन बाजार में सुस्ती, तंबाकू शेयरों में गिरावट का असर

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार ने वर्ष 2026 के पहले कारोबारी सत्र की शुरुआत काफी हद तक सपाट नोट पर की। शुरुआती उत्साह के बावजूद, तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) की सरकारी अधिसूचना के चलते आईटीसी सहित सिगरेट निर्माताओं के शेयरों में हुई भारी बिकवाली और विदेशी निवेशकों की निकासी ने बाजार की बढ़त पर लगाम लगा दी।

गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 32 अंक या 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 85,188.60 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के दौरान सेंसेक्स में 350 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया, जहां इसने 85,451.70 का उच्च स्तर और 85,101.52 का निचला स्तर छुआ। वहीं, दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला निफ्टी 16.95 अंक या 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 26,146.55 के स्तर पर स्थिर



हुआ। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि वैश्विक बाजारों के बंद होने और घरेलू नीतिगत बदलावों के कारण बाजार में स्पष्ट दिशा का अभाव दिखा।

बाजार में आज की सबसे बड़ी हलचल तंबाकू और सिगरेट क्षेत्र में देखने को मिली। केंद्र सरकार द्वारा 1 फरवरी 2026 से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर हेल्थ सेस लगाने की अधिसूचना जारी करने के बाद निवेशकों ने इन शेयरों से दूरी बना ली। सेंसेक्स के 30 शेयरों में ढ्ढञ्जष्ट सबसे अधिक 9.69 प्रतिशत टूटकर बंद हुआ। गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया के शेयरों में 17.09 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीआईसीआई बैंक भी दबाव में रहे।

**चढ़ने वाले शेयर और संस्थागत निवेश**

गिरावट के माहौल के बीच बिजली और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनियों ने बाजार को सहारा दिया। एनटीपीसी (एनटीपीसी), इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) और पावर ग्रिड प्रमुख लाभ कमाने वाले शेयरों में शामिल रहे।

एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 3,597.38 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इसके विपरीत, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बाजार को संभालते हुए 6,759.64 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

नववर्ष के अवकाश के कारण गुरुवार को अधिकांश एशियाई और यूरोपीय बाजार बंद रहे। अमेरिकी बाजारों में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई थी, जिसका असर शुरुआती सत्र में भारतीय बाजार पर भी दिखा। उल्लेखनीय है कि पिछला साल (2025) भारतीय शेयर बाजार के लिए शानदार रहा था।

# भारतीय स्टील-एल्युमीनियम निर्यातकों पर दबाव,15% तक घटानी पड़ सकती हैं कीमतें

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ (ईयू) का कुछ धातुओं पर कार्बन कर (सीबीएएम) एक जनवरी, 2026 से लागू होने जा रहा है। यह भारत के एल्युमीनियम एवं इस्पात निर्यातकों के लिए बड़ा झटका है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने बुधवार को कहा, यूरोपीय संघ के इस कदम से कई भारतीय निर्यातकों को कीमतों में 15 से 22 फीसदी तक की कटौती करनी पड़ सकती है, ताकि ईयू के आयातक उसी मुनाफे (मार्जिन) से सीबीएएम कर का भुगतान कर सकें। कीमतों में कटौती करना प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए भी जरूरी है। हालांकि, भारतीय निर्यातकों को सीधे तौर पर कार्बन कर का भुगतान नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि यूरोपीय संघ स्थित आयातकों (जो अधिकृत सीबीएएम घोषणाकर्ता के रूप में पंजीकृत हैं) को आयातित वस्तुओं में निहित उत्सर्जन से संबंधित सीबीएएम प्रमाणपत्र खरीदने होंगे। इसका भार अंततः भारतीय निर्यातकों को ही उठाना पड़ेगा।

दरअसल, 27 देशों का समूह यूरोपीय संघ उन वस्तुओं पर कार्बन कर लगा रहा है, जिनके निर्माण के दौरान कार्बन उत्सर्जन होता है। इस्पात क्षेत्र में ब्लास्ट फर्नेस-बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस मार्ग में उत्सर्जन सबसे अधिक होता है, जबकि गैस आधारित डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन (डीआरआई) में यह कम एवं कबाड़ आधारित इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस में सबसे कम होता है। इसी तरह, एल्युमीनियम में बिजली का स्रोत एवं ऊर्जा की खपत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कोयले से उत्पादित बिजली से कार्बन बोझ बढ़ता है, जिससे सीबीएएम लागत भी अधिक होती है। एजेंसी

जीटीआरआई संस्थापक ने कहा, एक जनवरी 2026 से ईयू में प्रवेश करने वाली भारतीय इस्पात एवं एल्युमीनियम की हर खेप पर कार्बन लागत जुड़ेगी, क्योंकि सीबीएएम रिपोर्टिंग चरण से भुगतान चरण में प्रवेश करेगा।

# निशांत हत्याकांड : हत्यारोपियों के घर पर बुल्डोजर कार्रवाई की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने चक्का जाम किया

- मौके से पहुंचे एसपी व अन्य अधिकारियों ने मामले को कराया शांत
- पुरानी रंजिश में युवक की हत्या का मामला, क्षेत्र में तनाव


शव रखकर चक्का जाम करते आक्रोशित ग्रामीण


घटना का जायजा लेते एसपी केशव कुमार

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के गोबरहीं में पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार को एक युवक की चाकू गोदकर हत्या के मामले में क्षेत्र में तनाव की स्थिति है। गुरुवार को युवक का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो परिजन अंतिम संस्कार से इनकार कर दिए और हत्यारोपियों के घर बुल्डोजर की कार्रवाई व इनकाउंटर की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया। मौके से पहुंचे एसपी केशव कुमार ने आक्रोशित लोगों को समझाया तक जाकर मामला शांत हुआ। हालांकि पुलिस हत्यारोपित समेत चार को हिरासत में ले लिया है। एएसपी सिद्धार्थ वर्मा, एसडीएम संतराज सिंह बघेल व सीओ कुंदन सही दोनों गांव में भारी पुलिस बल तैनात है।

बता दें कि कसया के अमरपुर निवासी 25 वर्षीय निशांत सिंह व जुड़वनिया निवासी नौशाद के बीच एक वर्ष पूर्व नैकाछपरा में एक कार्यक्रम के दौरान विवाद हुआ था। इसे लेकर दोनों में मनमुटाव चल रहा था। बुधवार को दोपहर बाद निशांत बाइक से कसया आ रहा था। अपने गांव के सामने नौशाद ने उसे रोका और पेट में चाकू घोंप दिया। चीख सुनकर लोगों को आते देख वह फरार हो गया। लोगों की मदद से निशांत को सीएचसी कसया लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। यह खबर मिलते ही गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। मामले की जानकारी होते ही एसपी मातहतों संग मृतक के गांव पहुंचे। मामले में कठोर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उधर आक्रोशित ग्रामीण नैकाछपरा चौराहा पर हेतिमपुर-गोबरही मार्ग को जामकर प्रदर्शन करने लगे। कुछ ही देर बाद आक्रोशित भीड़ हत्यारोपित के गांव की ओर दौड़ पड़ी। पुलिस ने रास्ते में समझा-बुझाकर रोका। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारोपित सहित चार युवकों को हिरासत में ले लिया। खबर लिखे जाने तक जुड़वनिया से कुछ दूरी पर एकत्रित लामबंद लोगों से वार्ता कर पुलिस अधिकारी समझाने में लगे थे। एसपी ने बताया कि प्राथमिक जांच में रंजिश की बात सामने आई है। सभी पहलुओं की गहनता से छानबीन की जा रही है। हत्यारोपित समेत चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। घटना में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## बिजली बिल राहत योजना, 31 दिसम्बर को टूटा रिकॉर्ड 3664 उपभोक्ताओं ने लिया छूट का लाभ

**अमेठी।** बिजली बिल राहत योजना के अन्तर्गत अवकाश के दिनों में भी कैम्पों का आयोजन जारी है। बुधवार को कुल 56 कैम्प आयोजित किए गए। 1 दिसम्बर, से 31 दिसम्बर तक 40320 उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराया है। 37.51करोड रु धनराशि जमा हुई है।

बुधवार को गौरीगंज डिवीजन में 16, अमेठी डिवीजन में 17, जगदीशपुर में 18और तिलोई में 14कैम्प आयोजित किए गए। 65कैम्पों में कुल 3664 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। 432.54 करोड़ रु की धनराशि जमा हुई है। पटल सहायक और वरिष्ठ लिपिक दुर्गेश सिंह ने बताया कि जब से योजना शुरू हुई है, पंजीकरण संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। लक्ष्य पूर्ति के लिए पावर कारपोरेशन की ओर से रोज समीक्षा की जा रही है। अधीक्षण अभियंता इंजीनियर अरूण कुमार ने बताया कि बिजली बिल राहत योजना, बकायेदार उपभोक्ताओं के लिए पावर कारपोरेशन की ओर से एक उपहार है।

# प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत में उमड़ेगा जनसैलाब, बस्ती संगठन ने कसी कमर

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के 5 जनवरी को गोरखपुर में प्रथम आगमन को लेकर बस्ती भाजपा संगठन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। इस अवसर को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने के उद्देश्य से बस्ती भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की संयुक्त तैयारी बैठक आयोजित की गई।

गुरुवार को आयोजित बैठक में असम प्रभारी एवं पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने संगठन के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ स्वागत कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तय की। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि बस्ती जिले के सभी मंडलों से कार्यकर्ता 05 जनवरी 2026 को प्रातः 8 बजे तक बस्ती टोल प्लाजा पर एकत्र होंगे। इसके उपरांत सभी कार्यकर्ता एक विशाल काफिले के रूप में गोरखपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत के पश्चात सभी कार्यकर्ता गोरखपुर एयरपोर्ट होते हुए क्षेत्रीय कार्यालय रानीडीहा पहुंचेंगे, जहां प्रातः 10:30 बजे उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा।

इस अवसर पर असम प्रभारी व पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि यह स्वागत कार्यक्रम संगठन की एकजुटता, अनुशासन और कार्यकर्ता शक्ति का परिचायक होगा। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का प्रथम आगमन पूरे पूर्वांचल के लिए ऐतिहासिक क्षण है। बस्ती भाजपा संगठन पूर्ण उत्साह, अनुशासन और गरिमा के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाएगा।

तैयारी बैठक में प्रमुख रूप से प्रमोद पाण्डेय, राकेश कुमार श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह, अनिल दुबे, हरिद्वार मिश्र, उमाशंकर पटवा, विनय सिंह सोनू, अरविन्द पाल, अंकुर वर्मा, बालकृष्ण पिंटू तिवारी, योगेन्द्र सिंह, अभिषेक कुमार, अरविन्द सिंह, प्रबल मालानी, रघुनाथ सिंह, विनोद चौधरी, सत्येन्द्र शुक्ल जिप्पी, के.के. दुबे, ब्रम्हदेव यादव, अमृत कुमार वर्मा, वरुण सिंह, योगेश, शैलेश पाण्डेय, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता उर्फ रज्जू, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गांव, शहर से सरकारी दफ्तरों तक मना नये साल का पर्व, गुनगुनी धूप में हुआ साल 2026 का आगाज



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** गुरुवार का पूरा दिन नववर्ष की शुभकामनाएं देने में बीता।शहर से लेकर गांव तक लोगों ने एक दूसरे को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने इष्ट मित्रों को उपहार भी दिए। सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने बुकें, डायरी,कलम, कैलेंडर और उपहार बांटे।

कई दिनों के बाद खिली गुनगुनी धूप नव वर्ष का स्वागत करती नजर आई। महिलाओं और गृहणियों ने दिन भर धूप का लाभ लेकर घरेलू काम काज निपटाए। पिछले 15 दिन से लगातार मौसम का रंग बदला हुआ है। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा है। नए वर्ष के पहले दिन गुरुवार की सुबह से ही एकाएक मौसम पूरी तरह साफ हो गया। सुबह की किरणें नई रोशनी के साथ धरती पर उतरी। धूप निकलने से लोगों के चेहरे खिल उठे। महिलाएं धूप का आनंद लेते हुए दिन भर बाथरूम में कपड़े धोने का काम किया। वृद्धजन दोपहर के समय गुनगुनी धूप में स्नान करने का काम भी किया। गुरुवार को नगर की रामलीला मैदान में लगी प्रदर्शनी में सबसे ज्यादा भीड़ महिलाओं और बच्चों की देखी गई। धूप का आनंद लेते हुए लोगों ने खूब खरीदारी की। बस स्टेशन पर यात्रियों के साथ बाजार करने आए लोग भी चाय की चुस्कियां लेते हुए धूप में बैठकर आनंद उठाते देखे गए।

# नव वर्ष पर रोटरी ने निःशुल्क ब्लड ग्रुप जांच शिविर का किया आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**




**कुशीनगर।** रोटरी क्लब कुशीनगर ने नए वर्ष की शुरुआत में एक महत्वपूर्ण पहल की, जब रोटरी ने कुशीनगर चैरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में निश्‍शुल्क ब्लड ग्रुप जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के माध्यम से नव वर्ष के मेले में लोगों ने मुफ्त में अपने ब्लड ग्रुप की जांच कराई। इस पहल के माध्यम से क्लब ने समाज में स्वास्थ्य संचार को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के सहायक सर्वेक्षण शादाब खान ने फीता खोल कर एवं अपना ब्लड ग्रुप जांच कराते हुए किया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि भाग-दौड़ की वर्तमान जिन्दगी में प्रत्येक व्यक्ति के लिए अपने ब्लड ग्रुप की जानकारी रखना बहुत जरूरी है। इससे खुद के किसी दुर्घटना का शिकार होने या मौका पड़ने पर किसी को रक्त देने व लेने में सहायता मिलती है। रोटरी के सह संरक्षक वाहिद अली ने बताया कि ब्लड ग्रुप पता होने से रोगों से मुक्ति एवं आकस्मिक संकट के समय विशेष लाभ मिल जाता है, साथ ही जिनका ब्लड ग्रुप एबी निगेटिव है जो कम लोगों में पाया जाता है, किसी को भी एबी निगेटिव रक्त की आवश्यकता पड़े तो वे सहर्ष रक्तदान कर लोगों के जीवन बचाने में सहयोग कर सकेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत रोटरी के सह संरक्षक वाहिद अली, उपाध्याय दुर्गेश चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, ब्लड डोनेशन संयोजक राजीव तिवारी, निदेशक महेन्द्र तिवारी, अखिलेश शर्मा, शोभा राय, आदिल खान, राजू चौहान आदि उपस्थित रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. संजय सिंह सहित 388 लोगों ने अपने रक्त समूह की जांच कराई। जांच के उपरांत सभी को प्रमाण पत्र भी दिया गया।

## जिलाधिकारी ने झंडी दिखाकर रवाना किया जागरूकता रथ



**बस्ती ।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग तथा सुरक्षित वाहन संचालन की अपील की। इस दौरान अपर जिला अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, आरटीओ फरूद्दीन, एआरटीओ माला बाजपेयी, एआरएम आयुष भटनागर, प्रमोद ओझा सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## शुरू हुआ सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, चेकिंग अभियान में धरे गए 170 वाहन

- डीएम ने मंगाई टोल प्लाजा की सूची,ई रिक्शा रुट प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** सड़क सुरक्षा माह के कार्यक्रम शुरू हो गये हैं। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डी एम की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुरूप काम शुरू हो गये हैं।डी एम आवास के पास सड़क पर रिपीटेड बार और रम्बल स्ट्रिप बनाने के लिए अधिशासी अभियंता इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने अवर अभियंता अमित पाठक को जिम्मेदारी दी है।

गुरुवार को नये वर्ष के पहले दिन यातायात पुलिस ने गौरीगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शहर में जागरूकता अभियान चलाया। अधिशासी अभियंता और सड़क सुरक्षा समिति के सचिव इंजीनियर रमेश चंद्र ने बैठक का कार्यवृत्त जारी कर सभी विभागों को डी एम के निर्देशों के अनुपालन पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सड़क सुरक्षा माह के कार्यक्रम प्रारंभ हो गये हैं। गुरुवार को यातायात पुलिस की ओर से गौरीगंज में चेकिंग अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पम्पलेट बांटकर राहगीरों को सुरक्षित यातायात के लिए जागरूक किया गया। यातायात प्रभारी शोभनाथ ने कहा कि दुर्घटना से देर भली --के संदेश को वाहन चलाते समय जरूर ध्यान रखें। बाइकसवार हैल्मेट और चार पहिया वाहन सवार सीटबेल्ट का प्रयोग जरूर करें।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ एआरटीओ ने दिखाई हरी झंडी


सड़क सुरक्षा माह को हरी झंडी दिखाते एआरटीओ

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह2026 का जनपद कुशीनगर में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मु. अज़ीम ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करने, यातायात संकेतों का सम्मान करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग एवं नशे में वाहन चलाने से बचने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इसके साथ ही आमजन को सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का संदेश दिया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा आम नागरिक उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान जनपद में निरंतर जागरूकता अभियान, यातायात नियमों के पालन हेतु विशेष चेकिंग अभियान एवं शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके।

## बीएलओ के खिलाफ पकड़ी के प्रधान ने बीडीओ से की शिकायत

**अवधनामा संवाददाता**



**मथौली, कुशीनगर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा ग्राम पंचायत चुनाव की तैयारी तेज हो गई है, जिसके लिए ग्राम पंचायत के मतदाता की अनंतिम सूची भी बीते 20 दिसंबर को जारी किया गया, जिसमें सैकड़ों मतदाताओं का नाम सूची से विलोपित हो गया है जिसके सन्दर्भ में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पुनः 23 दिसंबर से 30 दिसम्बर तक बीएलओ को घर घर जा कर सूची को दावा और आपत्ति के साथ विलोपित नाम को चढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया।

परन्तु ग्राम सभा पकड़ी, विकास खंड मोतीचक के ग्राम प्रधान और वहां के मतदाताओं ने बताया कि 30 दिसंबर तक बीएलओ ग्राम सभा में नहीं आई है और 30 दिसंबर को ग्राम सभा में चंद घंटों के लिए आई और परन्तु किसी भी नाम विलोपित हुए मतदाता से नहीं मिली फिर मजबूरन ग्राम सभा के संभ्रांत लोगों ने सूची से नाम कटे हुए लोगों का आधार कार्ड एकत्र करना शुरू किए और 31 दिसंबर को ग्राम प्रधान पकड़ी ई. प्रवीण निर्मल सिंह ने खंड विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी मोतीचक को एक बीएलओ की शिथिलता के सम्बन्ध में एक शिकायत पत्र दिया गया जिसमें बीएलओ की अपने दायित्वों का निर्वहन न करने के लिए कारवाही के साथ, ग्राम सभा के मतदाता सूची से विलोपित नाम को भी पुनः जोड़ने का आग्रह किया गया। ग्राम सभा के बलराम सिंह, विनोद सिंह, प्रदीप सिंह, अमृता, सच्चिदानंद मिश्र के साथ अन्य लोगों ने कारवाही की मांग की है।

## नये वर्ष में अमेठी में जेल, पुलिस लाइन, मेडिकल कॉलेज, सर्किट हाउस और डायट भवन का होगा लोकार्पण

- लगभग 600 करोड लागत की परियोजनाएं पूरी हुईं

**ललित कुमार/विजय भारती**




**अमेठी ।** जिले को नए साल 2026 में 600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। जिला प्रशासन इन नव-निर्मित परियोजनाओं के लोकार्पण की तैयारियों में जुटा हुआ है। इनमें जेल, पुलिस लाइन, मेडिकल कॉलेज और सर्किट हाउस जैसी कई प्रमुख योजनाएं शामिल हैं।

अमेठी को वर्ष 2015 में नया जिला बनाया गया था, जिसके बाद से यहां विकास योजनाओं ने गति पकड़ी। पिछले 10 वर्षों में कई सरकारी भवन बनकर तैयार हुए हैं, जिनमें से कुछ में काम शुरू हो चुका है। वहीं, कई बड़ी परियोजनाएं जो निर्माणाधीन थीं, वे अब पूरी हो चुकी हैं और जल्द ही उनका लोकार्पण किया जाएगा। वर्ष 2026 में जिन प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा, उनमें जिला जेल, पुलिस लाइन, जल जीवन मिशन की टंकियां, 11 अन्य भवन, मेडिकल कॉलेज, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (चत्तङ्क) के चार छात्रावास, सब रजिस्ट्रार कार्यालय, सर्किट हाउस, सैनिक कल्याण भवन और डीएम डीआईसी कार्यालय शामिल हैं। इन सभी परियोजनाओं की कुल लागत 600 करोड़ रुपये से अधिक है। जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि जनपद अमेठी लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है और पूरे प्रदेश में विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि नए वर्ष के पहले सप्ताह में 600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लोकार्पण की तैयारी की जा रही है। सक्षम स्तर से समय लेने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि इन सभी योजनाओं को जनता को समर्पित किया जा सके।

### जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान का भवन तैयार, लोकार्पण का इंतजार

**अमेठी।** नगर में पुराने जूनियर हाईस्कूल परिसर में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का भवन बनकर तैयार है।भवन का लोकार्पण अभी नहीं हुआ है। दिसंबर महीने में यहां ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू हो चुके हैं। हाल ही में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण यहीं सम्पन्न हुआ है।

## डीएम ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** गुरुवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर का स्थलीय निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए उपलब्ध आवास, भोजन, स्वास्थ्य, सुरक्षा, परामर्श एवं विधिक सहायता की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है, जहां उन्हें एक ही छत के नीचे त्वरित सहायता, संरक्षण एवं न्याय से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि यहां आने वाली प्रत्येक पीड़िता को संवेदनशीलता, सम्मान एवं पूर्ण गोपनीयता के साथ सहायता प्रदान की जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि चाइल्ड हेल्पलाइन बच्चों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र है, जिसके माध्यम से संकटग्रस्त बच्चों को तत्काल सहायता, संरक्षण एवं पुनर्वास उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा वन स्टॉप सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए।

# नए वर्ष पर बुद्ध स्थलीय पर लगा मेला, पनियहवा में पिकनिक स्पॉट का लोगों ने उठाया लुत्फ

- बौद्ध मंदिर, रामा भार स्तूप, मुख्य मंदिर सहित अन्य दर्शनीय स्थलों पर लोगो ने किया भ्रमण

**अवधनामा ब्यूरो**


नए वर्ष पर भगवान बुद्ध की दर्शन को उमड़े लोग, पनियहवा पुल के नीचे नौका बिहार का आनंद लेते और बुद्ध स्थलीय पर लगा मेले का दृश्य

**कुशीनगर।** नववर्ष के जश्न में गुरुवार को सभी लोग सराबोर नजर आए। बुधवार की मध्य रात्रि से ही आतिशबाजी और गीत-संगीत का जो कार्यक्रम शुरू हुआ, वह नए वर्ष के दिन भी जारी रहा। सुबह कुशीनगर के बौद्ध मंदिर, रामा भार स्तूप, मुख्य मंदिर सहित अन्य दर्शनीय स्थलों पर भ्रमण के अलावा लोगों ने मदनपुर देवी मंदिर में पूजा-अर्चना से नववर्ष की शुरुआत की। रामकोला का विश्वदर्शन मंदिर और पनियहवा पुल भी पिकनिक स्पॉट के रूप नजर आया। वहां काफी संख्या में लोगों ने मेले का लुत्फ उठाया।

हर वर्ष की भांति भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नववर्ष मेला संपन्न हो गया। सुबह से देर शाम तक लोगों की चहल-पहल रही। गोरखपुर मंडल सहित बिहार से भी आए लोगों ने कुशीनगर के बर्मी स्तूप, मुख्य मंदिर, माथा कुंवर मंदिर और रामा भार स्तूप तक पैदल चलकर महात्मा बुद्ध के दर्शन-पूजन किए। मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन काफी सतर्क दिखा।

मुख्य गेट से रामा भार स्तूप तक जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रही। सुबह से ही मुख्य मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ लग गई थी, जो देर शाम तक रही। लोगों ने बर्मी स्तूप, माथा कुंवर मंदिर और रामा भार स्तूप पर कतारबद्ध होकर दर्शन किए। इस दौरान प्रवेश वाले स्थलों पर लोगों की जांच भी की जा रही थी। मेले में आगंतुकों के लिए महात्मा बुद्ध की लेटी हुई प्रतिमा आकर्षण की केंद्र रही।

**मेले को सम्पन्न कराने के लिए चौकस रही पुलिस :** प्रशासन की ओर से मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरा इंतजाम किया गया था। इसके तहत मुख्य प्रवेश द्वार पर ही जांच के लिए पुलिस तैनात रही। डॉग स्क्वॉड की टीम भी मेला परिक्षेत्र का भ्रमण कर संदिग्ध वस्तुओं की जांच करते हुए देखी गई। बिड़ला धर्मशाला से प्रशासनिक अफसरों की ओर से कंट्रोल रूम बनाया गया था।

**रेत पर बने पिकनिक स्पॉट और नौका विहार का खूब लिया आनंद :** नए वर्ष के स्वागत के लिए पिकनिक मनाने आए लोगों के लिए पनियहवा पुल के पूरब साइड दो धाराओं के बीच बने पिकनिक स्पॉट का दृश्य मनमोहक था। पहली बार इस तरह का तैयार रेत पर बने पिकनिक स्पॉट को देखने और आनद लेने के लिए लोग उत्सुक थे। सुबह से ही लोग नौका विहार कर गंडक नदी में दूर दूर जाकर भ्रमण कर खुशी जाहिर की। वही गंडक नदी में स्नान के बाद सैलानी धूप सेकने के लिए लगी कुर्सियों पर लेट कर धूप का आंनद लिए। सैलानियों ने रेत पर बैठ कर खूब खुशी मनाई। नदी में कोई हताहत न हो इसके लिए खड्डा एसडीएम के निर्देश पर तैराकों की भी नियुक्ति की गई थी।

### पुल पर सेल्फी रोकने के लिए गश्त कर रही थी पुलिस

बगहा-पनियहवा पुल पर सेल्फी के दौरान प्रत्येक वर्ष होने वाले दुर्घटनाओं को देखते हुए इस वर्ष प्रशासन द्वारा व्यापक रूप से सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल बाइक से 900 मीटर लंबे पुल पर लगातार गश्त कर रहे थे कि कोई भी रेल ट्रैक पर या पुल की रेलिंग पर चढ़कर सेल्फी न ले रहा हो। वही भींड व पुलिस बल की संख्या में कमी के कारण पुलिस बल परेशान भी दिखे।

# मंडलायुक्त अजीत कुमार ने किया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

■ बाँदा में 'जीरो फैटिलिटी माह' के संकल्प के साथ निकली बाइक रैली

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ बुधवार को महाराणा प्रताप चौक, बाँदा में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मंडल अजीत कुमार (आईएएस) ने किया। यह आयोजन मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा किया गया। मंडलायुक्त अजीत कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा माह को 'जीरो फैटिलिटी माह' के रूप में मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में सर्वाधिक मौतें 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की होती हैं, जो कुल मृतकों का लगभग 53 प्रतिशत है। सरकार का लक्ष्य आगामी 5 वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों में 50 प्रतिशत तक कमी लाना है।

उन्होंने लोगों से हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने, रॉन्ग साइड ड्राइविंग व ओवरस्पीडिंग से बचने तथा कोहरे में सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की। साथ ही निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार होर्डिंग, पंपलेट, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाए। स्कूलों, कॉलेजों, ग्राम सभाओं और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से भी जागरूकता अभियान चलाया जाए।

परिवहन विभाग को राहवीर योजना, हिट एंड रन (सोलेशियम स्कीम) एवं कैशलेस उपचार योजना का प्रभावी प्रचार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने तथा नो हेलमेट‌्नो फ्यूल और नो हेलमेट‌्नो एंट्री अभियान को सख्ती से लागू करने के निर्देश भी दिए गए।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस (आईपीएस) ने उपस्थित जनसमूह को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इसके पश्चात मंडलायुक्त द्वारा स्लोगन युक्त प्रचार वाहनों एवं बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बाइक रैली महाराणा प्रताप चौराहा से शुरू होकर कालू कुआं, बाबूलाल चौराहा होते हुए राइफल क्लब मैदान पर संपन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी जे. रीभा (आईएएस), पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल (आईपीएस), आरटीओ सौरभ कुमार, आरटीओ (प्रवर्तन) उदयवीर सिंह, एआरटीओ श्यामलाल, एआरटीओ गुलाब चंद्र, पीटीओ वीरेन्द्र नाथ राजभर मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर ढाई घाट माघ मेले को लेकर तैयारियां पूर्ण

**शाहजहांपुर।** जनपद में प्रतिवर्ष लगने वाले माघ मेले की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। जिला पंचायत की ओर से गंगा तट ढाईघाट पर आयोजित किए जाने वाले माघ मेले की तैयारियों को लेकर शाहजहांपुर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और फर्रुखाबाद के अधिकारियों के बीच मेला परिसर में बुधवार को बैठक हुई। इसमें मेले की सुरक्षा को देखते हुए 100 से अधिक सीसी टीवी कैमरे लगाए जाने का निर्णय किया गया। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया भीड़ को नियंत्रण करने के लिए दो वॉच टावर बनाए जाएंगे वहीं भारी वाहन मेला क्षेत्र में प्रतिबंधित रहेंगे। जिलाधिकारी के मुताबिक कल यानी 3 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को वसंत पंचमी, एक फरवरी माघी पूर्णिमा एवं 15 फरवरी को महाशिवरात्रि को विशेष स्नान-पूजन संपन्न होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि आम जनता के लिए एक बाइपास एवं एक वीआईपी मार्ग का निर्माण किया गया है। श्रद्धालुओं के लिए मेला क्षेत्र में 300 हैंडपंप लगाए गए हैं तो विद्युत व्यवस्था के लिए जनरेटर के माध्यम से 300 ट्यूबलाइट, 400 बल्ब एवं 40 सर्चलाइट लगाए जाने की व्यवस्था की गई है। मुख्य घाटों पर महिलाओं के लिए कपड़े बदलने के लिए महिला घाट पर पांच चेंजिंग रूम का निर्माण भी कराया गया है।

# बाथरूम में स्नान करने गए युवक की दम घुटने से मौत



अवधनामा संवाददाता

■ गीजर गैस मानी जा रही मौत की असली वजह

**शाहजहांपुर।** जनपद में स्नान करते समय गैस गीजर से निकली गैस से दम घुटने के कारण एक 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई है! परिवार वालों की माने तो युवक सुबह-सुबह बाथरूम में स्नान करने गया इस दौरान युवक ने अंदर से गेट बंद कर लिए और जब काफी देर तक बाहर नहीं आया तो परिवार वालों ने बाहर से आवाज दी और जवाब न मिलने पर बाथरूम का गेट खोला गया तो वह बेहोशी हालत में पड़ा था जिसे परिवार वाले आनन-फानन में पुवायां स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है पूरा मामला जनपद के कस्बा पुवायां नगर की राधा विहार कॉलोनी का है जहां जितेंद्र त्रिवेदी का 17 वर्षीय पुत्र उमंग त्रिवेदी बाथरूम में नहा रहा था। बाथरूम में पानी गर्म करने के लिए गैस गीजर लगा हुआ था। काफी देर तक जब उमंग बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने उसे आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। आशंका होने पर परिजनों ने किसी तरह बाथरूम का दरवाजा तोड़ा। अंदर उमंग बेहोशी की हालत में पड़ा मिला।

परिजन उसे तुरंत पुवायां के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक तौर पर युवक की गैस गीजर से निकलने वाली गैस से दम घुटने के कारण मौत मानी जा रही है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां के डॉक्टर संजीव कुमार ने बताया युवक बेहोशी हालत में अस्पताल लाया गया था लेकिन जांच करने पर पता चला कि उसकी अस्पताल आने से पहले ही मौत हो चुकी थी उन्होंने बताया परिवार वाले बता रहे हैं कि स्नान करते समय गैस गीजर की गैस से दम घुटने के कारण मौत हुई है।

## डीएम व एसपी के हाथों ज़रूरतमन्दों को मिली कम्बल की सौगात



**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व अपर जिलाधिकारी अमित कुमार के साथ कलेक्ट्रेट जनता दर्षन में आये हुए दिव्यांगजन, निराश्रित, असहाय व जरूरतमंद गरीब बुजुर्गो को के साथ 50 अदद कम्बल का वितरण किया।

## श्रवण बाधित (बाधिर) व्यक्तियों को आसानी से मिलेगा ड्राइविंग लाइसेंस

**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के आदेष दिनांक 08 सितम्बर 2025 तथा मा. सी.सी.पी.डी. न्यायालय के परिपत्र के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के सभी जिले/क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों को 100 प्रतिशत श्रवण बाधित (बाधिर) व्यक्तियों को ड्राइविंग लाइसेंस जारी किये जाने एवं श्रवण बाधित (बाधिर) व्यक्तियों को उनकी श्रवण हानि के प्रतिशत की परवाह किये बिना निर्धारित ड्राइविंग परीक्षण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से जारी किये जाने के निर्देष निर्गत किये गये है। जारी आदेष में यह भी कहा गया है कि श्रवण बाधित (बाधिर) व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव या बाधा उत्पन्न न की जाय एवं बाधिर व्यक्तियों को ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न का सामना न करना पड़े।

## अत्यधिक ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत 15 जनवरी तक बन्द रहेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** अत्यधिक ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जनपद के अन्तर्गत संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 01 से 15 जनवरी 2026 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया जाता है। डीएम द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अवकाश अवधि में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं द्वारा लाभार्थियों को टेक होम राशन का वितरण, सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, वी.एच.एस.एन.डी. सत्रों में टीकाकरण, गृह भ्रमण, बच्चों का वजन एवं अन्य शासकीय कार्यों का सम्पादन पूर्ववत् किया जायेगा।

## कलेक्ट्रेट के चार पटल सहायकों की हुई पदोन्नति

**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट अमित कुमार ने बताया कि तहसील कैसरगंज में एम.जे. के पद पर कार्यरत विकास निगम, कलेक्ट्रेट के विविध लिपिक सै. माबूद आलम, राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट के प्रतिलिपिक इकबाल अहमद खां तथा कलेक्ट्रेट के डीएलआरसी अर्जित कुमार पाठक को प्रधान सहायक के पद पर पदोन्नति किया गया है। पदोन्नति कार्मिको की परिवीक्षा अवधि 02 वर्ष होगी।

## 05 जनवरी का अवकाष हुआ निरस्त

**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाशो की सूची के प्रस्तर-2 के बिन्दु (पअ) कार्यकारी अदेशो के अन्तर्गत की सूची के क्रमांश-1 पर स्थापित श्री गुरू गोविन्द सिह जयन्ती के अवकाष दिनांक 05 जनवरी 2026 को विलापित किया गया है।

## झोपड़ी में आग लगने से घरेलू सामान जलकर खाक

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में थाना खुटार क्षेत्र के गांव केसरपुर खुर्द निवासी रामवती पत्नी स्वर्गीय राम भजन के लिए नए साल का पहला दिन सबसे बुरा दिन रहा झोपड़ी में गुज़र बसर कर रही विधवा रामवती के मकान में 31 दिसंबर को अचानक आग लग गई सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची ग्रामीणों ने एकत्र होकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन जब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी मकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया रामवती ने बताया जिस समय आग लगी वह बाहर निकली और चीख पुकार की लोग आग बुझाने के लिए दौड़े प्रयास भी किया गया लेकिन आग नहीं बुझ सकी इस दौरान उसके मकान में रखे 5000 रुपए नगद चांदी की पायल महत्वपूर्ण दस्तावेज और चारपाई बिस्तर सहित घरेलू सामान जलकर खाक हो गया क्षेत्रीय लेखपाल मुनेंद्र मिश्रा ने बताया कि उन्हें आग लगने की सूचना मिली थी हर संभव मदद की जाएगी इस घटना के बाद जिला पंचायत सदस्य प्रवीण मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित महिला को खाद्य सामग्री सहित वस्त्र भेंट किए हैं

## वरिष्ठता सूची में संशोधन के लिए बीएसए से मिले गणित विज्ञान के शिक्षक




**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी वरिष्ठता सूची में संशोधन के लिए गणित विज्ञान के शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान शिक्षक जितेंद्र कुमार मौर्य ने 6 अगस्त 2013 के शासनादेश के क्रम में वरिष्ठता सूची जारी करने की मांग की जिसके अनुसार पदोन्नति से आए अध्यापक और सीधी भर्ती के अध्यापकों की वरिष्ठता सूची समन्वित करते हुए क्रमशः एक पदोन्नत शिक्षक और एक सीधी भर्ती के शिक्षक को रखा जाना है साथ ही टेट पास शिक्षकों का ही प्राथमिक स्तर से उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पद पर प्रमोशन के लिए वरिष्ठता सूची बनाए जाने की बात कही। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग की कि वरिष्ठता सूची में मौलिक नियुक्ति तिथि, उच्च प्राथमिक विद्यालय में पदोन्नति के दिनांक को रखा जाना चाहिए न कि प्रथम नियुक्ति तिथि को, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों की मांग पर आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही इस दौरान शिक्षक राजीव साहू, कृष्ण मोहन सिंह और मोहम्मद इसरार मौजूद रहे।

## अखिल भारत हिंदू महासभा ने डीएम व एसपी को किया सम्मानित

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** अखिल भारत हिंदू महासभा शाहजहांपुर द्वारा जिला अध्यक्ष अजय ठाकुर के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी शाहजहांपुर एवं पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के कार्यालय पहुंचकर वर्ष 2025 के दौरान जनहित में किए गए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए दोनों अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किया। जिला अध्यक्ष अजय ठाकुर ने कहा कि प्रशासन और पुलिस के बेहतर समन्वय से जिले में शांति व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, जिससे आम जनता को लाभ मिला है। इस अवसर पर अरुण टंडन, राम प्रकाश गुप्ता एवं दीपक ओमर उपस्थित रहे।

## आप की चुनावी रणनीति पर की गई बैठक



**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)** सुल्तानपुर जिले में आम आदमी पार्टी (आप) की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। तिकोनिया पार्क में आयोजित इस बैठक में पार्टी के आगामी चुनावी रोडमैप और संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुरेश गौतम के नेतृत्व में हुई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव आयोग और शासन के निर्देशानुसार बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति प्रक्रिया को प्रभावी बनाना था। आप नेता अख्तर राइन ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि पार्टी सांसद संजय सिंह के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक वार्ड और विधानसभा स्तर पर 100 प्रतिशत बीएलए की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसका लक्ष्य चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना है। बैठक के दौरान ओबीसी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अकबर अंसारी का स्वागत किया गया। उन्हें सुल्तानपुर में पिछड़े वर्ग को संगठित और मजबूत करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अख्तर राइन ने कहा कि आम आदमी पार्टी शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य और सम्मान की राजनीति करती है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी की जनोपयोगी नीतियां अब जन-जन तक पहुंच चुकी हैं और आने वाले समय में इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच और भी मजबूती से जाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश प्रजापति, प्रदेश सचिव, जिला महासचिव राम विलास तिवारी सहित संगठन के कई महत्वपूर्ण पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया।

# सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ, प्रचार वाहनों को दिखाई गई हरी झंडी

अवधनामा संवाददाता




**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा माह का विधिवत शुभारंभ गुरुवार को किया गया। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला, आरटीओ प्रशासन अलका शुक्ला और पीटीओ शैलेन्द्र तिवारी ने इसका उद्घाटन किया।अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो पूरे महीने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। इस अवसर पर परिवहन विभाग ने वाहनों पर हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग से संबंधित जागरूकता स्टीकर लगाए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। सभी ने नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सजग और जिम्मेदार बनना होगा। इसी क्रम में, नए वर्ष के पहले दिन से जनपद में सड़क सुरक्षा शपथ अभियान भी शुरू किया गया। आरटीओ अलका शुक्ला ने सभी जनपदवासियों से सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। शपथ ग्रहण के दौरान, लोगों ने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, तेज रफ्तार और गलत दिशा में वाहन न चलाने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त, ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने और सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने की भी शपथ ली गई। आरटीओ अलका शुक्ला ने बताया कि यह अभियान दो चरणों में चलेगा। पहले 15 दिनों में जागरूकता कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व और जीवन की अमूल्यता से अवगत कराया।

## सैकड़ों जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**सुलतानपुर।** इसौली विधानसभा क्षेत्र के कुड़वार ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा बभनगवां में भीम भवन युवा संगठन गरीब कल्याण समिति की ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष शहजाद अहमद ने शिरकत की और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।कड़ाके की ठंड में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों गरीब व असहाय लोगों को कंबल प्रदान कर राहत पहुंचाई गई। मुख्य अतिथि शहजाद अहमद ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सेवा ही सच्ची राजनीति है और ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक सौहार्द व मानवता को बल मिलता है। कार्यक्रम के आयोजक इंद्रजीत बौद्ध, सुरेश कुमार गौतम, सुल्तान खान, अमरीश कांत गौतम, सज्जाद रहमान, अनिल गौतम, सूरज प्रताप बौद्ध, मुन्ना सिंह, गंगा राम बौद्ध, हनुमंत बौद्ध, सुरकेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पर्यटकों को ग्रीटिंग कार्ड व हर टिकट के साथ स्क्रैच कूपन भी दिए गए

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क प्रबंधन द्वारा सोशल मीडिया के जरिए पर्यटकों को सफारी तक लाने के लिए शुरू किये गये प्रयास रंग ला रहे है। इटावा सफारी पार्क में बड़ी तादाद में वन्यजीव हैं लेकिन सबसे बड़ा आकर्षण एशियाटिक शेरों का है जिनको देखने के लिए पर्यटक यहां पहुंचते हैं तथा वर्तमान में इसके साथ लेपर्ड सफारी में लेपर्ड शावक भी आकर्षण के केन्द्र बने हुए है। इटावा सफारी पार्क के निदेशक डा.अनिल कुमार पटेल ने बताया कि 01 जनवरी 2026 को 2000 से ज्यादा पर्यटक सफारी भ्रमण के लिए आए। उनका कहना है कि सफारी का मुख्य आकर्षण एशियाटिक लॉयन रहते है, जिन्हें देखकर पर्यटक काफी खुश होते हैं।

# वक्फ सम्पत्तियों का विवरण दर्ज कराने की समयावधि में परिवर्तन

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि जनपद बहराइच के सुन्नी एवं शिया वक्फ सम्पत्तियों के मुतवल्लियों को सूचित किया जाता है कि उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल 2025 पंजीकृत वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड किये जाने हेतु मा. उ.प्र. वक्फ न्यायाधिकरण लखनऊ के आदेश 10 दिसम्बर 2025 द्वारा पुनः छः माह का समय बढ़ाया गया है, जिसके समादर में उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल, 2025 को पुनः वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड किये जाने हेतु खोल दिया गया है तथा यह उल्लेख किया गया है कि मेकर चेकर अप्रूवर प्रक्रिया को आसानी से पूरा करने के लिए बोर्ड कार्यालय द्वारा मेकर हेतु 15 फरवरी 2026, चेकर हेतु 15 अप्रैल 2026 तथा अप्रूवर हेतु 15 जून 2026 तक की समयावधि निर्धारित की गयी है। उन्होंनें बताया कि उ.प्र. सुन्नी/शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ द्वारा भी वक्फ सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर फीड किये जाने हेतु अप्रूवर, चेकर, मेकर व कोऑर्डिनेटर नामित किये गये हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि वक्फ सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर फीड कराये जाने के सम्बन्ध में कार्यालय स्तर पर हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है जिसमें सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ, मो.नं 9758072117 एवं वक्फ निरीक्षक मो.नं 8299415241 को डेस्क प्रभारी नामित किया गया है। बोर्ड द्वारा नियुक्त मुतवल्ली/ कोऑर्डिनेटरों को निर्देशित किया जाता है कि बोर्ड के निर्देशानुसार वक्फ सम्पत्तियों का सम्पूर्ण विवरण पोर्टल पर समयान्तर्गत फीड कराना सुनिश्चित करें।

# नव वर्ष नई ऊर्जा के साथ सबको सशक्त करें

■ खेल से ऊर्जा का बहुत बड़ा लगाव

■ आठवें दिन भिड़ी दस टीमें

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** विधायक खेल महाकुंभ के आठवें दिन गुरुवार को रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित हाइडिल मैदान में 10 टीमों के बीच कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल नई ऊर्जा का स्रोत है नव वर्ष में समस्त जन्म नई ऊर्जा का संचार अपने अंदर ग्रहण करें और जन कल्याणकारी कार्यों में अपने को लिप्त रखें विधायक खेल महाकुंभ 2025.26 के आठवें दिन कैनवस क्रिकेट मैच का। पहला मुकाबला चुर्क और डी ए वी के बीच ,नगर के पूर्व चेयरमैन जितेंद्र सिंह के द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया, डी ए वी की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 06 ओवर में 06 विकेट खोकर 72 रनों का स्कोर खड़ा किया, जवाब में चुर्क की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने निर्धारित ओवर में मात्र 35 रन ही बना सकी इस तरह से इस मुकाबले को डी ए वी की टीम 37 रनों से जीत कर आगामी मैच में अपनी जगह पक्की कर दूसरा कैनवास क्रिकेट मैच का मुकाबला चतरा और कोटा डाला मंडल के बीच, वरिष्ठ क्रिकेटर नवल बाजपेई के द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया , चतरा की टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 06 ओवर में 03 विकेट खो कर शानदार 129 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, चतरा की तरफ से अजित ने शानदार 9 छक्के की मदद से 65 रनों की पारी खेली,,जवाब में निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोटा डाला मंडल की टीम, अपने निर्धारित,07 ओवर में 6 विकेट खोकर मात्र 81 रन ही बना सकी इस तरह से चतरा की टीम ने इस मैच को 48 रनों से मैच को अपने नाम कर लिया। तीसरा कैनवस क्रिकेट मैच तहसील मोहाल और आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र टीम बीच राजेश चौबे व विकास मिश्रा के द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया, तहसील मोहाल की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 06 ओवर में 01, विकेट खोकर शानदार 117 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, तहसील मोहाल की तरफ से मानवेन्द्र ने 9 छक्के की मदद से शानदार 75 रनों की पारी खेली,जवाब में आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र की टीम निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 विकेट खोकर निर्धारित 06 ओवर में 35 रन ही बना सकी अतः इस मुकाबले को तहसील कालोनी की टीम 82 रनों से जीतकर आगामी मैचों में अपनी जगह पक्की कर ली। चौथा कैनवस क्रिकेट मैच मुनलाइट और बुडहर के बीच नगवा ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह के द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया, मुनलाइट की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 06 ओवर में 04 विकेट खोकर 82 रनों का स्कोर खड़ा किया ,जवाब में बुडहर की टीम निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए,06 विकेट खोकर मात्र 30 रन ही बना सकी अतःइस मुकाबले को मुनलाइट की टीम ने इस मुकाबले को 52 रनों से जीत लिया। पांचवा कैनवस क्रिकेट मैच का मुकाबला मुनलाइट और तहसील कालोनी के बीच युवा कल्याण विभाग के प्रभारी प्रदीप कुमार के द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया,मुनलाइट की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 06 ओवर में 03 विकेट खोकर 53 रनों का स्कोर खड़ा किया,जवाब में तहसील कालोनी की टीम निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 वे ओवर में इस मुकाबले को 8 विकेट से जीत कर आगामी मैच में अपनी जगह पक्की कर ली। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित , विधायक शभूपेश चौबे, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी नगवा ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह,व्यवसाई अमित दुबे ,पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा बलराम सोनी रॉबर्ट्सगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश मिश्रा प्रभात पटेल चुर्कमंडल अध्यक्ष दिलीप चौबे ,महेवा प्रधान रहे, विकाश मिश्रा, राजेश चौबे के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ ही नगर के अन्य गणमान्य गण व क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य / उ.रे. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14233-SLR-F2-PYGS-MUR-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14210-SLR-R1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 20402-SLR-F2-LKO-BSB-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14216-SLR-F2-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14210-SLR-F2- LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 24204-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 24204-SLR-F1- LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 20402-SLR-R1- LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14216-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14231-SLR-F1- PYGS-BST-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14233-SLR-R1-PYGS-MUR-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 24204-SLR-F2-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 13:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

4038/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एनटीपीसी विंध्याचल में भव्यता के साथ नववर्ष 2026 का स्वागत



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने 31 दिसंबर 2025 को डॉ. आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित भव्य संगीतमय संध्या के साथ नववर्ष 2026 का उल्लासपूर्ण स्वागत किया। यह आयोजन एनटीपीसी की स्वर्णिम 50 वर्षीय यात्रा को समर्पित रहा, जिसमें गौरव, गरिमा और सामूहिकता की भावना स्पष्ट रूप से झलकी। नववर्ष संध्या का यह उत्सव एनटीपीसी की उत्कृष्ट विरासत, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र निर्माण में उसके सतत योगदान का प्रतीक बना। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारीगण– ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण); एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम); एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम); डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं); रूमा दे शर्मा, प्रमुख (मानव संसाधन) तथा राकेश अरोड़ा, निदेशक (मानव संसाधन) के वरिष्ठ सहायक की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभागाध्यक्षों, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा मनीष कुमार राय, वरिष्ठ कमांडेंट (सीआईएसएफ) की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के आत्मीय स्वागत एवं केक कटिंग समारोह से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर दिया। इसके पश्चात प्रसिद्ध गायक-कलाकार शन्मुखा प्रिया एवं प्रियांग्शु दत्ता की सुमधुर और ऊर्जावान प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# ऑनलाइन ओपीडी रजिस्ट्रेशन व्यवस्था का हुआ शुभारंभ

**मरीज को कतार में लगने से मिलेगी राहत**

**अवधनामा ब्यूरो**

**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में नव वर्ष के दिन ओपीडी में आने वाले मरीज को ऑनलाइन ओपीडी रजिस्ट्रेशन सेवा की नई सौगात मिली। ओपीडी में कुलपति प्रोफेसर डॉ अजय सिंह ने ऑनलाइन ओपीडी रजिस्ट्रेशन सुविधा का शुभारंभ किया और कहा कि पर्चा बनवाने के लिए लंबी लाइन से अब मरीजों को राहत देने के लिए ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण सुविधा का शुभारंभ किया गया है। जिससे लोग आसानी से अपना पंजीकरण कर सकते हैं और ओपीडी स्टाफ द्वारा ओपीडी में आने वाले लोगों को इस सुविधा का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जाएगा, जिससे आम लोग इस सेवा का लाभ ले सकें। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमित सिंह ने बताया कि ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण की सुविधा से मरीज जब भी संस्थान में आकर दिखाएगें तब उनका डिजिटल डाटा उसके फोन पर होगा जिससे उसे और डॉक्टर को दोनों को लाभ होगा।



### ऑनलाइन ओपीडी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया

अस्पताल/स्वास्थ्य विभाग की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप व क्यूआर कोड स्कैन कर करें। Online OPD Registration विकल्प चुनें। मरीज का नाम, आयु, मोबाइल नंबर आदि विवरण भरें। विभाग/डॉक्टर एवं तिथि चुनें। सबमिट करने पर पंजीकरण संख्या/टोकन प्राप्त करें। ऑनलाइन ओपीडी रजिस्ट्रेशन के लाभ। मरीजों को सुविधा व पारदर्शिता। अस्पताल प्रशासन में बेहतर प्रबंधन। समय और संसाधनों की बचत। स्वास्थ्य सेवाओं की आसान पहुंच। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ रमाकांत, कुल सचिव दीपक वर्मा, संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ आदेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह एवं अन्य चिकित्सक गण उपस्थित रहे।

## तहसील परिसर में दलालों पर रोक के लिए लगे बैनर बने शोपीस



**मौदहा, हमीरपुर।** तहसील परिसर में दलालों व कमीशनखोरों के प्रवेश पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह और तहसीलदार शिखर मिश्रा द्वारा छह स्थानों पर स्लोगन व जागरूकता बैनर लगाए गए हैं। बैनरों में नामांतरण, वसीयतनामा आदि मामलों में दलाली और रिश्वत को अपराध बताया गया है तथा आमजन से इसकी सूचना अधिकारियों को देने की अपील की गई है। हालांकि तहसील परिसर में व्याप्त दलाली और भ्रष्टाचार को देखते हुए केवल बैनर लगाने से कितनी रोक लगेगी, इस पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने धरातल पर उतरकर देखी व्यवस्था



**पंजीकृत लेखपत्र का किया स्थल निरीक्षण, स्टाम्प शुल्क में कोई कमी नहीं**

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** जनपद हरदोई में जिलाधिकारी महोदय ने स्वयं धरातल पर उतरकर पंजीकृत लेखपत्र संख्या 12716 (दिनांक 20 अगस्त 2025) से संबंधित भूमि की स्थिति एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, उप निबन्धक सदर, लेखपाल एवं क्रेता की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। लेखपत्र के अनुसार विक्रेतागण रामशंकर सिंह, शिवशंकर एवं श्यामसुन्दर पुत्रगण श्यामपाल सिंह तथा श्रीमती रीता पत्नी श्यामपाल सिंह, निवासी ग्राम नयागांव मुबारकपुर, परगना गोपामऊ, तहसील सदर, जनपद हरदोई द्वारा भूखण्ड संख्या 767, कुल रकबा 0.1900 हेक्टेयर में से 0.0950 हेक्टेयर भूमि का विक्रय मेसर्स अन्वी आरव इंटरप्राइजेज, 49 आलूथोक हरदोई के पक्ष में किया गया था। क्रेता फर्म के पार्टनर आदित्य कुमार सिंह पुत्र मनेश्वर सिंह हैं। स्थल निरीक्षण के दौरान विक्रीत भूमि की चौहद्दी की भी पुष्टि की गई, जिसमें उत्तर दिशा में हरदोई लखनऊ मुख्य मार्ग तथा अन्य दिशाओं में संबंधित खेत स्थित पाए गए। मौके पर भूमि में कृषि कार्य होता हुआ पाया गया तथा विक्रीत भाग में किसी प्रकार का कोई वृक्ष नहीं पाया गया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि विक्रीत रकबा 0.0950 हेक्टेयर है, जो निर्धारित सीमा से कम होने के कारण मूल्यांकन सूची के सामान्य अनुदेश संख्या 12(अ) के तहत 950 वर्गमीटर क्षेत्र का मूल्यांकन 21,000 प्रति वर्गमीटर की दर से किया गया है। इस पर नियमानुसार स्टाम्प एवं निबन्धन शुल्क अदा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में लेखपत्र में अंकित सभी तथ्यों के अनुरूप ही मौके की स्थिति पाई गई। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संबंधित लेखपत्र में किसी भी प्रकार की स्टाम्प शुल्क की कमी नहीं पाई गई है।

## एनटीपीसी सिंगरौली में नववर्ष समारोह संपन्न



**सोनभद्र/सिंगरौली।** नववर्ष 2026 के पावन अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली में सौहार्द, उल्लास एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण एक भव्य एवं प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संदीप नायक, कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली ने समस्त कर्मचारियों एवं श्रमिकों के साथ नववर्ष की शुभकामनाओं का आत्मीय आदान-प्रदान किया। नववर्ष की शुभकामनाओं के प्रतीक स्वरूप कर्मचारियों को ग्रीटिंग कार्ड एवं गुलाब की कलियाँ भेंट की गईं, जिससे पूरे परिसर में अपनत्व, उत्साह और पारिवारिक वातावरण का संचार हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नायक ने कहा कि नववर्ष आत्ममंथन, सकारात्मक सोच और नए संकल्पों का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली की निरंतर प्रगति और सफलता में कर्मचारियों एवं श्रमिकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनटीपीसी में सुरक्षा (सेफ्टी) सर्वोपरि है और यही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता भी है। सुरक्षित कार्य संस्कृति, टीम भावना और सामूहिक प्रयासों के साथ आने वाला वर्ष और भी अधिक उपलब्धियों से परिपूर्ण होगा।

सुरक्षा के प्रति जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस अवसर पर सुरक्षा क्विज़ का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुरक्षा के प्रति अपने ज्ञान एवं सजगता का परिचय दिया।

यह कार्यक्रम 01 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न प्रशासनिक भवन लॉन में आयोजित किया गया, जहाँ केक कटिंग समारोह संपन्न हुआ। नववर्ष की खुशियाँ साझा करते हुए सभी संविदा श्रमिकों को भी अल्पाहार प्रदान किया गया, जिससे समावेशिता एवं सहभागिता का संदेश सशक्त रूप से उभरा।

इस अवसर पर नायक ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ यूनिट कंट्रोल बोर्ड का निरीक्षण भी किया।

## पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट



**सुमेरपुर, हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** गुरुवार को पशु बाजार के समीप पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि एक पक्ष के आधा दर्जन युवकों ने दूसरे पक्ष के एक युवक को हाईवे पर दौड़ा-दौड़ाकर डंडों से पीटा। युवक किसी तरह भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के एक-एक युवक को हिरासत में लिया है। घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है, हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि अवधनामा नहीं करता। कस्बा इंचार्ज संजय राय ने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व नवरात्र पर्व के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हुआ था, उसी रंजिश को लेकर गुरुवार को मारपीट की घटना हुई है। फिलहाल किसी भी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है।

## नववर्ष पर कंपनी की ओर से किया गया वृक्षारोपण



**सुमेरपुर, हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** नववर्ष के उपलक्ष्य में बहुराष्ट्रीय कंपनी यूआईएल की सहयोगी कंपनी बीम प्रोडक्ट एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 51 सागौन के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कंपनी प्रबंधन ने पौधरोपण कर नववर्ष का स्वागत करते हुए हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर राधेश्याम तिवारी, कंपनी मैनेजर एलबी सिंह, विकास कुमार, अंकित उपाध्याय, जयप्रकाश, बसंत कुमार, सुखलाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में वैदिक हवन के साथ हुआ नववर्ष का शुभारंभ

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल परिसर में नववर्ष का शुभारंभ गुरुवार को अत्यंत श्रद्धा, आस्था एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच ईश्वर स्मरण एवं वैदिक हवन के आयोजन के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिवार ने सामूहिक रूप से नववर्ष को सकारात्मक सोच, सेवा भावना एवं शैक्षिक उन्नयन के संकल्प के साथ प्रारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन डॉ.कैलाश चंद्र यादव एवं प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनके साथ विद्यालय के समस्त शिक्षकगण ने विधिवत हवन में आहुतियाँ प्रदान कीं। हवन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विश्व के कल्याण, मानव मात्र में प्रेम एवं सद्भावना, प्राणियों के प्रति करुणा तथा शिक्षा के व्यापक प्रसार की मंगल कामनाएँ की गईं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नववर्ष का आरंभ ईश्वर की आराधना से करना शुभ माना जाता है, जिससे संपूर्ण वर्ष सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ व्यतीत होता है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के भीतर संस्कार, एकाग्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं। हवन उपरांत चेयरमैन डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने समस्त विद्यालय परिवार को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज और राष्ट्र के निर्माण में पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल निरंतर प्रयासरत रहेगा। वहीं प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर जी ने नववर्ष को नई ऊर्जा, नवीन लक्ष्य और शैक्षिक उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्ण वातावरण एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन ने विद्यालय परिसर को आध्यात्मिकता, सकारात्मकता एवं उल्लास से परिपूर्ण कर दिया।

## संडीला में सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ, यातायात सुधार को लेकर लागू हुई नई रूट प्रणाली



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस अधीक्षक जनपद हरदोई के निर्देशन में शहरी यातायात पुलिस हरदोई द्वारा शासन की मंशानुसार सड़क सुरक्षा माह (जनवरी) का आयोजन संडीला बस अड्डा चौकी के सामने किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी संडीला नारायणी भाटिया द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर अनुज मिश्रा पुलिस उपाधीक्षक यातायात, संतोष कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक संडीला, अनिल सैनी यातायात निरीक्षक संडीला (हरदोई), स्थानीय थाना पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संडीला थाना क्षेत्र को आठ रूटों में विभाजित कर रूट प्रणाली लागू किए जाने की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि नई रूट व्यवस्था से यातायात जाम की समस्या में कमी आएगी तथा आम नागरिकों को सुरक्षित और सुचारु आवागमन में सुविधा मिलेगी। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आगे भी जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

## नव वर्ष मंगल मिलन कार्यक्रम



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** नव वर्ष मंगल मिलन कार्यक्रम के तहत कचहरी स्थित न्यू अधिवक्ता भवन कमरा नंबर 18 के नवीन चेंबर का शुभारंभ वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश चंद्र दुबे ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मनोज कुमार दीक्षित ने श्री दुबे को शाल उड़ाकर, बुके व पेन देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गोविंद चतुर्वेदी आशुतोष दीक्षित पवन कुमार मिश्रा अवधेश कुमार राजीव तिवारी महेश चंद्र संजय दुबे डी.के.मिश्रा पूर्व कोषाध्यक्ष रविंद्र चौहान बृजनेश कुमार मनोज गुप्ता, हाकिम सिंह आलोक कुमार सुरेश सविता आदि के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर दीक्षित पर एडवोकेट मनोज कुमार दीक्षित ने समस्त आगन्तको को गजक खिलाकर विदा किया।

# नये साल के पहले दिन गरीबों की मजदूरी पर डाका

**मुस्करा ब्लॉक में NMMS से फर्जी हाज़िरी का जाल**

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** मनरेगा में पारदर्शिता लाने के लिए लागू किया गया NMMS (नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम) ऐप हमीरपुर जनपद के मुस्करा ब्लॉक में अब संगठित फर्जीवाड़े और भ्रष्टाचार का औज़ार बनता नजर आ रहा है। काग़ज़ी मजदूरों के नाम पर फर्जी हाज़िरी, मनमानी और संदिग्ध फोटो अपलोड कर सरकारी धन पर डिजिटल डाका डाला जा रहा है।

**सर्दी में गर्मी की तस्वीरें, सिस्टम पर सवाल**

जब पूरा जनपद इस समय कड़ाके की ठंड से कांप रहा है, तब हस्त्र्ल ऐप पर अपलोड की गई कई तस्वीरें गर्मियों के मौसम की प्रतीत होती हैं। कुछ फोटो में मजदूर नंगे बदन दिखाई दे रहे हैं, जो मौजूदा मौसम से मेल नहीं खाते। यह संकेत देता है कि तस्वीरें या तो पुरानी हैं या जानबूझकर गलत समय की अपलोड की गई हैं।

1 जनवरी 2026, जब पूरी दुनिया नये साल के जश्न में डूबी हुई थी, उसी दिन मुस्करा ब्लॉक में भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े की नई पटकथा लिखी जा रही थी। पहाड़ी भिटारी, मुस्करा, बसवारी, मिहूना समेत दर्जनों ग्राम पंचायतों के मनरेगा रिकॉर्ड की पड़ताल में चौंकाने वाली विसंगतियाँ सामने आईं।

**मस्टर रोल और फोटो में बड़ा अंतर–** संख्या का खेलः मस्टर रोल में 10 मजदूर दर्ज, लेकिन फोटो में संख्या या तो कम है या जरूरत से ज्यादा।

**लिंग का घालमेलः** काग़ज़ों में दर्ज पुरुष-महिला अनुपात और फोटो में दिख रहे लोगों के बीच अंतर, फर्जी भुगतान की ओर इशारा करता है।



ग्राम पंचायतवार खुलासे

**ग्राम पंचायतः** मिहूना

मस्टर रोल संख्याः 6184

कार्यः सीताराम यादव के खेत से प्रेम नारायण त्रिपाठी के खेत तक नाला खुदाई

**हाज़िरीः 10 मजदूर**

**हकीकतः** अपलोड फोटो गर्मियों की प्रतीत होती है। फोटो में महिलाएं नजर नहीं आ रहीं, जबकि मस्टर रोल में महिलाओं की हाज़िरी दर्ज है।

**ग्राम पंचायतः बसवारी**

**मस्टर रोल संख्याः 5923**

हाज़िरीः 10 मजदूर (5 पुरुष, 5 महिला) **हकीकतः** फोटो में एक भी महिला मौजूद नहीं, ऊपर से फोटो भी गर्मियों की, जो नियमों की खुली अवहेलना है।

ग्राम पंचायतः पहाड़ी भिटारी

मस्टर रोल संख्याः 6113

कार्यः सोलिंग–देवकीनंदन के खेत से प्रेमचन्द्रा लोधी के खेत तक

हाज़िरीः 10 मजदूर

**हकीकतः** फोटो में निर्धारित संख्या से अधिक लोग नजर आ रहे हैं।

**नियमों की अनदेखीः**

Second Photo Not Uploaded

मनरेगा नियमों के अनुसार सुबह और शाम दोनों समय की फोटो अपलोड करना अनिवार्य है, लेकिन जांच में सामने आए सभी रिकॉर्ड में लाल अक्षरों में एक ही टिप्पणी दर्ज है–

"Second Photo is not uploaded!"

शाम की फोटो जानबूझकर अपलोड न करना यह दर्शाता है कि फर्जी उपस्थिति बनाए रखने और मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सुनियोजित साजिश रची जा रही है।

**उच्च स्तरीय जांच की मांग**

ग्रामीणों ने मनरेगा फंड में हो रहे इस डिजिटल डाके की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि इस पूरे खेल में शामिल तकनीकी स्टाफ से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों तक के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि गरीब मजदूरों के हक़ की लूट रोकी जा सके।

## नववर्ष पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चेकिंग अभियान व किया गया पैदलगस्त



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** नववर्ष की शुभ संध्या पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत शहर/देहात क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख स्थान रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप एवं होटलों की सघन चेकिंग एवं ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश। नववर्ष की शुभ संध्या पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनपद की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत शहर/देहात क्षेत्र अंतर्गत पुलिस बल के साथ पैदलगस्त कर प्रमुख स्थान रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप एवं होटलों की चेकिंग की गई तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की भी चेकिंग कर ड्यूटी सतर्कता, टर्नआउट एवं सतर्क रहकर कर्तव्य निर्वहन के निर्देश दिए गए। जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु इटावा पुलिस द्वारा निरंतर सतर्कता बरती जा रही है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नववर्ष-2026

**सोनभद्र/बीजपुर (अवधनामा संवाददाता)** एनटीपीसी रिहंद परियोजना के प्रशासनिक भवन एवं सर्विस बिल्डिंग स्टेज-1 में नववर्ष 2026 का स्वागत उत्साहपूर्वक केक काटकर किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (रिहंद) अनिल श्रीवास्तव ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के लिए उपलब्धियों से भरा रहा है और सभी के सामूहिक प्रयासों से परियोजना ने निरंतर प्रगति की है।अपने संबोधन में श्रीवास्तव ने यह भी उल्लेख किया कि विद्युत उत्पादन के परंपरागत क्षेत्रों के साथ-साथ एनटीपीसी हरित एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2030 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में त्रिवेणी एवं कल्याण केंद्र में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नववर्ष का स्वागत किया गया। इन कार्यक्रमों में कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नव वर्ष का स्वागत किया।

# बिलग्राम विधानसभा में हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम (हरदोई)** बिलग्राम विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बृजेश वर्मा 'टिल्लू' द्वारा बौद्ध बिहार परिसर में आयोजित विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम की चर्चा पूरे बिलग्राम विधानसभा क्षेत्र में दिनभर बनी रही। कार्यक्रम की भव्यता, जरूरतमंदों की भारी भीड़ और जनसेवा की भावना ने इसे एक ऐतिहासिक जनकल्याणकारी अभियान बना दिया।

विशेष बात यह रही कि यह कार्यक्रम उप जिलाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय के नजदीक आयोजित किया गया, जिसके चलते यह आयोजन आमजन ही नहीं बल्कि प्रशासनिक हलकों में भी चर्चा का विषय बना रहा। राहगीरों और आसपास के क्षेत्रों में मौजूद लोगों की निगाहें इस सेवा कार्य पर टिकी रहीं।

जहां मौजूदा सरकार नहीं पहुंची, वहां समाजवादी पार्टी आगे आई जरूरतमंदों की जुबानी



**उप जिलाधिकारी कार्यालय के निकट आयोजन बना जनचर्चा का केंद्र**
**1800 जरूरतमंदों को मिली राहत**

कार्यक्रम में कंबल प्राप्त करने वाले जरूरतमंदों ने खुले तौर पर कहा कि जब मौजूदा सरकार ने हमारी सुध नहीं ली, तब पूर्व प्रत्याशी बृजेश वर्मा 'टिल्लू' और समाजवादी पार्टी ने आगे आकर ठंड से राहत देने का काम किया। जरूरतमंदों का कहना था कि इस भीषण ठंड में कंबल उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने इस मानवीय पहल के लिए बृजेश वर्मा 'टिल्लू' और समाजवादी पार्टी का आभार व्यक्त किया।

जनसेवा बनी राजनीति से ऊपर इस अवसर पर बृजेश वर्मा 'टिल्लू' ने कहा कि सेवा किसी पद की मोहताज नहीं होती। जब तक जनता को हमारी जरूरत है, हम हर समय उनके साथ खड़े रहेंगे। समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुँचाना ही हमारा संकल्प है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसेवा का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और जरूरत पड़ने पर ऐसे कार्यक्रम हर गांव और हर जरूरतमंद तक पहुंचाए जाएंगे। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मजबूत मौजूदगी कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से विधानसभा अध्यक्ष अनुराग यादव विधानसभा उपाध्यक्ष खुशनूर प्रदेश सचिव अफसर अली नगर अध्यक्ष शब्बू खान वी.पी. पटेल, मुनेन्द्र यादव, राजू खान, अवधेश यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, सामाजिक प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

पूरे विधानसभा क्षेत्र में बनी चर्चा कार्यक्रम के बाद यह आयोजन गांव-गांव, चौराहों और बैठकों में चर्चा का विषय बना रहा। लोगों का कहना था कि यह कार्यक्रम न सिर्फ राहत देने वाला था, बल्कि यह संदेश भी दे गया कि जनसेवा जमीन पर उतरकर कैसे की जाती है।

## एकता और संकल्प के साथ एनटीपीसी विंध्याचल मे धूम-धाम से मना नववर्ष 2026



**सोनभद्र/विंध्यनगर (अवधनामा संवाददाता)** एनटीपीसी विंध्याचल में प्रशासनिक भवन की प्रथम तल की टैरेस पर आयोजित आत्मीय समारोह के साथ नववर्ष 2026 धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर केक कटिंग के साथ सादगीपूर्ण किंतु भावपूर्ण आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें संगठन की एकता और सामूहिक संकल्प की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में डेस्क कैलेंडर-2026 का भव्य अनावरण किया गया। डेस्क कैलेंडर-2026 का यह अनावरण एक महत्वपूर्ण एवं भावनात्मक क्षण रहा, जो एनटीपीसी विंध्याचल की समावेशी विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता और वर्ष भर चलने वाली सीएसआर पहलों का प्रतीक है। कार्यक्रम में संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण); एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम); एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम); रूमा दे शर्मा, प्रमुख (मानव संसाधन, विंध्याचल); देबस्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) तथा राकेश अरोड़ा, निदेशक (मानव संसाधन) के वरिष्ठ सहायक की गरिमामयी उपस्थिति रही।

उत्तर प्रदेश सरकार

# कोहरे में विशेष सावधानी अपनायें सुरक्षा के साथ जिम्मेदारी निभायें

## कोहरे की स्थिति में वाहन चलाते समय निम्न सावधानियां जरूर बरतें

- ✓ अधिक धुंध की स्थिति में अति आवश्यक होने पर ही यात्रा करें
- ✓ पहले से यात्रा की योजना बनायें तथा निकलने से पहले पूरे रास्ते के मौसम का पूर्वानुमान जांच लें
- ✓ धीमी गति से वाहन चलायें तथा अपनी लेन में ही चलें
- ✓ वाहन चलाते समय हेडलाइट लो बीम पर रखें
- ✓ फॉग लाइट तथा डी-फॉगर का उपयोग करें
- ✓ एक वाहन से दूसरे वाहन के बीच उचित दूरी बनाये रखें
- ✓ वाहन में वाइपर चलाये रखें तथा विंडशील्ड और खिड़की के शीशे साफ रखें
- ✓ वाहन मोड़ने से पहले कम से कम 10 सेकंड तक इंडिकेटर का उपयोग करें
- ✓ वाहनों में मानक के अनुसार रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगायें
- ✓ नींद, थकान एवं नशे की हालत में वाहन न चलायें
- ✓ वाहन को पार्किंग/चिह्नित स्थानों के अलावा कहीं और न रोकें

टोल फ्री नंबर

**आपातकालीन स्थिति में डायल करें 112/108**

**वाहन नियंत्रित चलायें अमूल्य जीवन बचायें**



UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश